শৰ্মা হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 350 | गुवाहाटी | बुधवार, 19 जुलाई, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/

गुवाहाटी में चाय की दुकान पर पहुंचे बॉलीवुड अभिनेता आशीष विद्यार्थी पेज 3
प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में विपक्ष की बैठक को बताया कट्टर भ्रष्टाचारी सम्मेलन पेज 4
सरकारी नौकरी निकलते ही झोला लेकर वसूली पर निकल पड़ते थे ... पेज 5
राजस्थान विधानसभा : किसान कर्ज माफी मुद्दे पर भाजपा का हंगामा पेज 8

# 2024 : एक दूसरे को साधने के लिए तैयार सत्ता-विपक्ष

## लोस चुनाव में एनडीए को यूपीए नहीं इंडिया देगा टक्कर




**बेंगलुरु।** आगामी 2024 लोकसभा चुनाव का रोडमैप तैयार करने में विपक्ष जुट चुकी है। बेंगलुरु में संयुक्त विपक्ष की दूसरे दिन की बैठक में कांग्रेस समेत कुल 26 दल के नेता शामिल हुए। बैठक में विपक्षी दलों के गुट को एक नया नाम मिल गया है। अब इस गुट को *इंडिया* के नाम से पुकारा जाएगा। ये सभी विपक्षी दल इंडिया गठबंधन का हिस्सा होंगे। यूपीए का नाम बदलकर इंडिया कर दिया गया है। यूपीए का नाम बदलने का प्रस्ताव कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पेश किया, जिसका सभी ने समर्थन किया। इंडिया का फुल फॉर्म है इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इन्क्लूसिव एलायंस। गौरतलब है कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी यूपीए (यूपीए) की जगह अब विपक्षी दलों के गुट को इंडिया कहा जाएगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आधिकारिक रूप से गुट का नाम बदलने का एलान कर दिया है। बेंगलुरु में आयोजित हुए इस बैठक में कांग्रेस समेत कुल 26 दल के नेता शामिल हुए। नेताओं की बात करें तो -शेष पृष्ठ दो पर

### क्या आप इंडिया को चुनौती दे सकते हैं : ममता

**बेंगलुरु।** सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ संयुक्त मोर्चा बनाने की रणनीति तैयार करने के लिए बेंगलुरु में महत्वपूर्ण विपक्षी दलों की बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। दो दिवसीय बैठक के अंत में सभी 26 -शेष पृष्ठ दो पर

## नकरात्मकता के साथ बने गठबंधन कभी भी सफल नहीं हो पाए : पीएम

**नई दिल्ली।** एनडीए के घटक दलों के साथ मंगलवार को हुई बैठक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। बैठक के बाद पीएम मोदी ने विपक्ष पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब गठबंधन सत्ता की मजबूरी से होता है, जब गठबंधन भ्रष्टाचार के इरादे से हो, जब गठबंधन परिवारवाद की नीति पर आधारित हो, जब गठबंधन जातिवाद और क्षेत्रवाद को ध्यान में रखकर किया जाता है तो वह गठबंधन देश को बहुत नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि एनडीए के 25 वर्षों की इस यात्रा के साथ एक और संयोग जुड़ा है। ये वह समय है, जब हमारा देश आने वाले 25 वर्षों में एक बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कदम बड़ा रहा है। ये लक्ष्य विकसित भारत का है, आत्मनिर्भर भारत का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक तरह से एनडीए अटल जी की एक ओर विरासत है, जो हमें जोड़े हुए है। एनडीए के निर्माण में आडवाणी जी ने भी बहुत अहम भूमिका निभाई थी और वो आज भी हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में एनडीए के गठन के 25 साल पूरे हुए हैं। ये 25 वर्ष देश की प्रगति को गति देने और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करने के रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि राज्यों के विकास से देश का विकास, इस मंत्र के साथ एनडीए ने हमेशा काम -शेष पृष्ठ दो पर



*विपक्षी गुट इंडिया पर हिमंत का तंज, कहा–*

## औपनिवेशिक विरासतों से मुक्त होने की जरूरत

**गुवाहाटी / नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को गठबंधन का नाम *इंडिया* रखने के लिए विपक्षी गुट की आलोचना करते हुए कहा कि हमें खुद को औपनिवेशिक विरासतों से मुक्त करने की जरूरत है। बेंगलुरु में आज विपक्ष -शेष पृष्ठ दो पर

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## परिसीमन प्रक्रिया असमिया लोगों के लिए 92-93 सीटों पर निर्णायक भूमिका निभाने का मार्ग प्रशस्त करेगी : मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा शर्मा ने आज कहा कि परिसीमन अभ्यास से असमिया लोगों को केवल 75-76 सीटों के बजाय 92-93 सीटों पर महत्वपूर्ण आवाज उठाने का मौका मिलेगा। शर्मा ने माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर आगे कहा कि एनआरसी और असम समझौते के बाद, अगर वे कांग्रेस की साजिश के सिद्धांत पर चलते हैं तो असमिया लोगों को नुकसान होगा। परिसीमन प्रक्रिया असमिया लोगों के लिए 75-76 सीटों के बजाय 92-93 सीटों पर निर्णायक भूमिका निभाने का मार्ग प्रशस्त करेगी। उन्होंने ट्वीट किया कि अगर हम कांग्रेस की साजिश के सिद्धांत में फंस गए, तो एनआरसी और असम समझौते के बाद



असम के लोगों को लगातार तीसरी बार नुकसान होगा। गौरतलब है कि जब से परिसीमन की प्रक्रिया शुरू हुई है, तब से असम में राजनीतिक दल परिसीमन आयोग के बजाय इंडिया निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा की जा रही इस कवायद पर अपना असंतोष व्यक्त कर रहे हैं। इस संबंध में ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) ने सुप्रीम कोर्ट (एससी) का दरवाजा खटखटाया है. पार्टी यह तर्क दे रही है कि 2008 में यूपीए सरकार द्वारा प्रासंगिक अधिनियमों में किए गए संशोधनों ने ईसीआई को पर्याप्त जवाबदेही के बिना परिसीमन की शक्तियां प्रदान कीं। एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते -शेष पृष्ठ दो पर

### परिसीमन को लेकर ईसी ने सुनवाई की सीमा बढ़ाई

**गुवाहाटी (हि.स.)।** चुनाव आयोग ने निर्वाचन क्षेत्र के पुनर्निर्धारण पर जनसुनवाई करने के लिए पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में कुछ बदलाव किए हैं। इस संबंध में आयोग ने नया संशोधित कार्यक्रम की अधिसूचना जारी कर दी है। जानकारी मिली है कि आयोग की टीम 19 जुलाई को श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र के श्रीमंत शंकरदेव अंतर्राष्ट्रीय सभागार में कामरूप मेट्रो, वेस्ट कार्बी आंग्लांग, चिरांग, बाक्सा और डीमा हसाओ जिलों के प्रतिनिधियों के -शेष पृष्ठ दो पर

## राज्य में 32 हजार और नौकरियां देने की प्रक्रिया जारी : सीएम



**गुवाहाटी (हि.स.)।** असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि 32 हजार और बेरोजगारों को सरकारी नौकरियां देने की प्रक्रिया चल रही है। चालू वर्ष के 10 सितंबर के पहले 32 हजार से अधिक सरकारी पदों के लिए विज्ञापन जारी किया जाएगा। इसके साथ ही एक लाख नौकरी देने का उनका वादा पूरा हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने अपने एक ट्वीट संदेश में कहा कि गृह विभाग में 4,097 पदों, स्वास्थ्य विभाग में 5,105, शिक्षा विभाग में 10,299, पंचायत और -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## पत्रकारों की अवैध छंटनी के खिलाफ 9 अगस्त को संसद के सामने होगा प्रदर्शन



**नई दिल्ली (हि.स.)।** अखबारों, टीवी चैनलों और न्यूज एजेंसियों से पत्रकारों और कर्मचारियों को अवैध तरीके से निकाले जाने के खिलाफ 9 अगस्त को संसद भवन के सामने कन्फेडरेशन ऑफ न्यूजपेपर्स एंड न्यूज एजेंसीस इम्पलाइज आर्गेनाइजेशन की तरफ से विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपे जाएंगे। इस प्रदर्शन में देशभर से मीडियाकर्मी हिस्सा लेंगे। कन्फेडरेशन के अध्यक्ष रास बिहारी और महासचिव एम.एस. यादव ने मंगलवार को बताया कि देशभर में अखबारों और टीवी चैनलों से पत्रकारों और गैरपत्रकार कर्मचारियों को बड़े पैमाने पर नौकरी से निकाला जा रहा है। इससे पहले कोरोना काल में महामारी के बहाने लाखों कर्मचारियों को मीडिया प्रतिष्ठानों से बिना मुआवजा निकाला गया था। -शेष पृष्ठ दो पर

*विपक्षी बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे का बड़ा बयान*

## प्रधानमंत्री पद की रेस में नहीं है कांग्रेस

**बेंगलुरु।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए एकजुट हो रहे विपक्षी खेमे से बड़ी खबर सामने आई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बेंगलुरु में हो रही बैठक में प्रधानमंत्री पद को लेकर बयान दिया और कांग्रेस को इसकी रेस से दूर बताया। जब विपक्षी एकता की कवायद शुरू हो रही थी तभी से ये सवाल पूछा जा रहा था कि आखिर नरेंद्र मोदी के मुकाबले कौन खड़ा होगा, अब पीएम पद की रेस पर कांग्रेस अपना रुख साफ करती नजर आ रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री पद को लेकर अहम बयान दिया। मल्लिकार्जुन खरगे बोले कि मैं एमके स्टालिन के जन्मदिन पर पहले ही चेन्नई में बता चुका हूं कि कांग्रेस सत्ता या प्रधानमंत्री पद में इच्छुक नहीं है। इस बैठक का मकसद सिर्फ सत्ता हासिल करना नहीं है, ये संविधान को बचाने, लोकतंत्र और सोशल जस्टिस को बचाने के लिए कोशिश की जा रही है। विपक्षी पार्टियों की बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे ने इस संगठन के एजेंडे पर बात की। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम जानते हैं कि राज्य के लेवल पर हमारे बीच कई तरह के मतभेद हैं, लेकिन ये -शेष पृष्ठ दो पर



### भोपाल एयरपोर्ट पर सोनिया और राहुल के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**भोपाल।** भोपाल एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेता सोनिया और राहुल गांधी के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की गई है। बता दें कि आज बेंगलुरु में संयुक्त विपक्ष की बैठक का आयोजन किया गया। दोनों इस बैठक में शिरकत करने के बाद वापस दिल्ली लौट रहे थे। जानकारी के मुताबिक, खराब मौसम के चलते उनके विमान की यह आपात लैंडिंग कराई गई। इसके बाद वे दिल्ली रवाना होंगे।

### मणिपुर हिंसा : आईजीपी के वाहन को लगाई आग, 30 लोग गिरफ्तार

**इंफाल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर पुलिस के महानिरीक्षक (आईजी) के वाहन में आग लगाने के आरोप में करीब 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मणिपुर पुलिस ने बताया कि उक्त घटना में शामिल और लोगों को पकड़ने के लिए छापेमारी जारी है। इसमें ड्राइवर के घायल होने की खबर है। पुलिस के मुताबिक महिलाओं सहित सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने मणिपुर में इंफाल शहर के दक्षिणी हिस्से में इंफाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की सड़क पर क्वाकीथेल में आईजीपी (खुफिया) कबीब के आवंटित वाहन को आग लगा दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दमकल की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया, -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*आग में आग नहीं डालनी चाहिए। अर्थात क्रोधी व्यक्ति को अधिक क्रोध नहीं दिलाना चाहिए।*

– **आचार्य चाणक्य**

### न्यूज गैलरी

#### बदरुद्दीन अजमल के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**लखीमपुर (हि.स.)।** असमिया युवा मंच की शिकायत पर असम के ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के प्रमुख और धुबड़ी से लोकसभा सदस्य मौलाना बदरुद्दीन अजमल के विरुद्ध आज यहां पुलिस थाने में एफआईआर (प्राथमिकी) दर्ज हुई है। शिकायत में उन पर सार्वजनिक रूप से हिंदुओं की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। यह एफआईआर असमिया युवा मंच के केंद्रीय समिति के कार्यकारी अध्यक्ष धर्मकांत गोगोई की शिकायत पर -शेष पृष्ठ दो पर

## विहंगम योग संत समाज के शताब्दी समारोह महोत्सव का जम्मू में भव्य आयोजन

**रूपेश राज**

**जम्मू।** विहंगम योग संत समाज के शताब्दी समारोह महोत्सव एवं 25000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ के निमित्त स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक संत प्रवर पूज्य श्री विज्ञानदेव जी महाराज के पावन सान्निध्य में कश्मीर से कन्याकुमारी तक राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा का शुभारंभ हो गया है। इस कड़ी में संत प्रवर 17 जुलाई को श्रीनगर पहुंचे, जहां पर उन्होंने बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों को संबोधित किया। संत प्रवर आज जम्मू स्थित जम्मू क्लब में विहंगम योग के साधक शिष्यों के अलावा धर्म परायण श्रद्धालु भक्तों के साथ-साथ अधिकारियों एवं बुद्धिजीवियों -शेष पृष्ठ दो पर





**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# पूर्वोत्तर में गरीबी से बाहर निकलने वाले लोगों की संख्या असम में सबसे अधिक : नीति आयोग



**गुवाहाटी।** नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी द्वारा सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, 2015-2016 और 2019-2021 के बीच असम में 46 लाख लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले। नीति आयोग के सदस्यों डॉ. वी. के. पॉल और डॉ. अरविंद विरमानी और नीति आयोग के सीईओ बी.वी. आर. सुब्रमण्यम की उपस्थिति में जारी रिपोर्ट राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक: एक प्रगति समीक्षा 2023 में कहा गया है कि रिकॉर्ड 13.5 करोड़ लोग इंडिया को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला गया। जहां देश में बहुआयामी गरीबों की संख्या में 9.89 प्रतिशत अंकों की गिरावट दर्ज की गई, जो 2015-2016 में 24.85 फीसदी से घटकर 2019-2021 में 14.96 फीसदी हो गई, वहीं असम में इसी अवधि में 13.30 प्रतिशत अंकों की गिरावट दर्ज की गई। 2015-2016 और 2019-2021 के बीच असम में कुल 46,87, 451 लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले। मणिपुर में कुल 2,81,803 लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले। इसके बाद 2,14,354 के साथ नगालैंड, 1,56,738 की आबादी के साथ मेघालय, इसके बाद 1,43,237 के साथ त्रिपुरा, 54,665 के साथ मिजोरम और 8,326 की आबादी के साथ सिक्किम है। असम में, बहुआयामी गरीबों का अनुपात 2015-2016 में 32.65 प्रतिशत से घटकर 2020-2021 में 19.35 प्रतिशत हो गया है। अरुणाचल प्रदेश में 10.48 प्रतिशत, नगालैंड में 9.73 प्रतिशत, मणिपुर में 8.86 प्रतिशत, मेघालय में 4.76 प्रतिशत, त्रिपुरा में 3.50 प्रतिशत और सिक्किम में 1.21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। नवीनतम राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2019-2021) के आधार पर, राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) का यह दूसरा संस्करण दो सर्वेक्षणों, एनएफएचएस-4 (2015-16) और एनएफएचएस-5 के बीच बहुआयामी गरीबी को कम करने में इंडिया की प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। (2019-21)। यह नवंबर 2021 में लॉन्च की गई इंडिया की राष्ट्रीय एमपीआई की बेसलाइन रिपोर्ट पर आधारित है। अपनाई गई व्यापक कार्यप्रणाली वैश्विक पद्धति के अनुरूप है। राष्ट्रीय एमपीआई स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर के तीन समान रूप से भारित आयामों में एक साथ अभावों को मापता है जो 12 एसडीजी-संरेखित संकेतकों द्वारा दर्शाए जाते हैं।

## देबूलाल गार्लोसा के विरुद्ध कांग्रेस का प्रदर्शन

**गुवाहाटी (हिंस)।** असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) ने डीमा हसाओ में हत्या के एक मामले में आरोपितों को कड़ी सजा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। मंगलवार को गुवाहाटी में राजीव भवन के सामने सुबह 11 बजे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता देबब्रत सैकिया, रकीबुल हुसैन, राणा गोस्वामी, जाकिर हुसैन सिकदर और तमाम कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस मौके पर पार्टी अध्यक्ष भूपेन बोरा ने कहा कि अगर इस मामले में आरोपितों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं की जाती है तो इस मामले को विधानसभा के पटल पर रखा जाएगा। इस मुद्दे को आगामी लोकसभा चुनाव में भी उठाया जाएगा। दरअसल, वर्तमान डीमा हसाओ स्वायत्त परिषद के मुख्य कार्यकारी सदस्य देबूलाल गार्लोसा के खिलाफ हबीबुल रहमान नामक कांस्टेबल की हत्या का मामला कोर्ट में लंबित है। गार्लोसा पर आरोप है कि उन्होंने मामले के एक गवाह विकास थाउसेन को मुकदमे में गवाही देने से धमकी देकर रोकने की कोशिश की।

## श्रीरामपुर में गांजा के साथ दो गिरफ्तार



**कोकराझाड़ (हिंस)।** जिले की श्रीरामपुर पुलिस ने गोसाईगांव के श्रीरामपुर में सोमवार की रात एक सूचना के आधार पर टाटा सफारी कार से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया। पुलिस ने कार सवार दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों लोगों की पहचान उत्तर प्रदेश के निवासी सौरव प्रताप सिंह और दीपू कुमार के रूप में हुई है। बरामद गांजे का वजन 96.445 किलोग्राम है। आरोपी यह गांजा रंगिया से उत्तर प्रदेश ले जा रहे थे। पुलिस केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## उपद्रवियों ने महिला के घर में लगाई आग

**गुवाहाटी (हिंस)।** राजधानी के नूनमाटी स्थित रामसिंह चापरी में शरारती तत्वों ने एक महिला के घर में आग लगा दी गई। घर में आग लगने के समय वहां कोई मौजूद नहीं था, लेकिन घर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। आग से लाखों रुपए की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है। पीड़ित ने एक व्यक्ति पर आग लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस जांच कर रही है। नूनमाटी थाना पुलिस के अनुसार शरारती तत्वों ने रिंकू देवी नामक महिला के आवास में आग लगा दी। हालांकि, स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। इस बीच राधे नामक एक स्थानीय व्यक्ति पर आरोप लगाया गया है कि वह कथित तौर पर आग लगाने में शामिल था। पीड़िता रिंकू देवी ने इस संबंध में नूनमाटी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस जांच कर रही है।

## शिवसागर के दिखौ नदी में भीषण बाढ़, एक की मौत

**शिवसागर (हिंस)।** शिवसागर जिले में दिखौ, दिसांग और दरिका नदियों में बढ़ते जलस्तर से लोगों का जनजीवन संकट में है। दिखौ और दिसांग नदियों के जलस्तर में असाधारण वृद्धि के कारण कई इलाके जलमग्न हो चुके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार हजारों लोगों ने आश्रय शिविरों में शरण ली है। हजारों पालतू जानवर प्रभावित हुए हैं। पुलिस ने आज बताया कि दिखौ नदी के बाढ़ के पानी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार चेरेकापार शिमलूतल में दिखौ नदी का बढ़ता पानी मृतक को बहा ले गया। स्थानीय लोगों ने व्यक्ति को पानी से निकाल लिया। लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। व्यक्ति की पहचान कुशल राभा (45) के रूप में हुई है। शिवसागर शहर के आसपास के क्षेत्रों सहित कई राजस्व गांव बाढ़ के पानी की चपेट में हैं। शिवसागर शहर का नापाम गांव दिखौ नदी के पानी में डूब गया है। शालमरिया में अभी भी सड़क पर पानी बह रहा है। इधर, आज सुबह से ही कोंवरपुर के बलियाघाट को जोड़ने वाली सड़क के ऊपर से दिखौ नदी का पानी तेज गति से बहने लगा है। नतीजतन, पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी की स्थिति है। इसी प्रकार दिखौ और दिसांग नदियों के किनारे कई स्थानों पर बाढ़ के पानी ने लोगों को परेशान कर दिया है। उल्लेखनीय है कि दिखौ और दरिका नदियों का जलस्तर स्थिर हो गया है। लेकिन दिसांग नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। जल संसाधन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार दिखौ नदी का पानी खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। नाजिरा में भी दिखौ नदी खतरे के निशान से एक मीटर ऊपर और शिवसागर में 1.47 मीटर से अधिक बह रही है। इसी तरह, दिसांग नदी पाटसांको में 0.80 मीटर और नंगलामरा में 0.46 मीटर ऊपर बह रही है।

## ड्रग्स के साथ पकड़े गए सेंट्रल जेल के दो गार्ड निलंबित

**गुवाहाटी (हिंस)।** ड्रग्स के साथ पकड़े गए सेंट्रल जेल के दो गार्डों को निलंबित कर दिया गया है। केंद्रीय कारागार की ओर से मीडिया को आज दी गई जानकारी के अनुसार गुवाहाटी सेंट्रल जेल में ड्रग्स का कारोबार होने की जानकारी काफी समय से आ रही थी। इन आरोपों की जांच करने हेतु केंद्रीय कारागार में की गई तलाशी के दौरान दो गार्डों के पास ड्रग्स पाया। इन दोनों गार्डों को ड्रग्स का कारोबार करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया। घटना के मुताबिक जेल के अंदर प्रवेश के दौरान की गई तलाशी के में दोनों के पास से मादक पदार्थ जब्त बरामद हुआ। जेल अधिकारियों ने इसके लिए दोनों को निलंबित कर दिया। निलंबित किए गए दोनों गार्डों की पहचान राजू ठाकुर और टंकेश्वर दास के रूप में की गई है। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के आदेश से राज्य के पुलिस महानिदेशक जेपी सिंह द्वारा राज्य भर में ड्रग्स के विरुद्ध व्यापक पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को बड़ी सफलता मिल रही है। गुवाहाटी का केंद्रीय कारागार से लंबे समय से ड्रग्स और असामाजिक गतिविधियों का अखाड़ा बने रहने संबंधी खबरें आती रही है। जेल के अंदर शुरू की गई सफाई से निश्चित ही अपराधियों के बढ़ते मनोबल को अंकुश लगेगा।

**MISSING INFORMATION**



The above is photograph of Miss. Forida Begum (18 Yrs.), D/O Md. Fokir Ali, Vill- Sidhakhua, PS- Rowta, Dist. Udalguri who has been missing since 26/06/2023 from her house

This refers to Rowta PS GDE No- 551 Dtd. 26/06/2023 and this office Man Missing Register Entry No. 60 Dtd. 14/07/2023

**Descriptive Roll of the Missing Women :**

1. Complexion : Fair
2. Age : 18 Year
3. Height : 5 Feet
4. L/Known : Bengali
5. A/apparel : Pink Colour Churidar

All efforts may be made to trace out/recover the above noted missing person at the earliest and result there of may be intimated to this office at the following helpline numbers for further necessary action 6026901138 (Cell Phone)

**Superintendent of Police, Udalguri, Assam**

*-- Janasanyog /D/7189/23*

# पृष्ठ एक का शेष

## *लोस चुनाव में एनडीए...*

सोनिया गांधी, राहुल गांधी, ममता बनर्जी, शरद पवार से लेकर अरविंद केजरीवाल तक बैठक में मौजूद थे। बता दें कि विपक्ष गुट का नाम बदल दिए जाने के बाद राजद ने भाजपा पर तंज कसा है। राजद ने कहा है कि अब भाजपा को इंडिया कहने में भी तकलीफ होगी। विपक्ष दलों की अगली बैठक मुंबई में आयोजित की जाएगी। इस बैठक के बाद घोषणा की गई कि 11 नेताओं की समन्वय समिति बनाई जाएगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह एनडीए और इंडिया की लड़ाई है। नरेंद्र मोदी और इंडिया के बीच लड़ाई है। उनकी विचारधारा और इंडिया के बीच की लड़ाई है। हमने निर्णय लिया है कि हम एक एक्शन प्लान तैयार करेंगे और एक साथ मिलकर देश में हमारी विचारधारा और हम जो करने जा रहे हैं उसके बारे में बोलेंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह लड़ाई विपक्ष और भाजपा के बीच नहीं है। देश की आवाज को कुचला जा रहा है, यह लड़ाई देश के लिए है। इसलिए इंडियन नेशनल डेवेलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडिया) नाम चुना गया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 26 पार्टियां एकत्रित हुई, यह दूसरी मीटिंग थी और यह अच्छी बात है कि कुनबा बढ़ रहा है। आज 26 पार्टियां अपने लिए एकत्रित नहीं हुए हैं, हमें एक तरफ देश को नफरत से बचाना है और दूसरी तरफ एक नए भारत का सपना लेकर हम सब इकट्ठा हुए हैं। विपक्ष नेताओं की प्रेस कांफ्रेंस में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा कि राजनीति में विचारधारा अलग तो होती ही है लेकिन हम देश के लिए एक हुए हैं। लोगों को लगता है कि हम परिवार को बचाने के लिए एक हुए हैं, देश हमारा परिवार है और उसे बचाने के लिए हम एक हुए हैं। इस तानाशाह सरकार के खिलाफ हम लड़ेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमारी एकता को देखकर मोदी जी ने 30 पार्टियों की बैठक बुलाई है। पहले वे अपने गठबंधन की बात तक नहीं करते थे, उनके यहां एक पार्टी के कई टुकड़े हो गए हैं और अब मोदी जी उन्हीं टुकड़ों को जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

## *क्या आप इंडिया...*

दलों के नेताओं ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आधिकारिक तौर पर विपक्ष के संयुक्त मोर्चे- इंडिया- (भारतीय राष्ट्रीय जनतांत्रिक समावेशी गठबंधन) के नाम की घोषणा करके प्रेस वार्ता की शुरुआत की। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संवाददाताओं को संबोधित किया। प्रेस कांफ्रेंस में बोलते हुए बनर्जी ने पूछा, एनडीए, क्या आप भारत को चुनौती दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह (विपक्षी बैठक) रचनात्मक और फलदायी रही और असली चुनौती आज से शुरू होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि आज केंद्र में शासन का एकमात्र काम सरकारों को खरीदना और बेचना है। मैं भाजपा और एनडीए से पूछना चाहती हूं कि क्या वे इंडिया को चुनौती दे सकते हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इंडिया जीतेगा, हमारा देश जीतेगा और भाजपा हारेगी। उन्होंने कहा कि हमें भारत को बचाना होगा क्योंकि भाजपा देश को बेचने की कोशिश कर रही है। अपने भाषण की शुरुआत करते हुए, उन्होंने दिलचस्प ढंग से महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के प्रति एकजुटता दिखाते हुए कहा कि वह उन्हें पूर्व सीएम नहीं कहेंगी क्योंकि वह जल्द ही फिर से सीएम बनेंगे। अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को कड़ी चुनौती देने के प्रयास में जुटे 26 विपक्षी दलों ने अपने गठबंधन का नाम इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) रखा है। बेंगलुरु में विपक्षी दलों की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमारे गठबंधन का नाम इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) होगा। सभी ने एक स्वर में इस प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन में 11 सदस्यों की एक समन्वय समिति बनाई जाएगी और महाराष्ट्र के मुंबई में होने वाली अगली बैठक में इसके सदस्यों के नामों की घोषणा की जाएगी।

## *नकरात्मकता के साथ...*

किया है। मैं नए साथियों का एनदय का स्वागत करता हूं। एनडीए के 25 वर्षों की यात्रा के साथ एक और सुखद संयाग जुड़ा है। यह वह समय है, जब हमारा देश आने वाले 25 साल के लिए बड़े लक्ष्य की ओर कदम बढ़ा रहा है। यह लक्ष्य विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत का है। इस अहम कालखंड में एनडीए की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि एनडीए का मतलब है एन-न्यू इंडिया, डी- विकसित राष्ट्र, ए- लोगों की आकांक्षा। आज युवा, महिलाएं, मध्यम वर्ग, दलित और वंचितों को एनडीए पर भरोसा है। सभी का विश्वास एनडीए पर है। अर्थशास्त्री से लेकर कई अहम लोग भी यही मानते हैं। सरकारें बहुमत से बनता है, लेकिन देश सबके प्रयास से चलता है। ऐसे में एनडीए सबके प्रयास के साथ आगे बढ़ रहा है।

## *औपनिवेशिक विरासतों से ...*

की विशाल बैठक के दौरान कांग्रेस ने गठबंधन को *इंडिया* नाम देने का प्रस्ताव रखा, जिसका मतलब *भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन* है। नाम पर निशाना साधते हुए, असम के सीएम ने ट्वीट किया कि हमारा सभ्यतागत संघर्ष भारत और भारत के आसपास केंद्रित है। अंग्रेजों ने हमारे देश का नाम इंडिया रखा। हमें औपनिवेशिक विरासतों से खुद को मुक्त करने का प्रयास करना चाहिए। शर्मा ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने भारत के लिए लड़ाई लड़ी और हम भारत के लिए काम करना जारी रखेंगे। विशेष रूप से, मंगलवार को विपक्षी दलों ने बेंगलुरु में एक बैठक की, जबकि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले रणनीति पर चर्चा करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में बैठक की। गठबंधन का नाम बदलने की बात 26 *समान विचारधारा वाली* पार्टियों के संयुक्त विपक्ष की दक्षिणी शहर में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की उपस्थिति में हुई बैठक के बाद हुई। दूसरी विपक्षी बैठक में शामिल होने वालों में एमडीएमके, केडीएमके, वीसीके, आरएसपी, फॉरवर्ड ब्लॉक, आईयूएमएल, केरल कांग्रेस (जोसेफ) और केरल कांग्रेस (मणि) समेत कई पार्टियां शामिल हैं। 24 विपक्षी दलों के पास सामूहिक रूप से लगभग 150 लोकसभा सीटें हैं। इस बीच, भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए दिल्ली में एक मेगा बैठक में 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चे के अपने 37 सहयोगियों के साथ विचार-विमर्श कर रहा है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि एनडीए सहयोगियों की संख्या 1998 में 24 से बढ़कर 2023 में 38 हो जाना गठबंधन के विस्तार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के पैमाने को दर्शाता है।

## *परिसीमन प्रक्रिया असमिया...*

हुए, एआईयूडीएफ के संगठनात्मक महासचिव और विधायक अमीनुल इस्लाम ने कहा कि हमने उन संशोधनों को चुनौती दी है, जिन्होंने परिसीमन की शक्ति ईसीआई को सौंप दी है। संशोधनों के कारण, ईसीआई अब अपने दम पर दिशानिर्देश बना सकता है और किसी के प्रति जवाबदेही के बिना परिसीमन करें। पार्टी इस बात पर जोर देती है कि परिसीमन, परिसीमन आयोग का विशेष क्षेत्र बना रहना चाहिए, जो ऐतिहासिक रूप से इंडिया की आजादी के बाद से इस तरह के अभ्यासों के लिए जिम्मेदार रहा है। इस बीच, असम में परिसीमन प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गई है क्योंकि ईसीआई को जनता से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। राज्य भर के 31 जिलों से कुल 467 सुझाव और आपत्तियां प्रस्तुत की गई हैं। असम के 31 जिलों से, नागरिक और विभिन्न हितधारक 20 जून, 2023 को चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित मसौदा अधिसूचना के संबंध में अपनी चिंताओं, सुझावों और आपत्तियों को व्यक्त करने के लिए आगे आए हैं।

## *परिसीमन को लेकर ...*

साथ बैठक करेगी। कामरूप के प्रतिनिधि श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र अंतर्राष्ट्रीय सभागार के हॉल नंबर 3 में और उदालगुड़ी, कार्बी आंग्लांग और कोकराझाड़ जिलों के प्रतिनिधि श्री श्री माधवदेव सभागार में बैठेंगे। इनके अलावा ग्वालपाड़ा, बंगाईगांव, बरपेटा, नलबाड़ी, शोणितपुर और करीमगंज के प्रतिनिधि 20 जुलाई को सुबह 9.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक श्रीमंत शंकरदेव अंतर्राष्ट्रीय सभागार के हॉल नंबर 3 में दरंग, हैलाकांदी, कछार और दक्षिण सालमारा के प्रतिनिधि बैठेंगे। श्री श्री माधवदेव सभागार में नगांव, मोरीगांव और धुबढ़ी जिले के प्रतिनिधि भाग लेंगे। दोपहर 3.30 बजे तक श्रीमंत शंकरदेव कलाक्षेत्र में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत के लिए अंतर्राष्ट्रीय सभागार में बैठेंगे। वहीं, 21 जुलाई को सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक तिनसुकिया, धेमाजी और लखीमपुर जिलों के प्रतिनिधि और डिब्रूगढ़, चराइदेव, गोलाघाट और माजुली जिले के प्रतिनिधि श्रीमंत शंकरदेव अंतर्राष्ट्रीय सभागार में बैठेंगे।

## *राज्य में 32 हजार ...*

ग्रामीण विकास में 1,176 पदों के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। तीसरी श्रेणी में 7,073 और चौथी श्रेणी में 4,939 पद भी होंगे। उन्होंने कहा कि एक लाख के ऊपर भी नौकरियां देने की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने एक ट्वीट के जरिए कहा कि उनकी सरकार एक लाख बेरोजगारों को सरकारी नौकरी देने के अपने लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर हो रही है।

## *पत्रकारों की अवैध ...*

उन्होंने बताया कि कन्फेडरेशन की तरफ से वर्किंग जर्नलिस्ट एक्ट की बहाली और पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को बड़े पैमाने पर उठाया जाएगा। इसके साथ ही मीडियाकर्मियों की अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा। कन्फेडरेशन से संबद्ध नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स-इंडिया के महासचिव प्रदीप तिवारी, इंडियन जर्नलिस्ट्स यूनियन के अध्यक्ष श्रीनिवास रेड्डी, महासचिव बलबिंदर जम्मू, इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के महासचिव परमानंद पांडे, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ पीटीआई इम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष भुवन चौबे, यूएनआई वर्कर्स फेडरेशन के महासचिव एम एम जोशी, ऑल इंडिया न्यूजपेपर्स इम्पलाइज फेडरेशन सचिव सी के नायडू, द ट्रिब्यून इम्पलाइज यूनियन चंडीगढ़ के अध्यक्ष अनिल गुप्ता और नेशनल फेडरेशन ऑफ न्यूजपेपर्स इम्पलाइज के अध्यक्ष ने कहा है कि प्रदर्शन में हजारों पत्रकार देश के विभिन्न हिस्सों से शामिल होने के लिए दिल्ली कूच करेंगे। कन्फेडरेशन के अध्यक्ष रास बिहारी, महासचिव एम एस यादव, उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष एम एल जोशी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के कारण अखबारों, न्यूज चैनल्स और नियूज एजेंसियों के समक्ष आर्थिक संकट बढ़ता जा रहा है। इस कारण बड़ी संख्या में अखबार बंद हो रहे हैं। न्यूज एजेंसियों के सामने अस्तित्व का संकट पैदा हो गया है। इस मामले में केंद्र और राज्य सरकारों का ध्यान दिलाया जाएगा। कन्फेडरेशन के पदाधिकारियों और संबद्ध संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा है कि संसद पर प्रदर्शन से पहले पूरे देश में जगह-जगह सम्मेलन और बैठकों का आयोजन किया जाएगा।

## *मणिपुर हिंसा : आईजीपी ...*

लेकिन गाड़ी जलकर राख हो गई। यह घटना तब हुई जब बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने मणिपुर में इंफाल हवाईअड्डे के पास क्वाकीटेल इंफाल में सड़क को अवरुद्ध कर दिया। उन्होंने आईजीपी के वाहन को रोका और उसे जलाकर राख कर दिया। यह घटना तब शुरू हुई जब मीरा पैबी (महिला निगरानी) के सदस्यों ने सोमवार को दोपहर करीब 2 बजे निंगथौखोंग में इंफाल से इंफाल की ओर लगभग 42 किमी दूर मोइरांग से आ रही कुछ नागरिक महिलाओं, जिन पर उन्हें कुकी होने का संदेह था, ले जा रहे एक सेना के काफिले को रोक दिया।

## *प्रधानमंत्री पद की ...*

विचारधारा की लड़ाई नहीं है। ये मतभेद इतने भी बड़े नहीं हैं जिन्हें दूर ना किया जा सके। बेरोजगार, महंगाई, युवाओं पर हो रहे अत्याचार के लिए इन मतभेदों को दूर किया जा सकता है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम 26 पार्टियां यहां हैं, 11 राज्यों में हमारी सरकार है। भाजपा ने 303 सीटें खुद हासिल नहीं की, बल्कि उसने भी अपने साथी दलों का वोटशेयर हासिल किया और सत्ता में आ गई। आज भाजपा अलग-अलग राज्यों में अपने साथियों को साथ लाने में जुटी है। बेंगलुरु की इस साझा बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। खड़गे बोले कि आज हर संस्था को निशाने पर लिया जा रहा है। सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स समेत अन्य एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। नेताओं पर गलत केस बनाकर उन्हें पकड़ा जा रहा है। इतना ही नहीं हमारे सांसद को सस्पेंड करवाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का भी सहारा लिया जा रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले विपक्षी पार्टियां एक साथ आई हैं, पटना में 23 जून को विपक्ष की पहली बैठक हुई। अब बेंगलुरु में दूसरी बैठक हो रही है। कांग्रेस समेत करीब 26 दलों ने इस बैठक में हिस्सेदारी की है। बेंगलुरु में हो रही बैठक के जरिए विपक्षी एकता के इस संगठन को नया नाम मिल सकता है, साथ ही संगठन के संयोजक, अध्यक्ष पद पर भी फैसला हो सकता है। अभी बात सीटों के बंटवारे तक नहीं पहुंची है, हालांकि कॉमन मिनिमम प्रोग्राम पर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। विपक्ष की इस बैठक से अन्य विपक्षी नेताओं ने भी मोदी सरकार पर हमला बोला। पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने कहा कि देश के संविधान, लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ हो रहा है। देश की ताकत विविधता है, लेकिन आज उसे ही बर्बाद किया जा रहा है। हमें आईडिया ऑफ इंडिया को बचाना है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि यह बैठक पटना में हुई एक शुरुआत का अगला पड़ाव है, हमें एकजुट रहने की जरूरत है। जिस तरह से संविधान को तोड़ा-मरोड़ा जा रहा है, उस लिहाज से यह एकता काफी जरूरी है। राजद नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भी भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हम देश के लोकतंत्र, संविधान और भाईचारे को बचाने के लिए एक हुए हैं। देश की संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है और देश की संपत्तियों को बेचा जा रहा है। तेजस्वी ने कहा कि किसान, युवा, महंगाई जैसे असल मुद्दों पर बात न कर, सिर्फ नफरत की बातें की जा रही हैं।

## *बदरुद्दीन अजमल के ...*

दर्ज की गई है। गोगोई ने कहा है कि अजमल ने खतरनाक सांप्रदायिक टिप्पणी की थी। मौलाना अजमल ने कहा था कि मुसलमानों द्वारा खाया जाने वाला सारा भोजन या मांस हिंदुओं को खाना चाहिए। देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भी इसे खाना चाहिए। गाय खाने के बारे में बात करते हुए सांसद ने हिंदुओं की भावनाओं को बेहद आघात पहुंचाया है।

## *विहंगम योग संत समाज...*

को विहंगम योग के ज्ञान के बारे में विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने साथ ही कहा कि वाराणसी में विहंगम योग संस्थान के द्वारा स्वर्वेद महामंदिर का निर्माण किया जा रहा है। जिसका उदघाटन आगामी दिसंबर के 17 एवं 18 तारीख को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। वही 25000 कुंडीया महायज्ञ का भी आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विहंगम योग संस्थान के द्वारा ब्रह्म विद्या के ज्ञान का प्रचार-प्रसार किया जाता है। इस प्रचार की कड़ी में जम्मू में यह पहला कार्यक्रम था, जहां पर संत प्रवर का पदार्पण हुआ। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने विहंगम योग के दर्शन के विषय में जाना एवं इसकी क्रियात्मक साधना को भी जाना। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एसएसपी कुलबीर सिंह एवं बहु फोर्ट के अध्यक्ष बलदेव राज नरगोत्र के साथ जम्मू शहर के धर्म परायण एवं समाज बंधुओं ने काफी संख्या में भाग लिया। मालूम हो कि कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों के साथ बहु फोर्ट के अध्यक्ष बलदेव राज नरगोत्र ने कहा कि आज का सत्संग बहुत ही शांति की अनुभूति करने वाला था। सत्संग के दौरान उपस्थित सभी भक्तों ने एकाग्र होकर विहंगम योग के ज्ञान को जाना। ऐसा ज्ञान जम्मू में पहले प्राप्त नहीं हुआ। सद्गुरु की कृपा है कि इस ज्ञान की धारा को आज जम्मू की धरा पर प्रवाहित किया है। संत श्री के द्वारा विहंगम योग के ज्ञान पर सारगर्भित प्रवचन दिया गया, जिसे सुनकर आत्मिक शांति की अनुभूति हुई। सभी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम जम्मू शहर में समय-समय पर होते रहे ऐसी हमारी कामना है।

## *स्वर्वेद भाष्य*




**पंचम मंडल** **प्रथम अध्याय**

**(विविध योग)**

**बाहर बाहर खोजते, अन्तर की सुधि नाहिं।**
**बिनु सद्गुरु पावो नहीं, भटकि मरो जग माहिं॥ 31॥**

**शब्दार्थ :** (सुधि) ज्ञान (भटकि) भूलना, भ्रम में पड़ना।

**भाष्य :** अंदर मूलस्थान को न जानकर बाहर-बाहर ढूंढ़ने से सत्य वस्तु की प्राप्ति नहीं हो सकती। जीव भ्रम में भटक कर संसार के जन्म-मरण दुःख को प्राप्त करता है। सद्गुरु के बिना ब्रह्मविद्या का सत्मार्ग प्राप्त नहीं होता।

**पूर्ण योग कर कल्पना, यह मन भ्रम विकार।**
**योग योग जाना नहीं, व्यर्थ करे हंकार॥ 32॥**

**शब्दार्थ :** (कल्पना) बिना जाने हुए अदृश्य वस्तु के संबंध में मन से निर्णय करना (हंकार) अभिमान।

**भाष्य :** पूर्ण योग की कल्पना अपे मन का भ्रमयुक्त विकार है। योग के मार्मिक तत्व को न जानकर उसके संबंध में निर्ण करना एक बड़ा दोष है एवं अपने अहंकार में व्यर्थ का निर्णय है। किसी वस्तु का साक्षात्कार, पूर्ण बोध हो जाने पर ही उसका निर्णय हो सकता है। योग के आधार का जब ज्ञान होगा तब उसके मूलतत्व का ज्ञान होगा इसलिए सद्गुरु द्वारा समस्त योगो का ज्ञान प्राप्तकर सर्वोपरि विहंगम योग का ज्ञान प्राप्त करना चाहिए।

## असम में पांच मंडलीय आयुक्तों के कार्यालय बंद

**गुवाहाटी (हिंस)।** राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार आज से राज्य के पांच मंडलीय आयुक्तों का कार्यालय को समाप्त कर दिया गया है। राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव अविनाश योशी ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी कर दी। तत्काल प्रभाव से लागू अधिसूचना में प्रशासनिक सुविधाओं और जिला कलेक्टर को ज्यादा अधिकार देकर प्रशासन को जनता के नजदीक लाने के लिए मंडलीय आयुक्त के कार्यालयों को हटा दिया गया है। शीघ्र ही विलुप्त होने जा रहे राज्य के पांच आयुक्तों के कार्यालयों के अधीन की शक्तियां अब से सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव सह आयुक्त सचिव के हाथों में चली जाएंगी। दूसरी ओर मंडलीय आयुक्त कार्यालय के कर्मचारी संबंधित जिला प्रशासन के अधिकार क्षेत्र में आ जाएंगे। उल्लेखनीय है कि सोमवार को एक अन्य अधिसूचना के जरिए डेप्युटी कमिश्नर के पद का नाम अब से जिला आयुक्त यानी डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर कर दिया गया है। जिसके बाद अब से उपायुक्तों को आयुक्त के रूप में जाना जाएगा। दरअसल, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में जतिन हजारिका के नेतृत्व में असम प्रशासनिक सुधार आयोग ने देश के कई प्रमुख राज्यों के मंडलीय आयुक्तों के कार्यालयों के कामकाज का जायजा लेने के बाद सिफारिश की थी कि इन कार्यालयों को राज्य में सचिवालय के अधीन हस्तांतरित कर उन्हें मिनी सचिवालय बनाया जाए। हालांकि, इस फैसले की अनदेखी करते हुए मंडलीय कमिश्नर के कार्यालयों को भंग करने का फैसला लिया गया। राज्य में पहले से ही पांच मांडलिक कार्यालय थे। पिछली सोनोवाल सरकार के दिनों में इस संख्या को बढ़ाकर आठ करने का प्रस्ताव था।

# गुवाहाटी में चाय की दुकान पर पहुंचे बॉलीवुड अभिनेता आशीष विद्यार्थी



**गुवाहाटी (हिंस)।** नगर की सड़कों पर अचानक बॉलीवुड के अभिनेता आशीष विद्यार्थी को देखकर लोग हैरान हो गए। इस दौरान उनके प्रशंसक उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ सी लग गई। मंगलवार का बॉलीवुड के अभिनेता आशीष विद्यार्थी अचानक फुटपाथ पर स्थित एक पान दुकान और चाय की दुकान पर ग्राहक बनकर पहुंचे। पान दुकानदार मिंटू अली ने सपने में भी नहीं सोचा था कि एक दिन इतना बड़ा स्टार आकर कहेंगे कि *मुझे एक कप चाय दे दो* । दुकान देखकर बॉलीवुड एक्टर ने कहा कि *अनोखा आइडिया*। वे हाफपैंट और टी-शर्ट पहनकर कहां से निकल आए और किसी को पता नहीं चला। उन्होंने चाय की चुस्की लेते ही कहा कि *मजा*। विद्यार्थी को दुकान पर देखकर लोगों में सेल्फी लेने की होड़ मचने से अफरा-तफरी मच गई। दुकानदार मिंटू अली के तो पैर ही जैसे जमीन पर नहीं थे। आशीष विद्यार्थी के साथ मृदुल कुमार हैंडिक भी थे।

## जोरहटा में महिला पर चाकू से हमला करने के आरोप में इमाम गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** राज्य के जोरहाट जिले में एक इमाम ने महिला पर चाकू से हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। महिला ने इमाम से शादी करने से इनकार कर दिया था, जिस वजह से उन्होंने उस पर चाकू से हमला किया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि हमले में पीड़िता गंभीर रूप से घायल हो गई थी। आरोपी की पहचान जोरहाट की नतुन माटी मस्जिद के इमाम अब्बास खान के रूप में हुई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, खान ने कथित तौर पर उस महिला को प्रपोज किया था जिसके दो बच्चे हैं। महिला के पति का कुछ साल पहले निधन हो गया था। जब महिला ने उसके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया, तो खान ने गुस्से में आकर महिला पर हमला करने की योजना बनाई। खान कथित तौर पर सोमवार रात मारियानी शहर में स्थित पीड़िता के घर पहुंचा और दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। इसके बाद इमाम ने महिला पर हमला किया और उसे गंभीर चोटें पहुंचाईं। शोर सुनकर पड़ोसी पीड़ित के घर पहुंचे लेकिन इमाम मौके से फरार होने में सफल रहा। स्थानीय लोग महिला को जोरहाट मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले गए, जहां फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने कहा कि पीड़िता की हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर है।

## चेतना लेडीज क्लब के *चेतना राखी मेले* का शुभारंभ




**गुवाहाटी (विभास)।** महिलाओं की अग्रणी सामाजिक संस्था चेतना लेडीज क्लब के तत्वाधान में आज से दो दिवसीय चेतना राखी मेला का शुभारंभ किया गया। क्लब की अध्यक्ष मंजू केजरीवाल ने बताया कि आठगांव स्थित होटल मिलेनियम मैं आयोजित दो दिवसीय चेतना राखी मेला का उद्घाटन क्लब की सदस्याओ द्वारा भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सचिव समता गोलछा ने बताया कि इस मेले में देश के विभिन्न स्थानों जैसे मुंबई, कोलकाता, रायपुर, जयपुर, तिनसुकिया, डिब्रूगढ़ आदि शहरों से स्टाल लगाए गए हैं। विशेष रूप से महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलो में फैंसी राखी, सलवार सूट, डिजाइनर कपड़े, आभूषण, बेडशीट, बेड कवर सहित घरेलू साज-सज्जा के सामान उचित दरों पर उपलब्ध है। क्लब की कोषाध्यक्ष सुनीता सराफ ने बताया कि चेतना राखी मेले की विशेष बात यह है कि इस मेले का आयोजन आगामी राखी व अन्य त्योहारो के मद्देनजर किया गया है। मेले के पहले दिन महिलाओं एवं मित्रों की भारी भीड़ देखी गई। सभी ने मेले में मौजूद कलेक्शन की सराहना की। कार्यक्रम संयोजिका आशा अग्रवाल ने बताया कि इस मेले से आय होने वाली संपूर्ण राशि को संस्था की ओर से विभिन्न सामाजिक कार्यों में समय-समय पर खर्च किया जाता है। सह संयोजिका मंजू जालान, कविता पटवारी व बबीता अग्रवाल ने बताया की क्लब की ओर से समय-समय पर विभिन्न सामाजिक कार्य किए जाते हैं। दो दिवसीय इस राखी मेले का समापन बुधवार को होगा। आयोजन को सफल बनाने में क्लब की सभी सदस्याओ का भरपूर सहयोग मिल रहा हैं।

## व्यापारी पर चाकू से हमला कर बदमाशों ने 5.4 लाख लूटे

**कामरूप (हिंस)।** जिले के गरैमारी में सोमवार की रात बदमाशों ने एक व्यापारी पर चाकू से हमला कर उससे 5.4 लाख रुपए लूट लिए। हमले में घायल व्यापारी की पहचान अबू बकर सिद्दीकी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने व्यापारी पर हमला कर लूटने वाले बदमाशों को खदेड़ने की कोशिश की और एक लुटेरे को पकड़ लिया, जबकि चार अन्य बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर रुपए लेकर फरार हो गए। पकड़े गए बदमाश की पहचान जहीरपुर गांव के कयूम अली के रूप में हुई है।

## व्हीट प्रोडक्ट्स प्रमोशन सोसाइटी का दो दिवसीय सम्मेलन कल से

**गुवाहाटी।** व्हीट प्रोडक्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (डब्ल्यूपीपीएस), एक 33 साल पुरानी गैर सरकारी संगठन है, गेहूं आधारित उद्योगों में मिलिंग और बेकिंग तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, अपने आगामी सम्मेलन की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। यह आयोजन 20 और 21 जुलाई, 2023 को गुवाहाटी, असम में होगा। यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने और गेहूं आधारित उद्योगों के भविष्य का पता लगाने के लिए भारत, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के उद्योग विशेषज्ञों, विशेषज्ञों और प्रमुख व्यक्तियों को एक साथ लाएगा। व्हीट प्रोडक्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (डब्ल्यूपीपीएस) के अध्यक्ष अजय गोयल ने सम्मेलन के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि हम डब्ल्यूपीपीएस-मिलिंग और बेकिंग टेक्निकल में अपनी अंतर्दृष्टि और अनुभव साझा करने के लिए दुनिया भर के विशेषज्ञों को एक साथ लाकर रोमांचित हैं। यह आयोजन गेहूं आधारित उद्योगों की वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने, नवाचार और सहयोग के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा। हम सार्थक चर्चाओं और मूल्यवान नेटवर्किंग अवसरों की आशा करते हैं। सम्मेलन का उद्देश्य आटा पिसाई, ब्रेड, बिस्कुट, केक, पास्ता, कारीगर बेकरी, होम बेकरी, उद्यमियों, व्यावसायिक पेशेवरों और विपणक सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागियों को उनके विशिष्ट हितों पर चर्चा में शामिल होने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

## बेरोजगार को लायंस उमंग ने दिया रिक्शा




**गुवाहाटी (विभास)।** समाज सेवा के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को स्वावलंबी बनाने की दिशा में लायंस क्लब गुवाहाटी उमंग तेजी से कार्य कर रही है। इसी क्रम में लायंस उमंग की ओर से एक गरीब युवक को रोजगार हेतु मालवाहक रिक्शा उपलब्ध कराया गया। क्लब की जनसंपर्क अधिकारी प्रियंका गर्ग ने बताया कि अध्यक्ष कंचन पोद्दार के नेतृत्व में एक बेरोजगार युवक को रोजगार हेतु रिक्शा प्रदान किया गया। साथ ही क्लब की ओर से उक्त मालवाहक रिक्शा में बिक्री हेतु फल व सब्जियां दी गई, जिसमें आलू, प्याज, तरबूज, अनरस आदि शामिल है। रिक्शा पाकर युवक का चेहरा खुशी से खिल उठा। उसने लायंस उमंग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब वह अपने पुरे परिवार का भरण पोषण पूरे सम्मान के साथ कर सकेगा। जिलापाल प्रथम सीमा गोयनका के मार्गदर्शन व अर्थिक सहयोग से गरीब युवक को आत्म निर्भर बनाया गया। इस मौके पर जिलापाल प्रथम सीमा गोयनका, क्लब की ओर से अध्यक्ष कंचन पोद्दार, कोषाध्यक्ष स्वाति चौधरी, दीपावली हंसारिया, जीता अग्रवाल, बिमला कोचर आदि सदस्याए मौजूद थी। वही लायंस जिला के फीड द हंगर कार्यक्रम के तहत सचिव संगीता अग्रवाल की देखरेख में बी बरुआ कैंसर अस्पताल में अक्षय पात्र फाउंडेशन के सहयोग से लगातार दो दिनों तक करीब 800 लोगों को सात्विक भोजन उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर क्लब की ओर से संगीता अग्रवाल, निभा सराफ, मुक्ता कसेरा, सुंदर पारीक, रिंकी केडिया आदि सदस्याए मौजूद थी।

## गुवाहाटी के लिंफोमा सपोर्ट ग्रुप के तरफ से कैंसर रोगियों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य जांच का आयोजन



**गुवाहाटी।** लिम्फोमा सपोर्ट ग्रुप इंडिया के सहयोग से रोटरी क्लब ऑफ गुवाहाटी लुइट और चेतना लेडीज क्लब द्वारा लायंस आई हॉस्पिटल, स्त्रीबाड़ी में 30 जुलाई, 2023 को दोपहर 1 बजे से कैंसर रोगियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर का नेतृत्व गुरुग्राम के फोर्टिस अस्पताल में हेमोटो ऑन्कोलॉजी के मुख्य निदेशक डॉ. राहुल भार्गव करेंगे। लिम्फोमा सपोर्ट ग्रुप इंडिया (एलएसजीआई) लिम्फोमा से पीड़ित रोगियों और देखभाल करने वालों द्वारा गठित एक रोगी सहायता समूह है जिसका उद्देश्य न केवल कैंसर रोगियों को बल्कि किसी अन्य गंभीर बीमारी के लिए भी हर संभव सहायता प्रदान करना है। एलएसजीआई असम, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और नई दिल्ली पर प्राथमिक ध्यान देने के साथ छह वर्षों से विभिन्न क्षेत्रों में सफलतापूर्वक शिविर आयोजित कर रहा है। डॉ. राहुल भार्गव का यह पहला असम दौरा होगा। 2016 में डॉ. भार्गव 20 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ मल्टीपल स्केलेरोसिस में स्टेम सेल प्रत्यारोपण करने वाले पहले भारतीय चिकित्सक बने। डॉ. भार्गव वर्तमान में फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम में हेमेटोलॉजी, हेमटो ऑन्कोलॉजी और बीएमटी के मुख्य निदेशक के रूप में सेवारत हैं। उन्होंने और उनकी टीम ने 1200 से अधिक प्रत्यारोपण किए हैं। स्वास्थ्य शिविरों और पंजीकरण के बारे में अधिक जानकारी के लिए 7099023744 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

## शीमलीतोला के बरपत्थर में वन विभाग का छापा

**नगरबेड़ा (विभास)।** वन विभाग ने आज ऐसे समय में एक अभियान चलाया जब ग्वालपाड़ा जिले में रंगजुली वन अधिकारी कार्यालय के तहत विभिन्न क्षेत्रों में तस्करी की लकड़ी की तस्करी, अवैध लकड़ी मिल जारी है। रंगजुली वन अधिकारी कार्यालय के वन अधिकारी खलीलुर रहमान ने वन अधिकारी के नेतृत्व में धूपधारा और शिमलीटोला प्रखंड वन अधिकारियों के कार्यालय के वन कर्मचारियों के साथ शिमलीटोला के बरपाथार में छापा मारा और तस्करी की लकड़ी, लकड़ी के डंडे, दो घोड़ा गाड़ियां जब्त कीं। छापेमारी दल ने इलाके से लकड़ी मिल को भी हटा दिया और लकड़ी मिल मशीन को जब्त कर लिया। जब्त की गई तस्करी की लकड़ी, दो घोड़ा गाड़ी और मशीनों सहित जब्त वस्तुओं की अनुमानित कीमत 4 लाख रुपए से अधिक है।

## *किण्वित खाद्य व पेय पदार्थों* पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला



**गुवाहाटी।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उच्च अध्ययन संस्थान (आईएएसएसटी), गुवाहाटी, द्वारा दिनांक 10 से 14 जुलाई 2023 के दौरान *किण्वित खाद्य और पेय पदार्थों के उत्पादन* विषय पर एक व्यापक 5-दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। आईएएसएसटी के डीबीटी उन्नत स्तरीय संस्थागत बायोटेक हब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में असम के विभिन्न भागों से आये कॉलेज के छात्रों तथा संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। प्रशिक्षण कार्यशाला में किण्वित खाद्य पदार्थों और पेय पदार्थों के उत्पादन पर विशेषज्ञ व्याख्यान और व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्रों की एक श्रृंखला शामिल थी। कार्यक्रम में डॉ. मोजिबुर आर खान, एसोसिएट प्रोफेसर, आईएएसएसटी सहित प्रोफेसर मधुमिता बरुवा, कृषि जैव प्रौद्योगिकी विभाग, असम कृषि विश्वविद्यालय; डॉ. वाहेंगबाम रोमी, वैज्ञानिक-सी, सीएसआईआर एनईआईएसटी; डॉ. सुष्मिता दास, सहायक प्रोफेसर, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, गौहाटी विश्वविद्यालय जैसे विशेषज्ञ आमंत्रित वक्ताओं ने उपस्थित छात्रों तथा संकाय सदस्यों को बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। कार्यशाला के समन्वयक डॉ. एम आर खान के पर्यवेक्षण में वरिष्ठ परियोजना सहयोगी शांतनु दास और अनुपम भट्टाचार्जी द्वारा व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्रों में सहयोग दिया गया। डॉ. मोजिबुर रहमान खान ने किण्वित खाद्य उत्पादन पर व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र का व्यापक अवलोकन प्रदान करते हुए स्वागत संभाषण प्रस्तुत किया और आईएएसएसटी में किए जा रहे अग्रणी अनुसंधान तथा प्रशिक्षण पर प्रकाश डाला जो किण्वित खाद्य उत्पादन में नवाचार को बढ़ावा दे रहा है। प्रोफेसर आशीष के मुखर्जी, निदेशक, आईएएसएसटी, ने एक प्रेरणादायक उद्घाटन संभाषण दिया, जिसने किण्वित खाद्य और पेय उत्पादन की जटिलताओं को समझने के लिए छात्रों और इच्छुक उद्यमियों के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। प्रोफेसर मुखर्जी ने विविध जातीय किण्वित पाक परंपराओं के लिए जैव विविधता हॉटस्पॉट के रूप में असम की स्थिति पर प्रकाश डाला और छात्रों को क्षेत्र की जैव-अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाले किण्वित खाद्य पदार्थों से संबंधित स्वदेशी ज्ञान को संरक्षित करने में अनुसंधान के अवसरों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। 5 दिवसीय कार्यशाला के दौरान, प्रतिभागियों को पूर्वोत्तर क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में प्रयोग किए जा रहे विभिन्न किण्वित खाद्य पदार्थों पर जानकारीपूर्ण व्याख्यान दिए गए। इन विषयों में लोकप्रिय किण्वित मसालों को बनाने के लिए तैयारी के तरीके, माइक्रोबियल पारिस्थितिकी और पारंपरिक तकनीकें शामिल थे। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों ने किण्वित चावल, किण्वित बांस के अंकुर और किण्वित काले चावल पेय तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया और साथ ही डीएनए अलगाव, पीसीआर, जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस और अनुक्रमण जैसी आधुनिक आणविक जीव विज्ञान तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के समापन सत्र में सभी प्रतिभागियों को उनके बहुमूल्य योगदान और सक्रिय भागीदारी के लिए मान्यता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। प्रो. आशीष कुमार मुखर्जी, निदेशक, आईएएसएसटी ने अपने समापन संभाषण में प्रतिभागियों को कार्यशाला में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए बधाई देते हुए उन्हें कार्यशाला संबंधी बहुमूल्य प्रतिपुष्टि देने के लिए प्रोत्साहित किया।

No. GFM/Offence/GENL/Notice/ 2970

NOTICE

The following vehicles have been seized by Ranges under this Division for violation under Section 49 (I) of A.F.R. Act' 1891 (Amendment Act' 1995, Vol, VII) section 34, 40 and other relevant section of AFR Act' 1891 and unclaimed. Therefor vide this notice all the owners of the following vehicles are hrereby directed to claim the vehicles at the O/o the undersigned with 7 (seven) days from the publication of this notice without fail. Otherwise the vechicles will be confiscated by the Govt. of Assam as per Rule.

| Sl. No. | Name of Range | Date of seizure | Vehicle Registration No. | Chassis No. | Engine No. | Type of vehicle |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Riverine Range, Nagarbera | 26-02-2022 | AS-25-CC-1360 | -- | -- | Mahindra Jeeto Pick Up Van |
| 2 | Singra Range | 26-03-2022 | AS-01-AC-1088 | -- | -- | Max Pick up Van |
| 3 | Singra Range | 16-10-2022 | AS-01-M-9333 | -- | -- | Maruti Van |
| 4 | Bondapara Range | 27-10-2022 | Nil | 364073561277 | X2523181705JE52 | Tata Motor Truck |
| 5 | Protection Squad Range, Bamunigaon | 23-12-2022 | AS-01-DC-2105 | -- | -- | Tata AC |
| 6 | Protection Squad Range, Bamunigaon | 29-12-2022 | Nil | MAT478012-39C07925 | -- | Tata DI |
| 7 | Protection Squad Range, Bamunigaon | 02-03-2022 | Nil | MAT44222B-ZE39889 | -- | Tata Magic |
| 8 | Bamunigaon Range | 03-03-2023 | AS-01-GC-8105 | -- | -- | Tata Magic |
| 9 | Bamunigaon Range | 13-05-2023 | AS-01-FC-5363 | -- | -- | Auto Van |
| 10 | Protection Squad Range, Bamunigaon | 19-05-2023 | AS-25-FC-9847 | -- | -- | Tata Magic |
| 11 | Protection Squad Range, Bamunigaon | 10-05-2023 | Nil | -- | -- | Tata DI |
| 12 | Protection Squad Range, Bamunigaon | 24-06-2023 | AS-25-AC-4361 | -- | -- | Tata Magic |

Authorized Officer cum
Divisional Forest Officer,
Kamrup West Division,
Bamunigaon.

*-- Janasanyog /D/ 7097 / 23*

# प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु में विपक्ष की बैठक को बताया कट्टर भ्रष्टाचारी सम्मेलन

## 24 के लिए 26 होने वाले राजनीतिक दलों का लेबल कुछ है और माल कुछ है : प्रधानमंत्री मोदी

## वीर सावरकर हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्ष की बेंगलुरु बैठक पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कट्टर भ्रष्टाचारी सम्मेलन हो रहा है। उन्होंने कहा कि 24 के लिए 26 होने वाले राजनीतिक दलों का लेबल कुछ और माल कुछ है। प्रधानमंत्री मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, पोर्ट ब्लेयर के नए एकीकृत टर्मिनल भवन का उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश के लोग 2024 के चुनाव में फिर एक बार हमारी सरकार वापस लाने का मन बना चुके हैं, निर्णय ले चुके हैं। ऐसे में भारत की बदहाली के जिम्मेदार कुछ लोग अपनी दुकान खोलकर बैठ गए हैं। मोदी ने कहा, इन्हें देखकर मुझे एक कविता की कुछ लाइनें याद आ गई है, जो अवधी भाषा में लिखी गई है - गाइत कुछ है, हाल कुछ है, लेबल कुछ है, माल कुछ है। 24 के लिए 26 होने वाले राजनीतिक दलों पर ये बिल्कुल सटीक बैठता है। उन्होंने कहा कि ये लोग देश के लोकतंत्र और संविधान को अपना बंधक बनाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने आगे जोड़ा, नफरत है घोटाले हैं, तुष्टीकरण है मन काले हैं, परिवारवाद की आग के दशकों से देश हवाले है। उन्होंने कहा कि इनके लिए देश के गरीबों के बच्चों का विकास नहीं बल्कि अपने बच्चों और भाई-भतीजों का विकास मायने रखता है। इनकी एक ही विचारधारा और एजेंडा है अपना परिवार बचाओ, परिवार के लिए भ्रष्टाचार बढ़ाओ। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये जो जमात इकट्ठी हुई है, उनके कुनबे में बड़े से बड़े घोटालों पर, अपराधों पर इनकी जुबान बंद हो जाती है। जब किसी एक राज्य में इनके कुशासन की पोल खुलती है, तो दूसरे राज्यों के ये लोग फौरन उसके बचाव में तर्क देने लगते हैं। लोग कह रहे हैं कि यह (बेंगलुरु विपक्ष बैठक) भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए इकट्ठा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग (विपक्ष) इकट्ठा हुए हैं, वे सभी अपने भ्रष्टाचार के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर चुप रहते हैं। पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव के दौरान हिंसा हुई थी और वे सभी शांत थे। कांग्रेस और वामपंथी कार्यकर्ता अपनी सुरक्षा की गुहार लगा रहे थे। लेकिन उनके नेता इतने स्वार्थी थे कि उन्होंने कार्यकर्ताओं को उस गंभीर स्थिति में छोड़ दिया। तमिलनाडु में, भ्रष्टाचार के कई मामले अब उजागर हो रहे हैं लेकिन वे (विपक्ष) पहले ही क्लीन चिट का दावा कर चुके हैं।

इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वीर सावरकर हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने कहा, अब तक, वर्तमान टर्मिनल की क्षमता प्रतिदिन 4,000 पर्यटकों को संभालने की थी। हालांकि, इस नए टर्मिनल के साथ, क्षमता बढ़कर 11,000 पर्यटकों तक पहुंच गई है।" मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने 9 वर्षों में अंडमान विभाग के लिए 48,000 करोड़ रुपये आवंटित किए, जो पिछली सरकार के खर्च से दोगुना है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से अंडमान में पर्यटकों की आमद दोगुनी हो गई है, आने वाले वर्षों में यह कई गुना बढ़ जाएगी उन्होंने कहा कि हम अंडमान में सबमरीन ऑप्टिकल केबल फाइबर लाए, पोर्ट ब्लेयर में मेडिकल कॉलेज बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में हमने संवेदनशीलता के साथ पूर्ववर्ती सरकारों की गलतियों को सुधारा है और नई सुविधाएं भी तैयार की हैं। भारत में विकास का एक नया मॉडल सामने आया है, यह मॉडल सबको साथ लेकर चलने का है, यह मॉडल 'सबका साथ सबका विकास' का है। उन्होंने कहा कि भारत में लंबे समय तक कुछ पार्टियों की स्वार्थी राजनीति के कारण विकास केवल बड़े शहरों तक ही सीमित था, जिसके कारण आदिवासी और द्वीपीय क्षेत्र विकास से वंचित रह गए। उल्लेखनीय है कि इस नये एकीकृत टर्मिनल भवन का निर्माण लगभग 710 करोड़ रुपये की लागत से हुआ है। यह नया टर्मिनल, इस केन्द्रि शासित प्रदेश की कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। लगभग 40,800 वर्गमीटर के कुल निर्मित क्षेत्र वाला यह नया टर्मिनल भवन प्रति वर्ष लगभग 50 लाख यात्रियों के आवागमन को संभालने में सक्षम होगा। पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे पर 80 करोड़ रुपये की लागत से दो बोइंग-767-400 और दो एयरबस-321 प्रकार के विमानों के लिए उपयुक्त एप्रन का भी निर्माण किया गया है, जिससे यह हवाई अड्डा अब एक समय में दस विमानों की पार्किंग करने में सक्षम हो गया है।

# शिक्षा मंत्री आतिशी की मौजूदगी में एमओयू हुआ साइन



**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने और शिक्षकों के प्रोफेशनल डेवलपमेंट की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार के दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय (डीटीयू) ने अमेरिकी संस्थान, रैंड कॉर्पोरेशन के साथ तीन साल के एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। इस समझौता ज्ञापन पर मंगलवार को शिक्षा मंत्री आतिशी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किया गया। रैंड कॉर्पोरेशन अमेरिका स्थित एक नॉन-प्रॉफिट, नॉन-लीगल पब्लिक पॉलिसी थिंक टैंक है। रैंड कारपोरेशन द्वारा दिल्ली सरकार के शिक्षक विश्वविद्यालय के साथ हस्ताक्षर किए गए इस एमओयू का उद्देश्य रणनीतिक मुद्दों पर सपोर्ट करना, शिक्षण व अनुसंधान को नए स्तर पर लेकर जाना और प्रमुख पब्लिक पॉलिसी के मुद्दों पर चर्चा के लिए मंच तैयार करना है।

उल्लेखनीय है कि रैंड कॉरपोरेशन को विश्व के टॉप तीन एजुकेशन थिंक टैंकों में से एक के रूप में जाना जाता है। दिल्ली सरकार से मिली जानकारी के अनुसार, एमओयू अपनी तरह का अनूठा पार्टनरशिप है जो शिक्षक प्रशिक्षण और उनके प्रोफेशनल डेवलपमेंट के लिए उच्च गुणवत्ता वाले रिसर्च में रैंड की विशेषज्ञता के साथ-साथ डीटीयू के बुनियादी ढांचे का लाभ उठाएगा। इससे दिल्ली में शिक्षकों की जरूरतों को जानते हुए भविष्य में रिसर्च ऐक्टिविटिज के संचालन में भी मदद मिलेगी। एमओयू के विषय में साझा करते हुए आतिशी ने कहा, "दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी और रैंड कॉरपोरेशन के बीच यह पार्टनरशिप दिल्ली के एजुकेशनल ईको-सिस्टम को और बेहतर बनाने के हमारे प्रयास में एक और महत्वपूर्ण कदम है। रैंड कॉरपोरेशन के सपोर्ट और स्पेशलाइजेश के साथ, हमारा लक्ष्य शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक रिसर्च के साथ सशक्त बनाना और उन्हें जरूरी कौशलों से लैस करना है। इस दिशा में यह पार्टनरशिप दिल्ली की शिक्षा प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने आगे कहा कि, ह्वपिछले 8 सालों में दिल्ली सरकार ने स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए। लेकिन हमारा विजन केवल वर्ल्ड-क्लास स्कूल बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि दिल्ली में वर्ल्ड-क्लास उच्च शिक्षा संस्थान स्थापित करना भी है। वहीं इस मौके पर वरिष्ठ अर्थशास्त्री और सेंटर फॉर एशिया पैसिफिक पॉलिसी, रैंड कॉरपोरेशन के निदेशक डॉ. रफीक दोसानी ने कहा, ह्वदिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी और रैंड कॉरपोरेशन के बीच सहयोग दिल्ली में प्रगतिशील एजुकेशनल ईको-सिस्टम को बढ़ावा देगा, जहां देश के भविष्य को आकार देने के लिए शिक्षकों को स्किल्ड बनाया जाएगा।

**एमओयू में क्या-क्या शामिल हैं:**

-> रणनीतिक मुद्दों के लिए रैंड से समर्थनः इसमें महत्वपूर्ण सार्वजनिक नीति मामलों पर प्रशिक्षण और टीचिंग और रिसर्च स्किल्स को बढ़ाना शामिल है।

-> संयुक्त वार्षिक रिपोटः इसमें दोनों पक्ष एक सहयोगात्मक वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेंगे जिसमें पूरे वर्ष आयोजित रिसर्च ऐक्टिविटीज का विवरण शामिल होगा।

इस समझौता ज्ञापन के तहत दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी और रैंड कॉरपोरेशन के बीच यह पार्टनरशिप नॉन-लीगल और नॉन-प्रॉफिट है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका स्थित रैंड कॉर्पोरेशन एक प्रतिष्ठित नॉन-प्रॉफिट संस्थान है जो व्यापक अनुसंधान और विश्लेषण के माध्यम से नीति और निर्णय लेने को बढ़ाने के लिए समर्पित है। शिक्षा के क्षेत्र में रैंड कारपोरेशन की विशेषज्ञता अर्ली चाइल्डहुड, के-12 स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, असेसमेंट, स्कूल सुधार, टीचर इफेक्टिवनेस, टेक्नोलॉजी इंटीग्रेशन सहित एक विस्तृत श्रृंखला तक फैली हुई है। इस संगठन को लगातार दुनिया भर में शीर्ष तीन शिक्षा थिंक टैंकों में से एक के रूप में मान्यता दी गई है, जो शिक्षा अनुसंधान में उनके असाधारण योगदान का प्रमाण है, जैसा कि 2020 ग्लोबल गो टू थिंक टैंक इंडेक्स रिपोर्ट रैंकिंग में स्वीकार किया गया है।

# वित्त मंत्री सीतारमण ने चीन के वित्त मंत्री लियू कुन से मुलाकात की



**गांधीनगर/नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चीन के वित्त मंत्री लियू कुन से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को मजबूत करने तथा वैश्विक ऋण संबंधी समस्याओं से निपटने के तरीकों पर चर्चा की। गांधीनगर में चल रही एफएमसीबीजी की दो दिवसीय बैठक के आज आखिरी दिन जी-20 के वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंक गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की तीसरी बैठक से इतर यहां दोनों मंत्रियों ने मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने अपनी अर्थव्यवस्थाओं, मुद्रास्फीति, व्यापार की स्थिति पर चर्चा की। इसके साथ ही आर्थिक वृद्धि एवं विकास के लिए एक बेहतर कारोबारी वातावरण बनाने पर जोर दिया। सीतारमण ने चीन के अपने समकक्ष से मुलाकात के दौरान जी-20 अध्यक्षता के तहत किए जा सकने वाले कार्यों पर चर्चा की। चीन के वित्त मंत्री लियू कुन ने जी-20 में भारत के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि अभी तक इसमें काफी कुछ हासिल किया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान सतत वित्त कार्य-समूह के सह-अध्यक्ष के रूप में चीन के प्रयासों की भी सराहना की।

# भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को मिली अंतरिम जमानत

**- नियमित जमानत के लिए याचिका पर कोर्ट 20 जुलाई को सुनवाई करेगा**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों के संबंध में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर को अंतरिम जमानत दे दी है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने ये आदेश दिया। बृजभूषण शरण सिंह ने आज ही कोर्ट में नियमित जमानत के लिए याचिका दायर की है, जिस पर कोर्ट 20 जुलाई को सुनवाई करेगा। इससे पहले 7 जुलाई को कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए बृजभूषण शरण सिंह और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया था। कोर्ट के समन के बाद आज दोनों आरोपित पेश हुए थे। दिल्ली पुलिस ने 15 जून को बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह बालिग महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में चार्जशीट दाखिल की है। राऊज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 354डी, 354ए और 506 (1) के तहत आरोप लगाए गए हैं। दिल्ली पुलिस ने चार्जशीट में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व असिस्टेंट सेक्रेटरी विनोद तोमर को भी आरोपित किया है। महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। उसके बाद दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह पर कार्रवाई की मांग करते हुए जंतर-मंतर पर धरना दिया था। हालांकि, बाद में इस धरने ने राजनीतिक रंग ले लिया था।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 9 राज्य सचिवों और 68 जिला कलेक्टरों को भूमि सम्मान प्रदान किया




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को यहां केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित एक समारोह में भूमि सम्मान 2023 प्रदान किए। यह पुरस्कार उन नौ राज्य सचिवों और 68 जिला कलेक्टरों को उनकी टीमों के साथ प्राप्त हुए, जिन्होंने डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) के मुख्य घटकों की संतृप्ति हासिल करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि भूमि रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि देश के समग्र विकास के लिए ग्रामीण विकास में तेजी लाना आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए भूमि अभिलेखों का आधुनिकीकरण एक बुनियादी आवश्यकता है, क्योंकि अधिकांश ग्रामीण आबादी की आजीविका भूमि संसाधनों पर निर्भर है। ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए एक व्यापक एकीकृत भूमि प्रबंधन प्रणाली अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने कहा कि डिजिटलीकरण से पारदर्शिता बढ़ती है। भूमि अभिलेखों के आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण से देश के विकास पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ेगा। भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण और विभिन्न सरकारी विभागों के साथ इसके जुड़ाव से कल्याणकारी योजनाओं के उचित कार्यान्वयन में मदद मिलेगी। बाढ़ और आग जैसी आपदाओं के कारण दस्तावेजों के नुकसान की स्थिति में भी यह बहुत मददगार होगा। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि डिजिटल इंडिया भूमि सूचना प्रबंधन प्रणाली के तहत, एक विशिष्ट भूमि पार्सल पहचान संख्या प्रदान की जा रही है, जो आधार कार्ड की तरह उपयोगी हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह संख्या भूमि के समुचित उपयोग के साथ-साथ नई कल्याणकारी योजनाओं को बनाने और लागू करने में मदद करेगी। ई-कोर्ट को भूमि रिकॉर्ड और पंजीकरण डेटा-बेस से जोड़ने से कई लाभ होंगे। डिजिटलीकरण से जो पारदर्शिता आ रही है, उससे जमीन संबंधी अनैतिक और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि भूमि संबंधी जानकारी मुफ्त और सुविधाजनक तरीके से मिलने से कई फायदे होंगे। उदाहरण के लिए इससे भूमि के स्वामित्व और उपयोग से संबंधित विवादों को सुलझाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारे देश की एक बड़ी आबादी जमीन से जुड़े विवादों में उलझी हुई है और इन मामलों में प्रशासन और न्यायपालिका का काफी समय बर्बाद होता है। डिजिटलीकरण और सूचना के जुड़ाव के माध्यम से लोगों और संस्थानों की ऊर्जा, जो विवादों को सुलझाने में खर्च होती है, का उपयोग विकास के लिए किया जाएगा।

# आईओआर के दक्षिण पूर्व जकार्ता में तैनात हुए भारत के दो फ्रंटलाइन युद्धपोत

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय नौसेना ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित फ्रंटलाइन युद्धपोत आईएनएस सह्याद्री और आईएनएस कोलकाता को हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के दक्षिण पूर्वी छोर पर जकार्ता, इंडोनेशिया में तैनात किया है। इसका मकसद भारत के समुद्री पड़ोसी के साथ घनिष्ठ संबंधों को मजबूत करना है। नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि दक्षिण पूर्वी आईओआर में भारतीय नौसेना के दो अग्रणी जहाज आईएनएस सह्याद्रि और आईएनएस कोलकाता तैनाती मिशन के लिए 17 जुलाई को जकार्ता पहुंचे। इंडोनेशियाई नौसेना ने दोनों जहाजों का गर्मजोशी से स्वागत किया। पोर्ट कॉल के दौरान भारतीय और इंडोनेशियाई नौसेनाओं के कर्मी पेशेवर बातचीत, संयुक्त योग सत्र, खेल कार्यक्रम और क्रॉस-डेक यात्राओं की एक विस्तृत श्रृंखला में शामिल होंगे, जिसका उद्देश्य दोनों नौसेनाओं के बीच आपसी सहयोग और समझ को मजबूत करना है। परिचालन बदलाव के पूरा होने पर दोनों जहाज दोनों नौसेनाओं के बीच पहले से मौजूद उच्च स्तर की अंतरसंचालनीयता को और मजबूत करने के लिए इंडोनेशियाई नौसेना के साथ समुद्री साझेदारी अभ्यास में भी भाग लेंगे। आईएनएस सह्याद्रि प्रोजेक्ट-17 श्रेणी का तीसरा स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित स्टील्थ युद्धपोत है। आईएनएस कोलकाता प्रोजेक्ट-15ए श्रेणी का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित स्टील्थ विध्वंसक है।

# कारगिल युद्ध में जीत के 24 साल पूरे होने का जश्न मनाएंगीं तीनों सेनाओं की महिलाएं

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर जीत के 24 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से कारगिल युद्ध स्मारक, द्रास तक 'नारी सशक्तिकरण महिला मोटरसाइकिल रैली' शुरू हुई। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने तीनों सेनाओं की महिला मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। थल सेनाध्यक्ष ने ऐसी चुनौतीपूर्ण यात्रा करने के लिए पूरी टीम को सराहा, जो राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करती है। मोटरसाइकिल रैली की 25 सदस्यीय टीम में दो वीर नारी शामिल हैं, जिनमें से एक सेवारत अधिकारी है। इसके अलावा भारतीय सेना में 10 सेवारत महिला अधिकारी, भारतीय वायु सेना और भारतीय नौसेना से एक-एक महिला अधिकारी, भारतीय सेना की तीन महिला सैनिक और आठ सशस्त्र अधिकारी हैं। महिलाओं की यह टीम कारगिल युद्ध में सशस्त्र बलों की निर्णायक जीत का जश्न मनाएगी और राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि देगी। यह रैली लगभग 1000 किलोमीटर की दूरी तय करके 25 जुलाई को द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पहुंचेगी। इस दौरान मोटरसाइकिल रैली हरियाणा, पंजाब के मैदानी इलाकों और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के ऊंचे पहाड़ी दर्रों से गुजरेगी। अपनी यात्रा के दौरान टीम एनसीसी कैडेटों, विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों के छात्रों और वीर नारियों के साथ बातचीत करेगी।

# राजधानी के बाढ़ पीड़ितों का इन अस्पतालों में होगा फ्री इलाज

**अजय कुमार**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बाढ़ जैसे हालात के बाद मच्छरजनित बीमारियां और इंफेक्शन के खतरे बढ़ गए हैं। जिसको देखते हुए दिल्ली सरकार की तरफ से अस्पतालों को इलाज व अन्य मेडिकल सुविधाओं के लिहाज से पूरी तरह तैयार रहने को कहा गया है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने शाहदरा स्थित स्वामी दयानंद अस्पताल और खिचड़ीपुर के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद चिकित्सकों को यह निर्देश दिया कि अगर बाढ़ राहत शिविर से इमरजेंसी में चिकनगुनिया, मलेरिया और डेंगू जैसे लक्षण वाले मरीज आते हैं, तो अस्पताल परिसर में बने डिजास्टर मैनेजमेंट बोर्ड में उन्हें भर्ती किया जाए। इसके अलावा, स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल सुविधाओं को पूरी तरह दुरुस्त रखने का आदेश दिया। इस बीच यमुना में आए बाढ़ के बाद जलस्तर का उतार-चढ़ाव लगातार जारी है, लेकिन कई इलाकों से जलजमाव की स्थिति खत्म हो चुकी है। जलभराव समाप्त होने बाद वाटर बोर्न और वेक्टर बोर्न बीमारियों का खतरा काफी बढ़ गया है। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री के साथ क्षेत्रीय विधायक, दिल्ली की मेयर व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों व अस्पतालों के चिकित्सकों को दिशा निर्देश देते हुए कहा अगर बाढ़ राहत शिविर से डेंगू मलेरिया चिकनगुनिया या अन्य रोगों से संबंधित कोई भी मरीज यहां आते हैं तो अस्पताल परिसर में बनाए गए डिजास्टर मैनेजमेंट वार्ड में उन्हें भर्ती किया जाए।

# एल.पी.जी.आई. साहित्या एसोसिएशन (रजि.) ने किया 80 वें अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन

**- डॉ. नीजा सिंह और आशीष शर्मा ने किया निधि देश की पुस्तक का विमोचन**

**- योगिता शर्मा ने सभी का किया इस्तकबाल**



एल.पी.जी.आई. साहित्या एसोसिएशन (रजि.) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह एल.पी.जी.आई.एस.ए. का 80वां जी.जी.एम. (ग्लोबल गैदरिंग मीट) था, जिसमें हिन्दी और इंगलिश की बेहतरीन रचनाएँ पढ़ीं गईं। इस अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में दुनिया भर से जाने माने कवियों ने शिरकत की। टी.एस. सेंट्रल स्टेट लाईब्रेरी चंडीगढ़ की लाईब्रेरियन डॉ. नीजा सिंह मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने आशीष और योगिता के साहित्य के लिए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने एल.पी.जी.आई.एस.ए की साहित्य और हिन्दी के प्रचार एवं प्रसार और दुनिया भर से कवियों को एक सूत्र में बांधने के हेतु प्रयासों की सराहना की। एल.पी.जी.आई. साहित्या एसोसिएशन (रजि.) के संस्थापक और ग्लोबल चेयरमैन आशीष शर्मा ने सभी का स्वागत किया और शुभकामनाएँ दीं। एल.पी.जी.आई. साहित्या एसोसिएशन (रजि.) की संस्थापिका और ग्लोबल प्रेसिडेंट योगिता शर्मा ने भी इस कार्यक्रम में उपस्थिति दी और सभी का इस्तकबाल किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सिंगापुर से कवयित्री डॉ.आराधना सदाशिवम ने किया। इस कार्यक्रम में एल.पी.जी.आई.एस.ए की ग्लोबल वाईस प्रेसिडैंट कोचिंग निधि देश की पुस्तक एन ओड टू माई किन का विमोचन डॉ. नीजा सिंह और आशीष शर्मा ने किया। उन्होंने निधि देश की पुस्तक और रचनाओं की बहुत प्रशंसा की। विशेष वक्तव्य एल.पी.जी.आई.एस.ए की रीजनल प्रेसिडेंट ऑस्ट्रेलिया सुमन जैन ने दिया। एल.पी.जी.आई.एस.ए की ग्लोबल वाईस प्रेसिडेंट मीडिया स्पोर्ट वैशाली रस्तौगी ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। एल.पी.जी.आई.एस.ए की ग्लोबल वाइस प्रेसिडेंट एडवाइजरी मीनू संयोग, ग्लोबल वाईस प्रेसिडैंट जी.जी.एम मॉनीटरिंग मीनाक्षी गाँधी गुप्ता और रीजनल प्रेसिडेंट इंडिया रेखा नायर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। पुस्तक की लेखिका निधि देश ने आशीष शर्मा, डॉ. नीजा सिंह, योगिता शर्मा और एल.पी.जी.आई.एस.ए का धन्यवाद किया और अपनी पुस्तक के विषय में अवगत करवाया। दुनिया भर से जाने-माने कवि इस सम्मेलन में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में डॉ. नीजा सिंह, योगिता शर्मा, रेखा नायर, त्यागी अशोका कृष्णम, संगीता महेश, अविजीत अवि (भारत), आशीष शर्मा, मीनू संयोग, निधि देश, मीनाक्षी गांधी गुप्ता, वैशाली रस्तौगी (इंडोनेशिया), आराधना सदाशिवम, डॉ.स्मिता सिंह, स्मिता कुंवर विवेक (सिंगापोर), सुमन जैन, मंजुला ठाकुर, उर्मिला मिश्रा (आस्ट्रेलिया) ने अपने विचार रखे और अपनी बेहतरीन रचनाओं से काव्य व्योम को सजा दिया। वीडियो- अभिलक्ष शर्मा, पोस्टर - वेदिका गुप्ता और सर्टिफिकेट - थाइलैंड से ग्लोबल सर्टिफिकेट समन्वयक सुनीता महेंद्रू द्वारा तैयार किए गए।

# "केन्द्रीय पंजीयक- सहारा रिफण्ड पोर्टल" का शाह ने किया शुभारम्भ



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि सहारा की चार सहकारी समितियों में जिन लोगों ने पैसा जमा किया है, सरकार उसे वापस करवा रही है। इस कदम से लोगों के मन में सहकारिता के प्रति भरोसा और अधिक बढ़ेगा। शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली में "केन्द्रीय पंजीयक-सहारा रिफण्ड पोर्टल" का शुभारम्भ करते हुए कहा कि इस पोर्टल से सहारा की चार सहकारी समितियों (सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज सोसाइटी लिमिटेड, हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और स्टार्स मल्टीपर्पज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड) के निवेशकों का पैसा वापस किया जाएगा। पोर्टल पर आवेदन करने के 45 दिनों में पैसा वापस करने की व्यवस्था की गई है। शाह ने कहा कि जब पांच हजार करोड़ रुपये हम वापस करा देंगे तो पुनः कोर्ट जाएंगे और जिन निवेशकों के पैसे बाकी होंगे, उनके पैसे वापसी के लिए भी अनुरोध करेंगे। उल्लेखनीय है कि सहारा समूह की सहकारी समितियों के जमाकताओं की वैध जमा धनराशि के भुगतान संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए सहकारिता मंत्रालय के आवेदन पर सर्वोच्च न्यायालय ने 29 मार्च, 2023 को एक आदेश दिया था। इसके तहत सर्वोच्च न्यायालय ने सहारा समूह की सहकारी समितियों के वास्तविक जमाकताओं के वैध देयों के भुगतान के लिए "सहारा-सेबी रिफंड खाते" से 5000 करोड़ रुपये सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार (सीआरसीएस) को हस्तांतरित किए जाने का आदेश दिया था।

**ऐसी होगी संवितरण की प्रक्रिया** - संपूर्ण प्रक्रिया डिजिटल, उपयोगकर्ता अनुकूल, प्रभावशाली और पारदर्शी होगी, जिसमें आवश्यक जांच एवं नियंत्रण समाविष्ट किया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि केवल प्रामाणिक जमाकताओं के वैध जमाराशियों का ही रिफंड हो सके। इन समितियों के प्रामाणिक जमाकर्ता सहकारिता मंत्रालय की वेबसाइट https://cooperation.gov.in के माध्यम से इस पोर्टल पर लॉगइन करके अपने दावों को ऑनलाइन प्रस्तुत करें और अपने दावे एवं जमा के साक्ष्य के रूप में आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें। वे यह सुनिश्चित करें कि उनके पास आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर और आधार से जुड़ा बैंक खाता है।

ऑनलाइन प्रस्तुत आवेदन का सत्यापन सहारा समूह की समितियों द्वारा 30 दिनों के भीतर किया जाएगा और अगले 15 दिनों के अंदर, ऑनलाइन दावा दाखिल करने के 45 दिनों के भीतर, एसएमएस/पोर्टल के माध्यम से लिए गए निर्णय की सूचना संसूचित कर दी जाएगी। सफल दावे की दशा में, धन की उपलब्धता के अध्यधीन, भुगतान को संबंधित बैंक खाते में भेज दिया जाएगा। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से दर्ज किए गए दावों पर ही विचार किया जाएगा।

# भाजपा के लिए राजनैतिक नैतिकता और मर्यादा सिर्फ मुखौटा : अजय राय

**– सुभासपा से गठबंधन पर कांग्रेस ने साधा निशाना, आरोप- अपने ही दल के नेताओं के हत्यारों से गठबंधन**



**वाराणसी, (हि.स.)।** भाजपा और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) गठबंधन पर कांग्रेस ने जमकर निशाना साधा है। पार्टी के प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष प्रयागराज जोन पूर्व विधायक अजय राय ने दोनों दलों के गठबंधन पर सवाल उठाया और कहा कि जो गठबंधन हुआ है वह कहीं से भी पवित्र कहा जा सकता है। महामंडल नगर लहुराबीर स्थित अपने आवास पर मंगलवार को मीडिया से रूबरू पूर्व विधायक अजय राय ने कहा कि भाजपा के लिए राजनैतिक नैतिकता और मयार्दा सिर्फ मुखौटा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा ने अपने ही दल के नेताओं के हत्यारोपियों से 2024 लोकसभा चुनाव के लिए समझौता कर यह साबित कर दिया है कि माफियाओं के खिलाफ उनका अभियान महज नौटंकी है। अगर ऐसा नही है तो फिर राजनैतिक मयार्दा का जो पैमाना भाजपा दूसरे राजनैतिक दलों के लिए सेट करती है, फिर उससे वह खुद को परे क्यों समझती है। उन्होंने कहा कि यही वह भाजपा और अमित शाह हैं जिन्होंने सन 2014 में जब मैं वाराणसी से लोकसभा चुनाव लड़ रहा था तो इन लोगों ने मेरे ऊपर मुख्तार अंसारी से समझौता करने का झूठा दुष्प्रचार किया था, जबकि परिणाम आप सभी के सामने है। मैंने अपने बड़े भैया स्व0 अवधेश राय की हत्या के दोषी मुख्तार के खिलाफ पूरी ताकत के साथ एक लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी और मुख्तार अंसारी जैसे अपराधी को सजा दिलाई। उन्होंने कहा कि जो मुख्तार अंसारी विहिप के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नंदकिशोर रुंगटा, भाजपा विधायक कृष्णानंद राय, मुहम्मदाबाद के पूर्व ब्लाक प्रमुख भाजपा नेता श्याम शंकर राय भांवरकोल के भाजपा के तत्कालीन मंडल अध्यक्ष रमेश राय, अखिलेश राय, शेषनाथ पटेल, चालक मुन्ना यादव व सरकारी अंग रक्षक समेत संघ और भाजपा के कई प्रमुख नेताओं के हत्या में शामिल हैं, उसी मुख्तार अंसारी के बेटे सुभासपा के विधायक अब्बास अंसारी से समझौता कर लिया है। भाजपा सत्ता और अपने फायदे के लिए किसी भी स्तर पर गिर सकती है, मौजूदा गठबंधन ने यह स्पष्ट कर दिया है। अपने नेताओं और कार्यकताओं की हत्या में खून से सने हाथों को अपने गले की हार बनाना कोई भाजपा से सीखे। भाजपा और अमित शाह को कम से कम अपने उन मृत नेताओं और कार्यकताओं के परिजनों के आंसुओं की तो परवाह करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि भाजपा अगर मुख्तार अंसारी को अपराधी मानती है तो फिर उसी मुख्तार अंसारी के बेटे और सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी से यह गलबहियां कर वह क्या संदेश देना चाहती है। अजय राय ने आरोप लगाया कि अंदरखाने मुख्तार अंसारी के साथ भाजपा की कोई सांठ गांठ तो नहीं है जिसके द्वारा मुख्तार अपने खिलाफ चल रहे कार्यवाही से राहत पाने और उधर भाजपा 2024 के लोक सभा चुनाव के लिए समीकरण साधने की फिराक में हैं। वार्ता में जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, राघवेन्द्र चौबे, शैलेंद्र सिंह, शफक रिजवी, डॉ नृपेंद्र नारायण सिंह आदि भी मौजूद रहे।

# सरकारी नौकरी निकलते ही झोला लेकर वसूली पर निकल पड़ते थे चाचा-भतीजा : योगी

**– मुख्यमंत्री ने चयनित 1,573 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकर्त्रियों को वितरित किया नियुक्ति पत्र**

**लखनऊ, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां लोकभवन में 1537 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकर्त्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के साथ ही विपक्ष पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहले की सरकार में प्रदेश के नौजवानों के सामने पहचान का संकट होता था। सरकारी नौकरी निकलती थी तो चाचा और भतीजा झोला लेकर के वसूली पर निकल पड़ते थे। इससे प्रदेश का प्रतिभाशाली नौजवान ठगा रह जाता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश के आयोग या बोर्ड पर कोई अंगुली नहीं उठा सकता है। आज हम टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग करते हुए पूरे पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी की भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे हैं। इसी का परिणाम है कि प्रदेश के नौजवानों के मन में उत्साह है और उनके मन में प्रदेश के लिए कुछ कर गुजरने की तमन्ना है। योगी ने कहा कि पूर्व की बीमार मानसकिता की सरकार ने उत्तर प्रदेश को बीमारू बना दिया था। हमारी सरकार ने पिछले छह वर्ष के अंदर यूपी को बीमारू राज्य की श्रेणी से उबारकर एक सक्षम राज्य बनने की ओर अग्रसर किया है। नीति आयोग के आंकड़े इसके गवाह हैं। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के आंकड़ों को देखें तो वर्ष 2015-2016 में प्रदेश में पौने छह करोड़ लोग यानी 37.68 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे थे।



वहीं हमारी सरकार वर्ष 2019 से 2021 के अंदर ही इसे कम करते हुए 22 फीसदी पर लाने में सफल हुई। आज के समय में यह आंकड़ा मात्र 12 फीसदी पर रह गया है। यह आंकड़ा सभी को आश्चर्य में डालता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन जिलों में बहुत कम कार्य हुए थे, हमारी सरकार ने उन्हें चिन्हित किया। इसके तहत नीति आयोग द्वारा चयनित आठ आकांक्षात्मक जनपदों के साथ-साथ हमने 100 आकांक्षात्मक विकास खंडों का भी चयन किया। नीति आयोग द्वारा निर्धारित किए गए पैरामीटर्स शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं जल संसाधान, कौशल विकास एवं रोजगार और आर्थिक असमानता पर कार्य करना शुरू किया।

इसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर तेजी के साथ आगे बढ़ पाया।

**19वां नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम** – मख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह कार्यक्रम मिशन रोजगार के साथ-साथ मिशन शक्ति का भी है, क्योंकि इससे प्रदेश की बालिकाएं जुड़ी हुई हैं। यह उन्हें सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल में हमारी सरकार 19 नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित कर चुकी है। इसके तहत लगभग 58000 नौजवानों को सरकारी नौकरी दी गई है। अगर सरकार के पास दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो ऐसे ही पारदर्शी तरीके से युवाओं को नौकरी और रोजगार से जोड़ सकती है।

**पहले की सरकारों में एएनएम स्वास्थ्य कार्यकर्त्रियों की होती थी उपेक्षा** – योगी ने नवनियुक्त एएनएम को बधाई दी और कहा कि पहले की सरकारों में आशा वर्कर और एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों की उपेक्षा की जाती थी। इनकी सेवाओं का मूल्यांकन नहीं हो पाता था। जगह खाली पड़ी रहती थी, कोई भरता नहीं था। हमारी सरकार ने एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्रियों के महत्व को समझते हुए इस दिशा में कार्य करना शुरू किया। इसकी नतीजा है कि खाली पड़े पद आज भरे जा रहे हैं। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, चिकित्सा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# जलशक्ति मंत्री को बिजनौर के बाढ़ग्रस्त लोगों ने सुनाई समस्याएं



**लखनऊ, (हि. स.)।** बिजनौर जनपद में नदी में उफान के बाद बाढ़ जैसी स्थिति बनती देखकर जनपद निवासी बाढ़ग्रस्त लोगों ने जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से लखनऊ स्थित आवास पर मंगलवार को सम्पर्क किया। जलशक्ति मंत्री ने लोगों के ज्ञापन को पढ़कर बिजनौर के सिंचाई विभाग के अधिकारियों को फोन से बातचीत की और आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए। बिजनौर से आये प्रिंस चौधरी ने कहा कि जलीलपुर इलाके के गंगा नदी के किनारे बसे गांव शेखपुर, अलीपुर खादर, मीरापुर सीकरी, रायपुर खादर, सलेमपुर खादर, नारनौल, खानपुर खादर, खादर मुजफ्फरपुर बाढ़ से प्रभावित हो गए हैं। उन्होंने गंगा के रौद्र रूप को देखते हुए जलशक्ति मंत्री से जनपद वासियों की समस्या को रखा। उन्होंने कहा कि जनपद के गांव नावका के जंगल में बनैली नदी भी उफान पर है, जिसके कारण कुछ दिन पूर्व में ग्रामीण फंस गए थे। जल स्तर बढ़ने से नदी की धारा के बीच ग्रामीणों को कई घंटे एक ही जगह फंसे रहकर गुजारना पड़ा।

# ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को बनाया जा रहा आत्मनिर्भर : स्मृति ईरानी

**सुलतानपुर, (हि.स.)।** केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी मंगलवार को भवानीगढ़ गांव में स्व. राम सुंदर यादव अमृत सरोवर का भूमि पूजन किया। केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी ने कहा कि केंद्रीय योजनाओं के माध्यम से रेड देकर ग्रामीण क्षेत्र के युवा बेरोजगारों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। भूमि पूजन समारोह में सांसद स्मृति ईरानी ने क्षेत्रीय नागरिकों की जन समस्याओं का भी निस्तारण किया। भूमि पूजन समारोह में उमड़े जन समुदाय के बीच केंद्रीय मंत्री ने पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे स्वर्गीय राम सुंदर यादव के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की । उन्होंने कहा कि भवानीगढ़ गांव में अमृत सरोवर का निर्माण किया जा रहा है। श्रीमती ईरानी ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति को उनका हक दिलाने का काम किया है।केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी ने कहा कि केंद्रीय योजनाओं के माध्यम से रेड देकर ग्रामीण क्षेत्र के युवा



बेरोजगारों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। श्रीमती ईरानी ने प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों एवं मनरेगा मजदूरों से बातचीत कर उनका हाल जाना। जिसके उपरांत श्रीमती ईरानी ने हलियापुर में आयोजित लोन मेले में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं में ऋण वितरण किया। समारोह में विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार सिंह,उप जिलाधिकारी विदुषी सिंह, जिला विकास अधिकारी अजय पांडे समेत सुल्तानपुर जिला प्रशासन के बड़ी संख्या में अधिकारी गण मौजूद रहे। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने कहा कि 29लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले स्वर्गीय राम सुंदर यादव अमृत सरोवर के तट का सुंदरीकरण कर उसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। अमृत सरोवरों की खुदाई जेसीबी से किए जाने के सवाल पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ऐसे कार्य जहां पर खुदाई में मशीनों का उपयोग किया जा रहा है, उसे श्रमदान घोषित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में बड़े स्तर पर ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधानों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है।

# देश के जनता की आवाज बन गई 'मोदी मोर' : रीता बहुगुणा जोशी

**--देश मांग रहा फिर एक बार मोदी सरकार : गणेश केसरवानी**
**--भाजपा कार्यकताओं ने चलाया महा जनसंपर्क अभियान**



**प्रयागराज, (हि.स.)।** आज पूरा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए कामों को लेकर अपना समर्थन मोदी को दे रहा है और समाज का हर वर्ग फिर एक बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाना चाह रहा है। मोदी मोर देश के जनता की आवाज बन गई है। यह बातें इलाहाबाद की सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थान रमा देवी इंटर कॉलेज मीरापुर एवं इंडियन गर्ल्स इंटर कॉलेज हीवेट रोड में सम्बोधित करते हुए कही। मंगलवार को भाजपा द्वारा चल रहे महा जनसम्पर्क अभियान के अंतर्गत सांसद ने प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों से संपर्क कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनके नौ वर्ष के कालखंड में किए गए कार्यों को लेकर जन समर्थन मांगा। इस अवसर पर सभी अध्यापकों ने मोदी को 90-90-90 2024 पर मिस्ड कॉल कर अपना समर्थन दिया।

इसके अलावा अभियान को लेकर भाजपा महानगर अध्यक्ष एवं महापौर गणेश केसरवानी ने कीडगंज, मलाक राज, अतरसुइया, क्षेत्र में जाकर लोगों से मोदी के कार्यों का पत्रक वितरण किया और समर्थन मांगा। इस अवसर महापौर ने कहा कि महानगर क्षेत्र में जनता का व्यापक जनसमर्थन मोदी को मिल रहा है और देश की जनता फिर एक बार मोदी सरकार मांग रही है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि महासंपर्क अभियान के दूसरे दिन मीरापुर, मुट्ठीगंज, कीडगंज, मंफोर्डगंज, कटरा, सिविल लाइन, अल्लापुर, दारागंज, शिवकुटी, फाफामऊ, खुल्दाबाद, प्रीतम नगर, राजरूपपुर, बमरौली, कर्नलगंज आदि क्षेत्रों में महा जनसंपर्क अभियान मंडल अध्यक्षों के द्वारा चलाया गया। इस अवसर पर प्रमोद मोदी, विवेक अग्रवाल, विजय पुर्शवानी, पूर्व पार्षद विजय वैश्य, दिनेश विश्वकर्मा, अजय अग्रहरि, नीरज दीक्षित, अतुल खन्ना, शत्रुघ्न जायसवाल, राजू वर्मा, लता उपाध्याय, हरीश मिश्रा, अरविंद गुप्ता, आलोक वैश्य आदि रहे।

# सीबीआई की कहा, तारा शाहदेव को धोखे में रखकर की गई शादी



**रांची, (हि.स.)।** रांची सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को तारा शाहदेव से जुड़े केस की सुनवाई हुई। इस दौरान सीबीआई की ओर से बहस की गयी। सीबीआई के वरीय लोक अभियोजक ने कोर्ट को बताया कि तारा शाहदेव को धोखे में रखकर शादी की गयी।

कहा गया कि शादी के बाद निकाह पढ़ाकर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला गया। इतना ही नहीं इस केस के दूसरे अभियुक्त मुश्ताक अहमद ने तारा को शारीरिक संबंध बनाने के लिए प्रताड़ित भी किया। सीबीआई की बहस के बाद अब अगली सुनवाई के लिए 20 जुलाई की तिथि निर्धारित की गयी है। रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल के साथ हाई कोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद व कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रही हैं। आरोपितों के खिलाफ कोर्ट ने दो जुलाई, 2018 को आरोप गठित किया था। सीबीआई ने इस केस को वर्ष 2015 में टेक ओवर किया था।

# हाई कोर्ट ने जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दिया निर्देश

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने झारखंड विधानसभा की ओर से कोर्ट के आदेश के आलोक में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद कमीशन की रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने अगली सुनवाई में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की वन मैन कमिटी की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए कहा कि अगर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जाती है तो सचिव, विधानसभा कोर्ट में अगली सुनवाई में कोर्ट में सशरीर उपस्थित रहेंगे। मामले की अगली सुनवाई 16 अगस्त को होगी। इससे पहले विधानसभा की ओर से कोर्ट में शपथ पत्र प्रस्तुत कर कहा गया की जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की कमिशन की रिपोर्ट अभी जस्टिस एसजे



मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन के पास है। इस पर खंडपीठ ने विधानसभा सचिव को निर्देश दिया कि वे जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की कमीशन से जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट लेकर हाई कोर्ट में प्रस्तुत करें। वर्ष 2005 से वर्ष 2007 के बीच में झारखंड विधानसभा में करीब डेढ़ सौ लोगों की अवैध नियुक्ति की जांच कराने का आग्रह करने वाली शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका पर मंगलवार को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। विधानसभा की ओर से अपर महाधिवक्ता जयप्रकाश एवं अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की जबकि याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने विधानसभा सचिव से पूछा था कि जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन की रिपोर्ट का क्या हुआ? यह रिपोर्ट कब तक आएगी।

# झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 से, भाजपा ने कम कार्य दिवस होने पर उठाए सवाल

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से चार अगस्त तक चलेगा। सदन में बतौर मंत्री बेबी देवी पहली बार मौजूद रहेंगी। बेबी देवी हेमंत सरकार की दूसरी मंत्री हैं जो निर्वाचन से पूर्व मंत्री बनी हैं। जगरनाथ महतो के निधन के बाद उनकी जगह मंत्री बनी बेबी देवी को उत्पाद मंत्री बनाया गया है। मानसून सत्र के दौरान सरकार द्वारा सदन में कई विधेयक लाने की तैयारी की जा रही है। इसमें पिछले दिनों राजभवन से लौटाए गए कुछ विधेयक भी शामिल हैं। 28 जुलाई को सदन की कार्यवाही दिन के 11 बजे से शुरू होगी। पहले दिन की औपचारिकता पूरी होने के बाद सोमवार 31 जुलाई 11 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित रहेगा। चार जुलाई तक चलने वाले झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सदन में प्रश्नकाल से लेकर सरकार द्वारा



अनुपूरक बजट, विनियोग विधेयक लाया जाएगा। दोनों ओर से बहस के बाद इसे सदन से पास कराने का प्रयास सरकार द्वारा किया जाएगा। पंचम विधानसभा का कार्यकाल समापन की ओर बढ़ चला है, इसलिए इस बार के मानसून सत्र को अहम माना जा रहा है। सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण रूप से संचालित करने की तैयारी में जुटे स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो इस सत्र को ऐतिहासिक बता रहे हैं। उनका मानना है कि पंचम विधानसभा का यह कार्यकाल चूंकि अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ चला है, इसलिए सभी सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की समस्या सदन में रखकर सदन के एक-एक पल का सदुपयोग करेंगे। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक छह महीने के अंदर सदन को आहूत करना आवश्यक है। इस वजह से सामान्य तौर पर विधानसभा का सत्र बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र के रूप में बुलाया जाता है। आम तौर पर बजट सत्र को छोड़कर मानसून और शीतकालीन सत्र कम दिनों का बुलाया जाता है। इसके कारण सदन में सभी विधायक अपने सवाल नहीं रख पाते हैं। इस बार भी सदन की कार्यवाही महज पांच कार्यदिवस का होगा, जिसमें सभी विधायक के द्वारा प्रश्न रखना मुश्किल है। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि सरकार चाहती ही नहीं है कि सदन में विधायक सवाल रखें। इतने कम दिनों के इस मानसून सत्र में 82 विधायक कैसे सवाल रख पाएंगे।

# विपक्ष एकता को डराने-धमकाने की केंद्र की कोशिश होगी नाकाम : ललन सिंह

**पटना, (हि.स.)।** बेंगलुरु में विपक्षी एकता की बैठक शुरू होने से पूर्व तमिलनाडु में एक मंत्री के ठिकानों पर ईडी की हुई छापेमारी के खिलाफ बिहार में सत्ता पक्ष केंद्र पर हमलावर है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने मंगलवार को ट्विट करते हुए लिखा हैकि वह ईडी और सीबीआई के किसी कार्रवाई से नहीं डरते हैं। जदयू अध्यक्ष ललन सिंह ने भी ट्विट करते हुए केंद्र की मोदी सरकार को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा है देश के 99 प्रतिशत लोगों ने 2024 में भाजपा मुक्त भारत बनाने का मन बना लिया है और यह हो कर रहेगा। उन्होंने एक बार फिर से भाजपा के वाशिंग मशीन का जिक्र करते हुए कहा कि यहां अरबों रुपये के घोटाला करने वालों को वाशिंग मशीन में डालकर सदाचारी बनाया जा रहा है। ललन सिंह ने ट्विट कर केंद्र पर हमला करते हुए लिखा है कि अपने



पालतू तोतों के जरिए देशवासियों के हित में विपक्ष की चट्टानी एकता को डराने, धमकाने और तोड़ने की हर कोशिश नाकाम होगी। देश की जनता सब देख रही है कि कैसे अरबों रुपये के घोटाले वाले भ्रष्टाचारियों को भाजपाई वॉशिंग मशीन में डालकर सदाचारी बनाया जा रहा है और विपक्षी नेताओं के विरुद्ध पालतू तोतों का इस्तेमाल कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। देश के 99 फीसदी लोगों ने 2024 में भाजपा मुक्त भारत बनाने का मन बना लिया है और यह होकर रहेगा।

# संचार क्रांति में मील का पत्थर साबित होगी पीएम वाईफाई योजना : दीपक मिश्रा

**डॉ दयाल की अध्यक्षता में वाईफाई सेवा उद्घाटित, पर्यावरण बचाने वृक्षारोपण**

**नवादा, (हि. स.)।** नवादा शहर के माधोविगहा स्थित दयाल पब्लिक स्कूल के परिसर में निदेशक डॉ तुलसी दयाल की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में मंगलवार को पीएम वाईफाई का शुभारंभ किया गया। वृक्षारोपण का भी कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नवादा के डीडीसी दीपक कुमार मिश्रा ,विशिष्ट अतिथि के रूप में पीएम वाणी के फाउंडर गौरव सिंह उपस्थित थे। विद्यालय के निदेशक डॉ दयाल एवं उप विकास आयुक्त विद्यालय के सचिव शिल्पा सिन्हा समेत कई गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए नवादा के उप विकास आयुक्त ने कहा कि पीएम वाणी हाई-फाई संपूर्ण वाईफाई रेडिएशन की फ्री क्रांति है। जो संचार माध्यमों के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। शिक्षाविद डॉक्टर तुलसी दयाल ने कहा कि सस्ते वाईफाई के माध्यम से ग्रामीण इलाकों के बच्चे भी बेहतर पढ़ाई कर जीवन के उच्चतम शिखर पर पहुंच सकते हैं




इससे सस्ते दर पर ग्रामीण इलाके के बच्चे भी बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। कम दरों में उपभोक्ताओं को अनलिमिटेड इंटरनेट की सुविधा मिलेगी। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कार्यक्रम सराहनीय है । जिससे डिजिटल जमाने में लोगों को राहत मिलेगी। कम लागत में अपना पीएम वाणी के माध्यम से वाईफाई से फायदा ले सकता है। इसके माध्यम से बेहतर शिक्षा और स्वालंबन भी पा सकता है। डॉक्टर दयाल ने कहा कि पौधारोपण से ही पृथ्वी की रक्षा संभव है। इसके लिए भी बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान भी चला रखा है। ताकि पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिंग से बचाया जा सके। वृक्षारोपण पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को वृक्ष लगाना चाहिए। चाहे कोई भी पौधा हो। पौधारोपण के साथ-साथ सबसे बड़ी जरूरी है। देखभाल करना इससे पर्यावरण संतुलित रहेगा। जल जीवन हरियाली के माध्यम से तीन लाख से अधिक नवादा जिला में वृक्षारोपण किया जाएगा। बिहार सरकार के द्वारा जल जीवन हरियाली के माध्यम से वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जा रहा है ताकि पर्यावरण संतुलित रहेगा तभी समाज के अंतिम पायदान के लोगों को पर्यावरण का लाभ मिल पाएगा और सेहत भी स्वस्थ रहेगा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी धन है इसीलिए लोगों को संकल्प लेनी चाहिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल महेंद्र प्रसाद विद्यालय के सचिव शिल्पा सिन्हा विद्यालय के सभी विद्यार्थी एवं शिक्षक गण तथा समाजसेवी कमलेश सैनी भी मौजूद थे।

# बेटी बचाव बेटी पढ़ाव जिला कमिटी की कटिहार भाजपा ने की घोषणा

**कटिहार, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के बेटी बचाव बेटी पढ़ाव अभियान के तहत बिहार प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार मंगलवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जिला कमेटी का घोषणा की गई। जिसमें पूजा शर्मा को जिला संयोजक बनाया गया। कमिटी में दीपा पांडे व नेहा कुमारी को सह संयोजक की जिम्मेवारी सौपी गई। इस कमिटी में ज्योति कुमारी, उषा अग्रवाल, पूजा केसरी, सुलोचना दास, कविता देवी, लकी गुप्ता, गुड़िया देवी, राज लक्ष्मी देवी, बिंदु कुमारी, मौमिता चक्रवर्ती, खुशबू सिंह, ललिता भारती, किरण देवी, रानी देवी, निशा देवी, अपर्णा कुमारी राय, पिंकी देवी, चाइना देवी को सदस्य



बनाया गया है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के जिला कमेटी के मनोनीत होने पर जिला भाजपा अध्यक्ष मनोज राय, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल, लोकसभा प्रभारी प्रफुल्ल रंजन वर्मा, कोढ़ा विधायक कविता पासवान, प्राणपुर विधायक निशा सिंह, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, महापौर उषा देवी अग्रवाल, पूर्व विधान पार्षद राजवंशी सिंह, पूर्व विधान पार्षद विभाग चंद्र चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो, चंद्र भूषण ठाकुर, जिला महामंत्री वीरेंद्र यादव, सौरभ कुमार मालाकार, जिला उपाध्यक्ष दिलीप बर्मा, शोभा जायसवाल, रंजना झा, मंजू चंद्रवंशी, पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा झा, प्रियंका सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकताओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जिला कमेटी के गठन पर खुशी व्यक्त करते हुए सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी है।



# दुनिया के सामने फिर फूड क्राइसिस का खतरा : रूस ने यूक्रेन के साथ ब्लैक सी ग्रेन डील खत्म की, पुतिन ने कहा–हमारी शर्तें मानो

**मॉस्को।**

रूस ने यूक्रेन के साथ 'ब्लैक सी ग्रेन डील' सोमवार को खत्म कर दी। इसी डील के तहत पिछले साल दुनिया से फूड क्राइसिस के खतरे को बमुश्किल टाला गया था। अब व्लादिमिर पुतिन ने एकतरफा तौर पर डील खत्म कर दी है तो इससे ग्लोबल फूड क्राइसिस फिर पैदा हो सकती है। फैसले पर पुतिन के प्रवक्ता ने कहा– हमारी कुछ मांगें हैं, इनके पूरे किए जाने तक हम डील से अलग रहेंगे।

रूस के इस फैसले का हर तरफ विरोध हो रहा है। यूएन ने कहा है कि इससे लाखों लोगों के भूख से मरने का खतरा बढ़ जाएगा। अमेरिका ने इसे तानाशाही रवैया करार दिया है तो यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्दोमिर जेलेंस्की ने कहा है कि वो दुनिया को अनाज सप्लाई करते रहेंगे।

### रूस के फैसले पर एक नजर

24 फरवरी 2022 को रूस ने यूक्रेन पर हमला किया और दोनों देशों के बीच जंग शुरू हो गई। यूक्रेन फूड सप्लाई के मामले में दुनिया के अव्वल देशों में से एक है। ब्लैक सी से गुजरने वाले उसके ग्रेन शिप्स पर रूस के हमलों का खतरा था। लिहाजा, उसने सप्लाई रोक दी और इससे चेन एंड सप्लाई कमजोर पड़ गई। कई यूरोपीय देशों के अलावा अफ्रीका में लोगों के भूख से मरने का खतरा पैदा हो गया। इस बीच, तुर्किये और यूएन की कोशिशों से पिछले साल जुलाई में एक डील हुई। इसमें यह था कि रूस और यूक्रेन दोनों ही एक–दूसरे के कार्गो शिप्स पर हमले नहीं करेंगे। इसके अलावा यूएन के अफसर हर शिप की जांच करेंगे, ताकि इनका इस्तेमाल हथियार ले जाने में न हो। खास बात यह है कि यूक्रेन फूड आइटम्स के अलावा बड़ी तादाद में फर्टिलाइजर भी एक्सपोर्ट करता है। अब पुतिन ने यह डील एकतरफा तौर पर रद्द कर दी है। मायने ये कि वो यूक्रेन के अन्न ले जा रहे जहाजों को भी निशाना बना सकता है। पुतिन सरकार के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा– ग्रेन डील का आखिरी दिन है। हमारी कुछ मांगें हैं, जब तक इन्हें पूरा नहीं किया जाएगा, तब तक इस डील पर हम अमल शुरू नहीं करेंगे।

### जेलेंस्की बोले- पीछे नहीं हटेंगे

रूस की तरफ से ग्रेन डील खत्म किए जाने से यूक्रेन के प्रेसिडेंट परेशान नहीं दिखे। उन्होंने कहा– इसमें यूक्रेन और रूस दोनों शामिल थे। अब रूस पीछे हट गया है, लेकिन यूक्रेन फूड सप्लाई जारी रखेगा। जेलेंस्की के स्पोक्सपर्सन ने कहा– रूस के अलग होने से हमें कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हम ब्लैक सी के जरिए सप्लाई जारी रखेंगे। इसमें यूएन की मदद लेते रहेंगे। हमने शिपिंग कंपनियों से बातचीत की है और वो सप्लाई के लिए तैयार हैं। तुर्किये के रास्ते दुनिया को अनाज पहुंचाना जारी रखा जाएगा। पिछले साल मार्च से अब तक करीब 32 लाख टन ग्रेन आइटम्स ब्लैक सी के जरिए सप्लाई किए गए हैं। इसमें रूस और यूक्रेन दोनों का हिस्सा शामिल है। यूएन के सामने सबसे बड़ी दिक्कत अफ्रीका में डिमांड और सप्लाई को पूरा करने की है। यहां पहले ही काफी गरीबी है और कई देश सिविल वॉर से जूझ रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सेना पर कमजोर पड़ रही पुतिन की पकड़ः सैनिकों में असंतोष की खबरें, जवान ने अपनी ही ब्रिगेड पर की फायरिंग

**मॉस्को ।** रूस यूक्रेन युद्ध को एक साल से ज्यादा समय बीत चुका है और अभी भी इसके जल्द खत्म होने के आसार नहीं दिख रहे हैं। अब एक ऐसी खबर आई है, जिससे पता चलता है कि रूस की सेना में असंतोष पनप रहा है।



दरअसल यूक्रेन की मिलिट्री इंटेलीजेंस ने रूसी सैनिकों के बीच की एक बातचीत को इंटरसेप्ट किया है। इस बातचीत में रूसी सैनिक उनकी ब्रिगेड में हुई गोलीबारी के बारे में बात कर रहे हैं। यूक्रेनी इंटेलीजेंस का कहना है कि इससे रूसी सैनिकों की युद्ध के चलते प्रभावित हुई मानसिक स्थिति का पता चलता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इंटरसेप्ट की गई बातचीत में एक रूसी सैनिक बता रहा है कि उसकी ब्रिगेड के एक सैनिक ने अपने ही साथियों पर गोलीबारी कर दी थी। जवाबी कार्रवाई में फायरिंग करने वाला रूसी सैनिक मारा गया। हालांकि इस बात की जानकारी नहीं है कि गोलीबारी में कितने सैनिकों की मौत हुई। ऐसी रिपोर्ट्स भी आ रही हैं कि रूसी सैनिक यूक्रेन में कठिन हालात में लड़ाई लड़ रहे हैं और कुछ सैनिकों ने लड़ाई के मोर्चे पर जाने से भी इनकार कर दिया है। बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया गया था, जिसमें दिख रहा था कि रूसी सैनिकों के लड़ाई के मोर्चे पर जाने से इनकार के बाद उनके कमांडिंग अफसर ने उन्हें दंडित किया था। रूसी जनरल इवान पोपोव का भी एक ऑडियो सामने आया था, जिसमें वह वरिष्ठ सैन्य अफसरों की आलोचना करते हुए सुने गए थे। फिलहाल उन्हें पद से हटा दिया गया है। इन घटनाओं से साफ है कि रूसी सेना पर पुतिन की पकड़ कमजोर हो रही है और युद्ध के और लंबा खिंचने से पुतिन और कमजोर होंगे।

### आतंक फैलाने वाले पाकिस्तान ने अफगान शरणार्थियों पर लगाए दहशतगर्दी के आरोप, अमेरिका बोला- इसके सबूत नहीं



**वॉशिंगटन ।** दक्षिण एशिया में आतंकवाद को लगातार बढ़ावा देने वाला पाकिस्तान अब खुद अपनी जमीन पर बढ़ रही दहशतगर्दी से परेशान है। अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार आने के बाद से ही पाकिस्तान ने लगातार सीमा पर रहने वाले अफगान लोगों और शरणार्थियों पर आतंक फैलाने का आरोप लगाया है। यहां तक कि तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) की गतिविधियों के लिए भी शरीफ सरकार लगातार अफगानिस्तान को ही दोष दे रही है। इस बीच अमेरिका ने इन आरोपों पर पाकिस्तान को आईना दिखाया है। व्हाइट हाउस की तरफ से कहा गया है कि अब तक इस बात के कोई सबूत नहीं मिले हैं कि पाकिस्तान में रह रहे अफगान शरणार्थी या वे जो दोनों देशों की सीमा पर रह रहे हैं, वे आतंकवाद फैलाने के गुनहगार हैं। हाल ही में पाकिस्तान की सेना ने चिंता जताई थी कि उनके देश में आतंक फैलाने वालों को अफगानिस्तान में सुरक्षित ठिकाना मिल रहा है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए व्हाइट हाउस के राष्टीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने सोमवार को कहा कि हमें ऐसी किसी घटना के कोई सबूत नहीं मिले हैं। उन्होंने इशारों–इशारों में पाकिस्तान को अफगान शरणार्थियों की सुरक्षा करने का संदेश भी दे दिया। किर्बी ने तंज कसते हुए कहा कि हम पाकिस्तान के साथ उसके साथ असल आतंकवाद से जुड़े खतरों से निपटना जारी रखेंगे।

### 105 ऐतिहासिक कलाकृतियां वापस करेगा अमेरिका, राजदूत बोले- इनकी असली जगह भारत

**न्यूयॉर्क ।** भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने सोमवार को कहा कि अमेरिका सरकार भारत की प्राचीन और ऐतिहासिक मूर्तियों और कला संग्रह को वापस करने की तैयारी कर रही है। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि ये कला संग्रह भारत की अमानत है और इसे भारत में ही होना चाहिए। बता दें कि अमेरिका भारत की प्राचीन और ऐतिहासिक 105 मूर्तियों को वापस भारत को सौंपने की तैयारी कर रहा है। ये मूर्तियां दूसरी से तीसरी सदी से लेकर 18वीं से 19वीं सदी के बीच की हैं। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि हम भारत के कला संग्रह को उसे लौटाने की दिशा में काम कर रहे हैं। भारत से कई बार चोरी होकर या फिर अवैध तरीके से कलाकृतियां अमेरिका या दुनिया के अन्य देश पहुंच जाती हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब अमेरिका के दौरे पर गए थे तो भारत और अमेरिका के बीच कल्चरल प्रॉपर्टी एग्रीमेंट पर बातचीत हुई थी। जिससे ऐतिहासिक कलाकृतियों की अवैध कालाबाजारी पर रोक लगेगी। साथ ही दोनों देश इसे लेकर बातचीत कर रहे हैं और ऐसे प्रावधान किए जा रहे हैं कि भविष्य में भी अवैध रूप से अमेरिका पहुंची भारत की ऐतिहासिक कलाकृतियों को वापस लौटाया जाता रहेगा।

## गल्फ में रूस–ईरान को जवाब की तैयारी

# एडवांस्ड फाइटर जेट एफ–35 और वॉरशिप तैनात करेगा यूएस ; चीन पर भी पैनी नजर

**वॉशिंगटन।**

गल्फ रीजन में चीन, रूस और ईरान लगातार अमेरिका पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। अब अमेरिका ने इन्हें जवाब देने की तैयारी कर ली है। इसी हफ्ते अमेरिका का सबसे एडवांस्ड फाइटर जेट एफ–35 इस क्षेत्र में तैनात किया जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक– पेंटागन में हाईलेवल मीटिंग के बाद फैसला किया गया है कि न सिर्फ एफ–35 बल्कि एक न्यूक्लियर वॉरशिप और नेवी डेस्ट्रॉयर भी यहां मौजूद रहेगा। चीन ने दो महीने पहले सऊदी अरब और ईरान के डिप्लोमैटिक रिलेशन बहाल कराए थे। इसके बाद से वो गल्फ में पकड़ मौजूद करने की हर मुमकिन कोशिश कर रहा है।



### सीरिया में नए टकराव की आशंका

पिछले दिनों रूस के फाइटर जेट्स ने ईरान और सीरिया के करीब कई उड़ानें भरी थीं। इसके बाद ईरान के कमर्शियल फ्यूल टैंकर्स को सिक्योरिटी कवर भी दिया था। चीन की नेवी और एयरफोर्स भी यहां एक्टिविटीज बढ़ा रही है। अब अमेरिका ने इनसे निपटने की स्ट्रैटेजी पर अमल शुरू कर दिया है।

इसके तहत एफ–35 की एक स्क्वॉड्रन गल्फ में तैनात की जा रही है। इसके अलावा नेवी का एक डेस्ट्रॉयर और एक वॉरशिप भी यहां के लिए रवाना हो चुके हैं। जॉर्डन से स्टील्थ फाइटर जेट्स भी भेजे गए हैं। ये पहले यूरोप में तैनात थे। अमेरिका को लगता है कि सीरिया के बहाने रूस, चीन और ईरान उसके खिलाफ नया मोर्चा गल्फ में खोल रहे हैं। लिहाजा, पेंटागन ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पेंटागन की डिप्टी प्रेस सेक्रेटरी सबरीना सिंह ने सोमवार को कहा– ये बात सही है कि हम गल्फ में एफ–35 और वॉरशिप डिप्लॉय कर रहे हैं। एक स्क्वॉड्रन पहुंच जाएगी।

### बहरीन में वॉरशिप

पिछले हफ्ते अचानक अमेरिकी नेवी ने बहरीन के कोस्टल एरिया में एक्टिविटीज काफी बढ़ा दी थीं। माना जा रहा है कि यह कुछ अहम इंटेलिजेंस इनपुट्स के बाद लिया गया फैसला था। अमेरिका ने यहां यूएस थॉमस हुडनर किया है। इसके अलावा नेवी की पांचवी फ्लीट भी यहीं मौजूद है। यह वो इलाका है, जहां से स्वेज नहर गुजरती है और चीन इस पर पूरी तरह दबदबा कायम करना चाहता है।

ईरान से लगी फारस की खाड़ी में अमेरिकी एफ–16 भी उड़ान भर रहे हैं। अभी इस इलाके में इजराइल एक्शन में नहीं आया है। ईरान ने मई से लेकर जुलाई तक पनामा के तीन ऑयल टैंकर सीज किए हैं। इसके बाद गल्फ देशों और खासकर कहा था कि अमेरिका इस इलाके के समुद्री क्षेत्र की हिफाजत के लिए जरूरी कदम नहीं उठा रहा है।

### चीन फैक्टर पर करीबी नजर

बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन की पैनी नजर गल्फ में चीन की तेजी से बढ़ती डिप्लोमैटिक एक्टिविटीज पर है। सऊदी अरब और ईरान में डील कराने के बाद उसकी कोशिश बहरीन में दबदबा बढ़ाने की है। सऊदी अरब और अमेरिका के रिश्तों में खटास का बीजिंग फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है।

वर्ल्ड डिप्लोमैसी के लिहाज से मार्च 2023 काफी अहम रहा। ईरान और सऊदी अरब के बीच बड़ी डिप्लोमैटिक डील हुई। 2016 के बाद दोनों देश एक–दूसरे के मुल्क में अपनी–अपनी एम्बेसी फिर खोलने के लिए राजी हो गए।

अमेरिकी टीवी चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान और सऊदी अरब के बीच यह बातचीत कई महीने से चीन की राजधानी बीजिंग के एक होटल में चल रही थी।

ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक– मुल्क की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के चीफ अली शमकहानी की चीन में अपने काउंटरपार्ट मोसेद बिन मोहम्मद अल एबान से मुलाकात हुई थी। इस दौरान एग्रीमेंट पर सिग्नेचर किए गए।

ईरान की तरफ से बयान जारी किए जाने के कई घंटे बाद भी सऊदी अरब, चीन और अमेरिका ने खामोश रहे। इसके कई मायने थे। दरअसल, सऊदी सरकार को डर है कि चीन की वजह से हुए इस समझौते से अमेरिका नाराज हो सकता है, क्योंकि उसे इस मामले में उस सऊदी सरकार ने अंधेरे में रखा, जिसके 90प्रतिशत हथियार और तमाम टेक्नोलॉजी अमेरिका की ही है। दूसरी तरफ चीन को लगता है कि अमेरिका उसके विरोधियों को अब खुलकर साथ दे सकता है। खासतौर से साउथ चाइना सी और हिंद–प्रशांत महासागर क्षेत्र में। ताइवान में तो अमेरिकी वॉरशिप पहले ही तैनात किए जा चुके हैं। यही वजह है कि चीन अब गल्फ में रूस और ईरान के साथ मिलकर अमेरिका को घेरने की कोशिश कर रहा है। बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन उसकी हर हरकत को बहुत करीब से देख रही है।

## पाकिस्तान में हिंदू मंदिरों की सुरक्षा बढ़ाई गई

# 400 हिंदू पुलिसकर्मी तैनात किए गए; मंदिर पर रॉकेट लॉन्चर दागे जाने के बाद लिया गया फैसला



**कराची।**

कराची पाकिस्तान के सिंध में हिंदू मंदिरों पर बढ़ते हमलों को देखते हुए सरकार ने सुरक्षा बढ़ा दी है। सरकारी सूत्रों का कहना है कि सिंध के मंदिरों की सुरक्षा के लिए 400 से ज्यादा हिंदू पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। पाकिस्तान में पिछले दिनों हिंदू मंदिरों पर हमले की घटनाएं बढ़ी है। महज 48 घंटे के दौरान पाक में दो मंदिरों को हमलावरों ने निशाना बनाया है। हमलावरों ने रविवार सुबह काशमोर में एक हिंदू मंदिर पर रॉकेट लॉन्चर से हमला किया और मंदिर के आसपास बसे हिंदू समुदाय के घरों पर अंधाधुंध गोलीबारी भी की थी।

### कराची में 150 साल पुराने मंदिर बुलडोजर चलाया गया

कराची के लोगों ने बताया कि 14 जुलाई की रात कुछ लोग बुलडोजर लेकर आए और मारी माता मंदिर की बाहरी दीवारों और मेन गेट को छोड़कर भीतर से पूरा मंदिर तहस–नहस कर दिया। रिपोर्ट के मुताबिक जब मंदिर को ढहाया जा रहा था, तब मंदिर ढहाने वालों को सुरक्षा देने के लिए पुलिस तैनात थी। यह मारी माता मंदिर मुखी चोहितराम रोड पर स्थित है। जिससे कुछ ही दूरी पर सोल्जर बाजार पुलिस स्टेशन भी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंदिर की जमीन को एक शॉपिंग प्लाजा प्रमोटर को 7 करोड़ रुपए में बेच दिया गया है। इसीलिए मंदिर को तोड़ दिया गया। जून 2022 में भी मारी माता मंदिर में देवी–देवताओं की मूर्तियों को तोड़ा गया था। श्री पंच मुखी हनुमान मंदिर के पुजारी राम नाथ ने बताया कि मारी माता का मंदिर करीब 400 से 500 वर्ग गज में 150 साल पहले बनाया गया था। इसके आंगन में पुराना खजाना दबे होने की कहानियां भी प्रचलित हैं। मारी माता मंदिर का मैनेजमेंट मद्रासी हिंदू समुदाय के पास था। उनका कहना है कि मंदिर बहुत पुराना था और कभी भी गिर सकता था। इसीलिए हमने ज्यादातर मूर्तियों को अस्थाई रूप से दूसरे स्थान पर रख लिया था।

# चीन के विदेश मंत्री लापता, तीन हफ्तों से कोई सुराग नहीं; 68 वर्षीय महिला यात्री ने उड़ाया विमान

**बीजिंग ।**

चीन के विदेश मंत्री किन गैंग (57) को तीन सप्ताह से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है। इसके चलते चीन में अटकलों का दौर तेज हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, किन को संयुक्त राज्य अमेरिका में राजदूत के रूप में एक संक्षिप्त कार्यकाल के बाद दिसंबर में विदेश मंत्री के रूप में पदोन्नत किया गया था। गैंग पेशेवर राजनयिक हैं और उन्हें चीनी नेता शी जिनपिंग के भरोसेमंद सहयोगी माना जाता है। विदेश मंत्री के रूप में किन ने अमेरिका के ऊपर छोड़े गए एक संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारे के मुद्दे पर वाशिंगटन को कड़ी फटकार लगाई थी। इसके बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में काफी गिरावट आ गई थी। उन्होंने दोनों पक्षों के बीच खराब संबंधों को सुधारने और बातचीत बहाल करने के प्रयासों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसमें जून के मध्य में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की बीजिंग यात्रा के दौरान मुलाकात शामिल है। अमेरिका के मैसाचुसेट्स में पायलट की अचानक तबीयत खराब होने के बाद 68 वर्षीय महिला यात्री ने निजी विमान को उड़ाया। हालांकि, लैंडिंग के दौरान पंखा टूटने से यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। महिला यात्री ने लैंडिंग गियर को बिना ऑपरेट किए प्लेन को उतारा था। पायलट बोस्टन अस्पताल में भर्ती है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारतीय–अमेरिकी शमीना सिंह को राष्ट्रपति की निर्यात परिषद में नियुक्त करने की घोषणा की है। यह परिषद अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर एक प्रमुख राष्ट्रीय सलाहकार के रूप में काम करती है। शमीना सिंह मास्टरकार्ड सेंटर फॉर इन्क्लूसिव ग्रोथ की संस्थापक और अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि वह इस परिषद में शामिल होने को लेकर सम्मानित महसूस कर रही हैं। शमीना सिंह मास्टरकार्ड की प्रबंधन समिति की सदस्य भी है। जर्मनी में भारतीय समुदाय ने बर्लिन में फोस्टर केयर (पालक देखभाल) में रह रही दो साल की अरिहा शाह को भारत वापस भेजने के लिए विरोध प्रदर्शन किया है। जर्मनी के फ्रैंकफर्ट शहर में करीब 150 से 200 भारतीय शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने के लिए एकत्र हुए। अरिहा सितंबर, 2021 से वर्क वीजा पर गए उसके माता–पिता पर यौन शोषण का आरोप लगने के बाद से जर्मनी में पालक देखभाल में है।



# क्रीमिया को रूस से जोड़ने वाले पुल को यूक्रेन ने उड़ाया, पुतिन पलटवार करने की खाई कसम

**मॉस्को।**

**रूस-यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध अभी थमा नहीं है, रुक-रुक बड़े हमलों की खबरें सामने आती रहती हैं। वहीं वॉर जोन से इस वक्त की सबसे बड़ी खबर सामने आई है। आशंका जताई जा रही है कि यूक्रेन ने रूस को क्रीमिया से जोड़ने वाले 19 किलोमीटर लंबे समुद्री पुल को उड़ा दिया है। इससे क्रेमलिन की सेना में खलबली मच गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस पर पुतिन ने अपनी प्रतिक्रिया दी है सोमवार को उन्होंने इस घटना को आतंकवादी हमला कहा, जिसके खिलाफ जवाब देने की कसम खाई।**

उन्होंने 19 किलोमीटर (12 मील) केर्च ब्रिज पर सुरक्षा बढ़ाने का भी आदेश दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन ने सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि पुल पर एक और आतंकवादी हमला हुआ। आतंकवादी हमले के कारण, क्रीमियन ब्रिज के कई हिस्सों पर सड़क गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई थी। परिणामस्वरूप, कार और रेलवे यातायात दोनों को अस्थायी रूप से रोक दिया गया।



उन्होंने 19 किलोमीटर (12 मील) केर्च ब्रिज पर सुरक्षा बढ़ाने का भी आदेश दिया। पुतिन ने सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक में कहा, पुल पर एक और आतंकवादी हमला हुआ।

आतंकवादी हमले के कारण, क्रीमियन ब्रिज के कई हिस्सों पर सड़क गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई थी। परिणामस्वरूप, कार और रेलवे यातायात दोनों को अस्थायी रूप से रोक दिया गया, सीएनएन ने पुतिन के हवाले से कहा।

रूसी राष्ट्रपति ने एफएसबी सहित अपने देश के अधिकारियों को घटना की जांच करने के लिए बुलाया और भविष्य के हमलों से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण परिवहन सुविधा को सुरक्षित करने के उपाय करने को कहा। उन्होंने कहा कि नुकसान का व्यापक आकलन करना और यथाशीघ्र बहाली का काम शुरू करना जरूरी है। पुतिन ने यह भी कसम खाई कि रूस इस हमले का जबाव 5ल्द देगा। अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय प्रासंगिक प्रस्ताव तैयार कर रहा है। पुतिन ने आगे दावा किया कि पुल से टकराने का कोई सैन्य महत्व नहीं है।

सोमवार का हमला रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण शुरू करने के बाद पुल पर दूसरा हमला है। केर्च ब्रिज, लगभग 12 मील का क्रॉसिंग, यूरोप में सबसे लंबा है और मॉस्को के लिए बहुत बड़ा रणनीतिक और प्रतीकात्मक महत्व रखता है। रूस द्वारा नियुक्त अधिकारियों के अनुसार, हमले में एक दंपत्ति की मौत हो गई और उनकी बेटी घायल हो गई।

## महिला ने 3000 फोन कर पुलिस को परेशान किया

# तीन साल पुलिस को छकाया, अमेरिका में फर्जी कॉल करनेवाले पर 4 करोड़ जुर्माना, टेंशन में चीन

**टोक्यो।**

जापान की पुलिस ने 51 साल की महिला हिरोको हतागामी को करीब 3 हजार फेक एमरजेंसी कॉल करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह महिला पुलिस, अस्पताल, फायर ब्रिगेड को तीन साल से फर्जी फोन कर रही थी। पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि वह अकेली और बेरोजगार है और वह चाहती थी कि कोई उसकी बात सुने और उस पर ध्यान दे। दरअसल, हिरोको हतागामी जापान की राजधानी टोक्यो के नजदीक मात्सडो शहर में बेरोजगारी भरा जीवन काट रही थी। ऐसे में वह अपने घर, पड़ोस और मार्केट की लोकेशन भेजकर फर्जी इमरजेंसी कॉल किया करती।

**2,761 कॉल कर फायर डिपार्टमेंट को किया परेशान** – रिपोर्ट के मुताबिक, हतागामी ने अगस्त 2020 और मई 2023 के बीच बार–बार फर्जी कॉल कर मात्सुडो फायर डिपार्टमेंट से एम्बुलेंस भेजने के लिए कहा। लेकिन जैसे ही एम्बुलेंस उसके पास पहुंचती वह मेडिकल हेल्प लेने से मना कर देती। इतना ही नहीं वह यह बात मानने से भी इनकार कर देती कि उसने हेल्प के लिए कोई कॉल किया था। इस दौरान उसने 2,761 कॉल कीं।

**10 साल पहले 15 हजार कॉल करने वाली महिला हुई थी अरेस्ट** – ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब इतनी बड़ी संख्या में किसी महिला ने फर्जी कॉल की हों। दस साल पहले जापान की पुलिस ने 44 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया था। दरअसल, उस महिला ने छह माह के अंदर ही 15 हजार से ज्यादा फर्जी कॉल की थीं। गिरफ्तार करने से पहले अथॉरिटी इस महिला के घर करीब 60 बार हेल्प के लिए पहुंची थी।



**हिकिकोमोरी से परेशान हैं 15 लाख लोग** – जापान में समाज से अलग रहने का चलन बढ़ा है। एक सर्वे में पता चला है कि जापान में करीब 15 लाख लोग अकेले रह रहे हैं जिसे हिकिकोमोरी कहा जाता है। इस तरह अकेले रहने वाले लोग न तो उम्रदराज हैं और न ही खाली दिमाग वाले। बल्कि, ये बाकायदा कामकाजी लोग हैं। ये लोग जो सामाजिक संपर्क को नजरअंदाज करते हैं और अपने ही जीवन में खोए रहते हैं। हिकिकोमोरी खुद को अपने घरों या कमरों में काफी लंबे समय तक सीमित कर लेते हैं। और यह समय कुछ दिन बल्कि कई महीनों या सालों का होता है और वे लोगों से मिलने–जुलने के अलावा सामाजिक रीति–रिवाजों से तो बचते ही हैं, अपने परिवार के सदस्यों से भी बातचीत नहीं करते हैं। जापान में यह एक बड़ा सामाजिक मुद्दा है क्योंकि इससे सामाजिक क्षमताओं और स्किल्स में गिरावट आती है। रोजगार के मौके कम मिलते हैं और लंबे समय की हेल्थ समस्याएं पैदा होती हैं।

**जापान में अकेलेपन को दूर करने का मंत्रालय** – जापान में फरवरी 2021 में मिनिस्ट्री ऑफ लोनलीनेस यानी अकेलेपन को दूर करने के लिए मंत्रालय बनाया गया। इसका मकसद लोगों को डिप्रेशन से बाहर लाना, उन्हें अकेलेपन से मुक्त कराना और खुदकुशी करने से बचाना था। दरअसल, कोरोना के दौरान जापान की एक बड़ी आबादी बेरोजगार हो गई थी। रूस–यूक्रेन युद्ध के कारण खाने और तेल समेत कई चीजों के दाम बढ़ गए थे। ऐसे समय पर लोगों ने खुद को समाज से काट लिया और वे अपने घरों में बंद हो गए। जापान में अकेलेपन के कारण खुदकुशी एक बड़ी समस्या है। ऐसे में लोगों की अपेक्षा है कि यह विभाग ऐसे मंत्री को दिया जाए जो इस पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित करे। इसी से निपटने के लिए लोनलीनेस मिनिस्टर की नियुक्ति हुई। अब तक इस विभाग के कई मंत्री बदले जा चुके हैं लेकिन किसी तरह का कोई समाधान नहीं निकल पाया है। हिकिकोमोरी में पुरुषों से ज्यादा महिलाएं 2019 में जापान में 20,169 लोगों ने सुसाइड किया था। 2020 में ऐसा करने वालों की संख्या बढ़कर 21,081 हो गई। 2021 में अकेलापन दूर करने का मंत्रालय बना।

## बडगाम से लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े चार आतंकी सहयोगी गिरफ्तार

**बडगाम ( हिंस )।** बड़गाम से सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े चार आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि पुलिस ने सेना की 62 आरआर के साथ मिलकर जिला बडगाम के बीरवाह इलाके से 04 आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सहयोगियों की पहचान मुश्ताक अहमद लोन पुत्र अब्दुल रशीद लोन निवासी गोंडीपोरा बीरवाह, अरहर अहमद मीर पुत्र नजीर अहमद मीर निवासी चेवदारा बीरवाह, इरफान अहमद सोढ़ी पुत्र अब्दुल रशीद सोढ़ी निवासी अरवाह बीरवाह और अबरार अहमद मलिक पुत्र अब्दुल अरवाह बीरवाह निवासी अहद मलिक के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि यह चारों प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए हैं। उनके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। सभी बरामद सामग्री को आगे की जांच के लिए केस रिकॉर्ड में ले लिया गया है।

# राजस्थान विधानसभा : किसान कर्ज माफी मुद्दे पर भाजपा का हंगामा



**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान विधानसभा में मंगलवार को किसान कर्ज माफी के मुद्दे पर शून्यकाल के दौरान जमकर हंगामा हुआ। भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने वेल में आकर नारेबाजी और हंगामा किया। विधानसभा में भाजपा विधायक किसानों की कर्ज माफी नहीं होने से उत्पन्न समस्याओं के संबंध में स्थगन प्रस्ताव के जरिये अपनी बात रख रहे थे। उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां सहित कई भाजपा विधायकों ने किसान कर्ज माफी को लेकर सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। सतीश पूनिया ने कहा कि सरकार ने आधी अधूरी कर्ज माफी की। इसमें छह हजार करोड़ तो भाजपा सरकार माफ कर गई थी। कांग्रेस के बड़े नेता ने फिल्मी गाने के तर्ज पर दस दिन में कर्ज माफी का वादा किया था, लेकिन साढ़े चार साल बीत गए और आज भी लाखों किसान कर्ज माफी का इंतजार कर रहे हैं। इस दौरान जैसे ही उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनियां ने कांग्रेस के जन घोषणा पत्र में किसान कर्ज माफी के वादे का जिक्र किया, वैसे ही विधायक व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और मंत्रियों-विधायकों ने कड़ी आपत्ति जताई। इस पर दोनों तरफ से नोकझोंक शुरू हो गई। उप नेता प्रतिपक्ष को टोकने से नाराज भाजपा विधायक भी खड़े होकर जोर-जोर से बोलने लगे। इससे सदन में हंगामे की स्थिति बन गई। काफी देर तक कांग्रेस और बीजेपी विधायकों के बीच इस मुद्दे पर तीखी नोकझोंक चलती रही। नाराज भाजपा विधायक ने सदन के वेल में आकर नारेबाजी और हंगामा करने लगे। बाद में स्पीकर सीपी जोशी के दखल के बाद हंगामा शांत हुआ।

## कृषि मंत्री ने क्रोशिया व श्रीलंका के प्रतिनिधिमंडल के साथ किया विमर्श



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के कृषि और किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने मंगलवार को यहां पंजाब के दौरे पर आए क्रोएशिया और श्रीलंका के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री खुड्डियां ने पंजाब में कृषि को फिर लाभदायक बनाने और राज्य के किसानों की आय में बढ़ोतरी करने के लिए दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल के साथ विचार-विमर्श किया। इस मौके पर मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि पंजाब के किसान बहुत ही मेहनती हैं और उनकी अथक मेहनत के कारण ही पंजाब को *देश के अन्नदाता* का खिताब मिला है, परंतु अब राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को और मजबूत करने के लिए प्रौद्योगिकी, खोज और उद्योगों के सहयोग की जरूरत है। कृषि मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व अधीन पंजाब सरकार किसानों को गेहूं व धान के रिवायती फसली चक्कर से निकालने के लिए कृषि विभिन्नता लाने के लिए यत्न कर रही है। इसके साथ ही राज्य सरकार जल्दी खराब होने वाले फलों और सब्जियों की संभाल और निर्यात को बढ़ाने के साथ-साथ इनके मंडीकरण को यकीनी बनाने के लिए भी ठोस प्रयास कर रही है। उन्होंने मार्कफैड के अधिकारियों को जल्दी खराब होने वाले फलों और सब्जियों की संभाल और निर्यात करने वाली यूनिटों की सूची जारी करने के लिए भी कहा। प्रतिनिधिमंडल को राज्य के कृषि सेक्टर में जानकारी साझा करने और निवेश के लिए न्योता देते हुए खुड्डियां ने कहा कि पंजाब सरकार किसानों की खुशहाली के लिए क्रोएशिया और श्रीलंका के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है।

## सोशल मीडिया पर झूठी अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर




**फरीदाबाद ( हिंस )।** सोशल मीडिया के माध्यम से शहर में झूठी अफवाह फैलाकर लोगों को भ्रमित करने वाले लोगों पर फरीदाबाद पुलिस की ओर से पैनी नजर रखेगी। जातिगत, धार्मिक भेदभाव की झूठी अफवाह फैलाने वाले लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा, डीसीपी मुख्यालय हेमेंद्र कुमार मीणा ने मंगलवार को अपने कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा साइबर थाना, खुफिया तंत्र सिक्योरिटी एजेंट्स के साथ मीटिंग कर ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर उनकी सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया के माध्यम से शहर में लोगों के बीच जातिगत, धार्मिक भेदभाव व झूठी अफवाह फैलाने जैसी संबंधी पोस्ट को व्हाट्सएप/फेसबुक/ट्विटर/इंस्टाग्राम इत्यादि पर डालकर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। डीसीपी मुख्यालय ने मीटिंग के दौरान सभी साइबर थाना, खुफिया तंत्र सिक्योरिटी एजेंट्स को शहर में किसी भी प्रकार की झूठी खबर धार्मिक भावनाएं भड ?ने वाली, धर्म जाति, वर्ग विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली, भ्रामक जानकारी फैलाने वाली, जनभावना को आहत करने वाली, लोग शांति भंग करने वाली, पोस्ट फोटो या वीडियो को फेसबुक/व्हाट्सएप/ट्विटर/इंस्टाग्राम इत्यादि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फॉरवर्ड या शेयर करने वाले लोगो के खिलाफ सख्त कानूनी कर्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए है। पुलिस आयुक्त निर्देशानुसार ऐसे लोगो पर पुलिस खुफिया तंत्र, मुखबर तंत्र और साइबर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इत्यादि पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। भड़काऊ पोस्ट करने या ऐसी पोस्ट पर कमेंट, लाइक और फॉरवर्ड करने पर संबंधित व्यक्तिु के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा।

## बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्यों में तेजी लाए प्रशासन : किसान सभा

**फतेहाबाद ( हिंस )।** अखिल भारतीय किसान सभा के जिला स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को टोहाना, जाखल, रतिया और फतेहाबाद के बाढ़ ग्रस्त गांवों, ढाणियों व कस्बों का दौरा किया। किसान सभा के जिला उप प्रधान जगतार सिंह रत्ताथेह पूर्व सरपंच और जिला सचिव राजेंद्र बाटू ने जत्थे का नेतृत्व किया। जगतार सिंह ने बताया कि किसान सभा के जत्थे ने दर्जनों गांवों में सैकड़ों लोगों से संपर्क किया जिससे सरकार और प्रशासन की पोल व नाकामी खुलकर सामने आई है। फतेहाबाद जिले में तबाही लाने वाली यह बाढ़ पहाड़ों में हुई भारी बारिश के कारण तो है ही, साथ ही यह सरकार और जिला प्रशासन की नाकामी का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। समय रहते यदि घग्गर व रंगोई नाले की सफाई करवाई होती तो आज हालात इतने बदतर न होते। किसान नेता ने कहा कि सरकार और प्रशासन को यह अच्छी तरह पता रहता है कि पीछे हुई भारी बारिश के चलते कितने क्यूसिक पानी घग्गर नदी में आ रहा है और हर एक बड़े पुल तथा साइफन पर गेज लगे हुए हैं और मॉनिटरिंग होती है। इसके बावजूद भी गांवों में लोगों को सचेत नहीं किया गया और निचले इलाकों की ढाणियों और बस्तियों को खाली नहीं कराया गया। यदि ऐसा होता तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था। किसान सभा ने मांग की है कि पूरे फतेहाबाद जिले में राहत कैंप स्थापित किए जाएं। फतेहाबाद शहर और रास्ते में आने वाले गांवों समेत नए इलाकों की ओर लगातार बढ़ रहे फ्लड के हालात को देखते हुए सभी ढाणियों व निचले इलाकों की बस्तियों को पूरी तरह से खाली करा कर राहत शिविरों में भेजा जाए। सभी प्रभावित किसानों का इस साल का फसली ऋण यानि क्रॉप लोन पूरी तरह से माफ किया जाए। सभी राशन डिपो में आटा, दाल, चावल, चीनी, खाने का तेल, गैस सिलेंडर समेत सभी खाने-पीने की चीजें तुरंत मुफ्त मुहैया करवाई जाएं। उन्होंने मांग की कि मनरेगा मजदूरों को काम मुहैया करवाया जाए। राहत कार्य में सभी मजदूरों को शामिल करके मनरेगा की दिहाड़ी दी जाए। पूरे प्रभावित इलाके के सभी गांवों में सभी जरूरी दवाइयों के साथ मेडिकल टीमें भेजी जाएं। प्रभावित इलाके के लोगों के घरों व ट्यूबवेलों के कम से कम 6 महीनों के बिजली बिल माफ किए जाएं। किसान सभा के जत्थे में छत्रपाल सिंह नथवान, बोहड़ सिंह, शशी दहिया, बन्ता राम शामिल रहे।

## टूरिस्ट वीजा पर आई विदेशी महिला गांजे सहित पकड़ाई



**फरीदाबाद ( हिंस )।** टूरिस्ट वीजा पर भारत एक विदेशी महिला को अपराध शाखा सेक्टर-30 पुलिस टीम ने गांजे सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला भारत में अप्रैल 2022 में एक माह के टूरिस्ट विजा पर आई थी। गिरफ्तार महिला का नाम जुने बेरिल है नाइजीरिया की रहने वाली है वर्तमान में आरोपी महिला दिल्ली, तुगलकाबाद मे रहती थी। पुलिस प्रवक्तु सूबे सिंह ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी महिला के संबंध में क्राइम ब्रांच टीम को सूचना प्राप्त हुई। महिला को पकडने के लिए लायंस क्लब के पास नाका बंदी कर महिला को काबू किया गया है। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाया गया । महिला सिपाही दीपिका की मदद से ड्युटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार सुरेश कुमार की मौजूदगी में आरोपी महिला की तलाशी ली गई, तलाशी के दौरान महिला से 1.200 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। महिला के खिलाफ ड्युटी मजिस्ट्रेट के आदेश पर थाना कोतवाली में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी महिला से पूछताछ में सामने आया कि महिला पकड़ा गया गांजा किसी फराडे नाम के व्यक्तिु से 12000 रुपए में खरीद कर लाई थी। महिला ने पैसे कमाने के लालच में गांजा बेचने लगी। आरोपी महिला 9 अप्रैल 2022 को भारत में टूरिस्ट विजा पर आई थी। जो विजा समाप्त होने पर भी महिला भारत में रह रहे अपने जानकारों के पास स्थान बदल-बदल कर रह रही थी।

## नर्सेज का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान नर्सेज संयुक्तु संघर्ष समिति के द्वारा किए जा रहे प्रांतीय आंदोलन के तहत मंगलवार को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू हो गया। संघर्ष समिति के संयोजक प्यारे लाल चौधरी, राजेंद्र राना, नरेंद्र सिंह शेखावत, भूदेव धाकड़, पुरुषोत्तम कुम्भज, पवन मीणा, प्रीतिरामदेव, रामवीर सोलंकी एवम कैलाश शर्मा ने संयुक्तु बयान जारी कर बताया कि जयपुर में नर्सेज कर्मी 18 मई से लगातार ध्यानाकर्षण प्रदर्शन कर रहे परंतु राज्य सरकार द्वारा ग्यारह सूत्री मांगों पर निर्णायक कार्यवाही नही करने से नर्सेज को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने बताया कि 10 जुलाई को जयपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय संयुक्तु नर्सेज महासमिति द्वारा लिए गए निर्णय की अनुपालना में राज्य भर में जिलास्तरो पर गठित हुई। नर्सेज संयुक्तु संघर्ष समितियों के द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार 18 जुलाई को समस्त जिला मुख्यालयों पर अनिश्चित कालीन क्रमिक धरना एवं प्रदर्शनों की शुरुआत हो गई। जयपुर सहित सभी जिलों से जिला कलेक्टरों के माध्यम से मुख्यमंत्री जी को 15 अगस्त पूर्व मांगो का समाधान नहीं करने पर हड़ताल जैसे कठोर चरण अपनाने के लिए मजबूर नही करने का आग्रह किया गया है। जयपुर में सवाई मान सिंह चिकित्सालय के मुख्यद्वार पर प्रातः 11 बजे से प्रदेश संयोजक प्यारे लाल चौधरी, राजेंद्र राना एवम जयपुर जिला संयोजक अनेश कुमार सैनी, महीपाल सामोता, जेपी कस्बा, सुमोल कुमारी, सोमसिंह मीना, राजू सोलंकी के नेतृत्व में क्रमिक धरने की शुरुवात हुई। नर्सिंग कर्मी पूरे राज्य में प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सांय 4 बजे तक धरना देंगे। नर्सिंग कर्मियों की प्रमुख मांगो में वेतन भत्तों की विसंगति दूर करने, एएनएम, नर्सिंग ऑफिसर, नर्सिंग ट्यूटर इत्यादि के पदोन्नति संबंधी पदों में वृद्धि के लिए नर्सिंग कैडर का पुनर्गठन, संविदा से नियमित हुए नर्सिंग कार्मिकों के संविदा सेवा काल का नोशनल लाभ दिया जाने, नर्सिंग ट्यूटर एएनएम वर्ग के पद नाम परिवर्तन करने, नर्सिंग ऑफिसर नर्सिंग ट्यूटर का पद राजपत्रित करने, स्वतंत्र नर्सिंग निदेशालय की स्थापना, प्राथमिक उपचार का अधिकार देने, ड्रेस कोड में परिवर्तन इत्यादि 11 सूत्रीय मांगो को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत हैं।

## पंजाब सरकार ने पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप के लिए 183 करोड़ रुपए जारी किए : बलजीत कौर

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब सरकार की तरफ से पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप योजना के तहत 183 करोड़ रुपए एसएनए खाते में जारी किए गए है। सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक मंत्री बलजीत कौर ने मंगलवार बताया कि कि भारत सरकार की तरफ से पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप फार एससी योजना के अंतर्गत केवल 2016-17 तक ही राशि जारी की गई थी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की तरफ से साल 2017-18 से 2019-20 तक स्कालरशिप की राशि जारी न करने कारण कई विद्यार्थियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि राज्य सरकार की तरफ से विद्यार्थियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्राईवेट और सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों की साल 2017- 18 से 2019- 2020 तक की फीस 40 प्रतिशत राशि को रिलीज करने संबंधी फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिशा-निर्देशों अनुसार वित्त विभाग की तरफ से लगभग 1900 संस्थानों का ऑडिट किया गया था और ऑडिट करने के उपरांत इन सभी संस्थानों को 40 प्रतिशत अदायगी की जा रही है। बलजीत कौर ने कहा कि कुछ शिक्षण संस्थानों की अदायगी संबंधी रिपोर्ट तैयार है, परंतु विभाग की तरफ से जारी हिदायतों अनुसार शिक्षण संस्थानों की अंडर- टेकिंग अपलोड न करने कारण अदायगी में देरी हो रही है।

## योग्यता के आधार पर युवाओं को मिल रही है सरकारी नौकरी : मूलचंद शर्मा



**पलवल ( हिंस )।** मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल ने मंगलवार को जिला नूंह के फिरोजपुर झिरका में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से प्रदेश को करीब 2 हजार 740 करोड़ रुपए की 347 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इसी कड़ी में जिला स्तरीय समारोह में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने जिला को तीन परियोजनाओं के उद्घाटन व एक परियोजना का शिलान्यास कर सौगात दी। इन परियोजनाओं में गांव रसूलपुर में 4 करोड़ 95 लाख 24 हजार रुपए की लागत से बनाई गई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के नव निर्मित भवन तथा गांव अहरवां में 3 करोड़ 68 लाख 04 हजार रुपए की लागत से बनकर तैयार हुई नवनिर्मित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की बिल्डिंग और पलवल के कैंप में 3 करोड़ 3 लाख 36 हजार रुपए की लागत से बनी राजकीय उच्च विद्यालय की नई बिल्डिंग का उद्घाटन व 4 करोड़ 93 लाख 23 हजार रुपए की लागत से बनने वाली मोगा नंबर-8835/आर उटावड डिस्ट्रीब्यूट्री का शिलान्यास शामिल हैं। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सीएम मनोहर लाल ने प्रदेश को हरियाणा एक-हरियाणवी एक समानता के आधार पर विकास की दिशा में और अधिक गति देने का कार्य किया है। सीएम मनोहर लाल शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल जगत, रोजगार, सड़क आदि सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास को पूर्ण गति देने पर काम कर रहे है। सरकार ने पीपीपी बनाकर अंत्योदय परिवारों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित किया। सीएम मनोहर लाल के कार्यकाल में योग्यता के आधार पर युवाओं को सरकारी नौकरी मिल रही है। इस अवसर पर विधायक जगदीश नायर, विधायक दीपक मंगला, विधायक प्रवीण डागर, जिला परिषद की चेयरपर्सन आरती रावत, नगर परिषद के चेयरमैन यशपाल, भाजपा जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, डीसी नेहा सिंह, एसपी लोकेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के जिलाधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## राजधानी में पुष्य नक्षत्र पर हुआ गणपति का पंचामृत अभिषेक

**जयपुर ( हिंस )।** राजधानी जयपुर में पुष्य नक्षत्र पर मंगलवार को प्रथम पूज्य गणपति का पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद अथर्वशीर्ष मंत्रोच्चार से मोदक अर्पित किए गए। गणेश जी महाराज को सिंदूरी चोला धारण कराकर नवीन पोशाक धारण कराई गई। मंदिरों में गणपति अष्टोशतरशत नाम के पाठ किए गए। मोती डूंगरी गणेश मंदिर में गणेश जी महाराज का पुष्य अभिषेक किया गया। सर्वप्रथम शुद्ध जल से फिर दूध, दही, घी, बूरा से तैयार पंचामृत से गजानन का अभिषेक किया गया। गंगाजल से स्नान कराकर नवीन पोशाक धारण कराई गई। इस दौरान मंदिर में भक्तुों की भीड़ रही। मंदिर में गणेश जी महाराज के जयकारे गूंजते रहे। गणेश जी महाराज को फूल बंगले में विराजमान किया गया। सूरज पोल के श्वेत सिद्धी विनायक गणेश मंदिर में महंत मोहन लाल शर्मा के सानिध्य में गणेश जी महाराज का दुग्धाभिषेक किया गया। पुष्य नक्षत्र की पूजा की गई। इसके बाद मूंग की दाल से बने लड्डुओं का भोग लगाया गया। इसके अलावा ब्रह्मपुरी माउंट रोड स्थित दाहिनी सूंड वाले श्री नहर के गणेश जी महाराज मंदिर में महंत पं जय शर्मा के सान्निध्य में बुधवार को सुबह 6.15 बजे पुष्य अभिषेक किया जाएगा। श्री गणपति अथर्वशीर्ष और श्री गणपति अष्टोत्तरशत नामावली से गणेश जी का पंचामृत अभिषेक किया गया। चांदपोल परकोटा गणेश मंदिर में पुष्य नक्षत्र में दूध से गणेश जी महाराज का अभिषेक किया गया। युवाचार्य पंडित अमित शर्मा ने बताया कि नवीन पोशाक धारण कराकर फूल बंगला झांकी सजाई गई। गणपति अथर्वशीर्ष के पाठ कर गणपति सहस्त्रनामावली से मोदक अर्पित किए गए। श्रद्धालुओं को रक्षा सूत्र बांध हल्दी की गांठ वितरित की गई। गलता गेट स्थित गीता गायत्री मंदिर में मंहत के सान्निध्य में गणपति का पुष्य अभिषेक कर ऋतु पुष्पों से श्रृंगार किया गया। चौड़ा रास्ता स्थित काले गणेश जी, आगरा रोड स्थित गंगोत्री गणेश मंदिर, दिल्ली रोड स्थित गणेश मंदिर, झोटवाड़ा के खिरनी फाटक स्थित गणेश मंदिर में भी पुष्य नक्षत्र में प्रथम पूज्य की विशेष आराधना की गई।

## युवाओं को तंबाकू की लत छुड़ाने में जुटा चिकित्सा विभाग




**जयपुर ( हिंस )।** तंबाकू मुक्तु युवा कैंपेन के तहत 60 दिवसीय कार्य योजना की क्रियान्विति को लेकर चिकित्सा विभाग आमजन को निरंतर जागरूक कर रहा है। विभाग की ओर से कार्य योजना के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजन को तंबाकू के नुकसान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि राज्य सरकार की निरोगी राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने के लिए तंबाकू मुक्तु युवा कैंपेन की कार्ययोजना बनाकर विभाग की ओर से युवाओं में नशे की लत छुड़ाने के लिए उन्हें जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से गांव गांव ढाणी ढाणी में जनजागरूकता प्रसारित की जा रही है। जहां एक ओर स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा तंबाकू के दुष्प्रभावों को लेकर नारा लेखन किया जा रहा है।वहीं रैलियों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा कोटपा अधिनियम के तहत नियमित कार्यवाही कर चालान काटे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत आगामी दिवसों में ग्राम स्तर, ब्लॉक स्तर और जिला स्तर पर तंबाकू नियंत्रण विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिले के स्टूडेंट्स लीडर बनकर अपने आस-पास ले लोगों को जागरूक करेंगे। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. इंद्रा गुप्ता ने बताया कि *टोबेको फ्री यूथ कैंपेन* के अंतर्गत सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के प्रावधानों की प्रभावी क्रियान्विति के लिए निदेशालय स्तर से सोशल मीडिया जागरुकता कैंपेन आरंभ किया गया है। इसके अंतर्गत ऑनलाईन तंबाकू मुक्तु वीडियो संदेश, ऑनलाईन तंबाकू मुक्तु युवा पेंटिंग और स्लोगन, ऑनलाईन तंबाकू मुक्तु युवा सेल्फी प्रतियोगिता, तंबाकू मुक्तु युवा जागरुकता वीडियो संदेश प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इसकी विस्तृत नियमावनी, प्रतियोगिता से जुडे अन्य अपडेट्स हेतु प्रतिभागी द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जयपुर प्रथम के सोशल मीडिया फेसबुक पेज, इंस्टाग्राम, ट्वीटर, यू-ट्यूब चैनल को फॉलो कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।




# गौतम अडाणी बोले- हिंडनबर्ग रिपोर्ट झूठी : गलत आरोप लगाए, मकसद हमारी साख बिगाड़कर मुनाफा कमाना था

**नई दिल्ली।**

भारतीय अरबपति गौतम अडाणी ने मंगलवार को अमेरिका बेस्ड शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट को झूठा बताया। अडाणी एंटरप्राइजेज की एनुअल जनरल मीटिंग को वर्चुअली एड्रेस करते हुए गौतम अडाणी ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट का मकसद हमारी रेपुटेशन को डैमेज कर मुनाफा कमाना था। 24 जनवरी को हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी ग्रुप को लेकर एक रिपोर्ट पब्लिश की थी। रिपोर्ट में ग्रुप पर मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर शेयर मैनिपुलेशन जैसे आरोप लगाए गए थे। इसके बाद ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली थी। अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर करीब 3500 रुपए से गिरकर 1000 रुपए के करीब आ गया था।

### 2050 तक दुनिया की दूसरी बड़ी इकोनॉमी बन जाएगा भारत

गौतम अडाणी ने कहा कि भारत जो पहले से ही दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, 2030 से पहले तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वहीं 2050 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अडाणी ने कहा, मेरा अनुमान है कि अगले दशक में, भारत हर 18 महीने में अपनी जीडीपी में एक ट्रिलियन डॉलर जोड़ना शुरू कर देगा।

### दिसंबर 2024 तक शुरू हो जाएगा नवी मुंबई एयरपोर्ट

गौतम अडाणी ने कहा कि दो प्रमुख प्रोजेक्ट में नवी मुंबई एयरपोर्ट और कॉपर स्मेल्टर शामिल हैं। दोनों तय समय पर पूरे हो जाएंगे। नवी मुंबई एयरपोर्ट दिसंबर 2024 तक ऑपरेशनल हो जाएगा। अडाणी ग्रुप अभी 7 एयरपोर्ट ऑपरेट करता है। इनमें अहमदाबाद, लखनऊ, मंगलुरु, मुंबई, गुवाहाटी, जयपुर और तिरुवनंतपुरम हैं। उन्होंने ग्रुप के परफॉर्मेंस पर कहा कि अडाणी ग्रुप की कंपनियों ने वित्त वर्ष 22-23 के लिए नए रिकॉर्ड बनाए है। अडाणी ग्रुप की कुल आय 85प्रतिशत बढ़कर 2,62,499 करोड़ रुपए हो गई। कुल मुनाफा 82प्रतिशत बढ़कर 23,509 करोड़ रुपए हो गया। बैलेंस शीट, ऑपरेटिंग कैश फ्लो लगातार मजबूत हो रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### आलिया भट्ट के एड-ए-मम्मा को खरीदने की तैयारी में मुकेश अंबानी, करीब 300-350 करोड़ में हो सकती है डील



**मुंबई ।** मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाला रिलायंस रिटेल वेंचर्स रिलायंस ब्रांड्स बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट के चाइल्ड वियर ब्रांड एड ए मम्मा को खरीदने की तैयारी कर रहा है। खबर है कि इस डील को लेकर दोनों पक्ष बातचीत कर रहे हैं और मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह डील करीब 300-350 करोड़ रुपए में हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रिलायंस और आलिया भट्ट के ब्रांड एड ए मम्मा के बीच बातचीत अंतिम चरण में है और अगले कुछ ही दिनों में यह डील फाइनल हो सकती है। इस अधिग्रहण से रिलायंस की बच्चों के कपड़ों के वर्ग में पकड़ मजबूत हो जाएगी। एड ए मम्मा ब्रांड की वैल्यू करीब 150 करोड़ रुपए आंकी जा रही है और यह मुख्य तौर पर ऑनलाइन ही कपड़ों की बिक्री करता है। इस ब्रांड की शुरुआत साल 2020 में की गई थी और बाद में इस ब्रांड ने अपने उत्पादों की वैरायटी में इजाफा करते हुए टीनएज और गर्भवती महिलाओं के लिए भी कपड़े बेचने की शुरुआत की। एड ए मम्मा फिलहाल ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म जैसे मिंत्रा, एजियो, फर्स्टक्राई, अमेजन, टाटा सिलिक पर बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। साथ ही इस ब्रांड के अपने वेबस्टोर भी हैं। लाइफस्टाइल, शॉपर्स स्टॉप जैसे ब्रांड्स के शोरूम पर भी एड ए मम्मा ब्रांड के कपड़े उपलब्ध होते हैं। इस ब्रांड की खासियत ये है कि यह पर्यावरण के लिहाज से डिजाइन किए और टिकाऊ कपड़े बेचता है।

### सोने-चांदी की कीमतों में फिर बढ़ोतरी



**नई दिल्ली ।** भारतीय सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमत में तेजी देखी जा रही है। सोना एक बार फिर से 59,570 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि चांदी का भाव बढ़कर 75,980 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। वहीं 22 कैरेट वाले सोने का दाम मंगलवार को हुई बढ़त के बाद 54,606 रुपए प्रति दस ग्राम हो गया। बता दें कि सोने की कीमत में 190 रुपए प्रति दस ग्राम तो चांदी के दाम में 270 रुपए प्रति किलोग्राम का इजाफा हुआ। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने की कीमत फिलहाल 176 रुपए प्रति दस ग्राम के इजाफे के बाद 59,311 रुपए प्रति दस ग्राम पर ट्रेंड कर रही है, जबकि चांदी का भाव एमसीएक्स पर 283 रुपए की बढ़त के साथ 75,850 रुपए प्रति किलोग्राम ट्रेंड कर रहा है। दिल्ली में बढ़ोतरी के बाद 22 कैरेट सोने का भाव 54,377 रुप, प्रति 10 ग्राम हो गए हैं, जबकि 24 कैरेट वाला सोना 59,320 रुपए प्रति दस ग्राम पर कारोबार कर रहा है। वहीं दिल्ली में चांदी की कीमत बढ़कर 75,670 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है, वहीं मुंबई में 22 कैरेट वाला सोना 54,496 रुपए प्रति 10 ग्राम तो 24 कैरेट वाला सोना 59,450 रुपए प्रति 10 ग्राम चल रहा है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया सीमित दायरे में



**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और विदेश में अमेरिकी डॉलर की कमजोरी के चलते रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि इस सप्ताह अमेरिका में खुदरा बिक्री के आंकड़े और ब्रिटेन में मुद्रास्फीति के आंकड़े आने से पहले बाजार प्रतिभागी सतर्क बने हुए हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.01 पर खुला, और फिर गिरकर 82.06 के स्तर पर आ गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे की गिरावट बताता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.03 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत गिरकर 99.74 पर आ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.31 प्रतिशत बढ़कर 78.74 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

## सहारा में फंसा 10 करोड़ लोगों का पैसा वापस मिलेगा

# सहारा रिफंड पोर्टल शुरू, निवेशकों के 86,000 करोड़ से ज्यादा फंसे

**नई दिल्ली।**

सहारा इंडिया की 4 को-ऑपरेटिव सोसाइटीज में निवेश करने वाले 10 करोड़ लोगों का फंसा पैसा वापस मिलेगा। इसकी शुरुआत 5,000 करोड़ रुपए और 4 करोड़ निवेशकों से हो रही है। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को दिल्ली में सहारा रिफंड पोर्टल लॉन्च किया। इन सोसाइटीज में निवेशकों के 86,000 करोड़ रुपए से ज्यादा फंसे हैं। शाह ने कहा कि इस पोर्टल के जरिए सहारा के निवेशकों को अप्लाई करने के 45 दिन में पैसा वापस मिलेगा। ये पैसा सीधे अकाउंट में ट्रांसफर किया जाएगा। पोर्टल के जरिए सहारा की 4 को-ऑपरेटिव सोसाइटी के निवेशक ही आवेदन कर सकते हैं। निवेशकों में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है। ऊपर चार्ट में बताई गई पहली तीन सोसाइटीज के किसी भी जमाकर्ता जिसने 22 मार्च 2022 से पहले पैसा जमा किया हो वो रिफंड के लिए एलिजिबल है। वहीं स्टार्स मल्टीपर्पज को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड हैदराबाद के 29 मार्च 2023 से पहले के निवेशक आवेदन कर सकते हैं।

**अभी केवल 10,000 रुपए तक का ही रिफंड मिलेगा** - पहले फेज में जमाकर्ताओं को 10,000 रुपए तक का ही रिफंड मिलेगा। यानी अगर जमा राशि 20,000 भी है तब भी केवल 10,000 रुपए ही ट्रांसफर होंगे। लगभग 1.07 करोड़ निवेशक ऐसे हैं जिन्हें पूरा पैसा मिलेगा क्योंकि उनका निवेश 10,000 रुपए तक का है। शाह ने कहा कि पहले फेज में कुल 4 करोड़ निवेशकों को रिफंड दिया जाएगा। 5000 करोड़ रुपए के रिफंड के बाद, हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे और उनसे ज्यादा फंड जारी करने का अनुरोध करेंगे ताकि 10,000 से ज्यादा राशि वाले निवेशकों को पूरा पैसा लौटाया जा सके।



**4 सोसाइटीज में 10 करोड़ लोगों का 86,000 करोड़ से ज्यादा का निवेश** - सहारा ग्रुप की चारों सोसाइटीज साल 2010 से 2014 के बीच बनाई गई थी। मनी लाइफ की एक रिपोर्ट के मुताबिक सेबी और सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस की जांच के बीच सहारा ग्रुप की इन सोसाइटीज ने 10 करोड़ निवेशकों से 86,000 करोड़ रुपए से ज्यादा जुटाए थे। वहीं अगस्त 2022 में सरकार ने उन जमाकर्ताओं की संख्या 13 करोड़ बताई थी, जिनके सहारा ग्रुप की 6 कंपनियों में 1.12 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा जमा थे। इसमें 4 कोऑपरेटिव सोसाइटी के अलावा दो कंपनी सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉर्पोरेशन और सहारा हाउसिंग इंडिया कॉर्पोरेशन लिमिटेड शामिल है। इन दो कंपनियों में 3.08 करोड़ निवेशकों के 25,781.37 करोड़ रुपए फंसे हैं। वहीं इस साल मार्च 2023 तक सेबी के अकाउंट में सहारा के करीब 24,000 करोड़ रुपए जमा थे। सुप्रीम कोर्ट के अगस्त 2012 में एसआईआरईसीएल और एसएचआईसीएल को इन्वेस्टर्स का पैसा लौटाने के निर्देश के बाद सहारा-सेबी एस्क्रो अकाउंट खोले गए थे।

### सहारा रिफंड पोर्टल से जुड़े जरूरी सवालों के जवाब:

**1. जमाकर्ता के पास क्या-क्या डिटेल्स होनी चाहिए**

सदस्यता संख्या
जमा खाता संख्या
आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर
जमा प्रमाणपत्र/पासबुक
ई.पैन कार्ड (यदि दावा राशि 50,000/- और अधिक है)

**2. यदि मेरे पास पैन कार्ड नहीं है तो क्या होगा**

यदि दावा राशि 50,000/- और इससे ज्यादा है तो जमाकर्ता के पास पैन कार्ड होना चाहिए। अगर नहीं है तो इसे बनवाना होगा।

**3. क्या आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर और बैंक अकाउंट अनिवार्य है**

डिपॉजिटर्स के पास आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर और आधार से जुड़ा बैंक अकाउंट होना जरूरी है। इसके बिना रजिस्ट्रेशन नहीं होगा।

**4. बैंक अकाउंट से आधार सीडिंग की जांच कैसे करें**

बैंक अकाउंट के साथ आधार लिंक है या नहीं इसकी स्थिति की जांच करने के लिए यूआईडीएआई वेबसाइट पर जाएं।

**5. क्या जमाकर्ता को एक ही दावा प्रपत्र में सभी डिपॉजिट की डिटेल्स देना आवश्यक है**

जमाकर्ता को सभी जमाओं की डिटेल्स एक ही दावा फॉर्म (प्रपत्र) में जोड़कर देना होगा। जमा प्रमाणपत्र या पासबुक की कॉपी भी अपलोड करनी होगी।

**6. क्या जमाकर्ता दावा फॉर्म जमा करने के बाद और दावे जोड़ सकता है**

जी नहीं, दावा फॉर्म जमा करने के बाद जमाकर्ता कोई दावा नहीं जोड़ सकते। इसलिए एक बार में ही ठीक से फॉर्म भरें।

**7. जमाकर्ता को कैसे पता चलेगा कि उसका फॉर्म सफलतापूर्वक पेश हो गया है**

दावा सफलतापूर्वक प्रस्तुत होने पर, पोर्टल पर एक रसीद संख्या दिखाई देगी और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर स्स्ऱ भी आएगा।

**8. जमाकर्ता को रिफंड की राशि कितने दिनों में मिलेगी**

अप्रूवल के बाद जिस तारीख को आपने दावा किया है उससे 45 दिनों के अंदर दावा राशि आधार से जुड़े अकाउंट में आ जाएगी।

## ओकिनावा की अपडेटेड ओखी-90 लॉन्च

# ई-स्कूटर के फुल चार्ज पर 160 किलोमीटर चलने का दावा, कीमत 1.86 लाख

### ओकिनावा ओखी-90




**नई दिल्ली।**

इंडियन इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर मेकर कंपनी ओकिनावा ऑटोटेक ने ओखी-90 का अपडेटेड वर्जन लॉन्च कर दिया है। ओखी-90 के 2023 मॉडल को कई हाईटेक फीचर्स से अपग्रेड किया गया है। कंपनी का दावा है कि ई-स्कूटर एक बार फुल चार्ज करने पर 160 किलोमीटर चल सकती है। 2023 ओकिनावा ओखी-90 ई-स्कूटर की कीमत 1.86 लाख (एक्स-शोरूम) है। स्कूटर की डिलीवरी इस साल सितंबर में शुरू होगी। कंपनी ने ओखी-90 को पहली बार पिछले साल देश में लॉन्च किया था। कंपनी का कहना है कि उसने अब तक इलेक्ट्रिक स्कूटर की 10 हजार से ज्यादा यूनिट्स बेची हैं। नया ओकिनावा ओखी-90 ई-स्कूटर 4 कलर ऑप्शन- रेड, ब्लू, ग्रे और व्हाइट में पेश किया गया है।

**2023 ओखी-90 : बैटरी और पॉवर** - ई-स्कूटर 3.6 के नए लिथियम-ऑयन बैटरी पैक के साथ आता है। इसके साथ माइक्रो-चार्जर मिलता है। इससे ई-स्कूटर को 6 घंटे में फुल चार्ज किया जा सकता है। ई-स्कूटर में एनकोडर-बेस्ड इलेक्ट्रिक हब मोटर दी गई है जो 3.8 किलोवॉट की पॉवर जनरेट करती है। इसकी टॉप स्पीड 80-90 किमी प्रति घंटे तक की है। इसमें दो राइडिंग मोड ईको और स्पोर्ट मिलते हैं।

**ओकिनावा ओखी-90 : फीचर्स** - कंफर्टेबल राइडिंग के लिए ओकिनावा ओखी-90 के फ्रंट में टेलिस्कोपिक फोर्क्स और रियर में डुअल स्प्रिंग-लोडेड शॉक एब्जॉर्बर दिए गए हैं। ब्रेकिंग के लिए दोनों व्हील में इलेक्ट्रॉनिक-असिस्टेड ब्रेकिंग सिस्टम से लैस डिस्क ब्रेक मिलते हैं। इसमें डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, एलईडी लाइटिंग सिस्टम, मोबाइल चार्जिंग यूएसबी पोर्ट, 16-इंच के अलॉय व्हील, 40-लीटर का बूट स्पेस, एंटी-थेफ्ट अलार्म, जीपीएस नेविगेशन और ब्लूटूथ कनेक्टिविटी जैसे फीचर्स मिलते हैं। स्कूटर को ओकिनावा कनेक्ट ऐप के जरिए स्मार्टफोन से कनेक्ट किया जा सकता है।

# सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड ने तोड़े सारे रिकॉर्डः जून में जारी साल की पहली सीरीज में 7.77 टन गोल्ड बॉन्ड में निवेश




**नई दिल्ली।**

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की जून में जारी साल की पहली सीरीज ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। अब तक की सबसे ऊंची कीमत 5,926 रुपए प्रति ग्राम के बावजूद रिकॉर्ड 77.69 लाख यूनिट (1 यूनिट में 1 ग्राम) गोल्ड बॉन्ड का सब्सक्रिप्शन हुआ। यानी वर्चुअल तरीके से लोगों ने 7.77 टन सोने में निवेश किया। कीमत के लिहाज से इस सीरीज में 4,604 करोड़ रुपए का गोल्ड बॉन्ड बिका। इससे पहले वित्त वर्ष 2020-21 की पांचवीं सीरीज में सबसे ज्यादा 63.5 लाख यूनिट गोल्ड बॉन्ड सब्सक्राइब हुए थे।

### अब तक गोल्ड बॉन्ड की 64 सीरीज में 110 टन से ज्यादा सोने में निवेश

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम 2015-16 में लॉन्च हुई थी। तब से अब तक इसकी 64 सीरीज में कुल 11.04 करोड़ यूनिट सोना बिका है। यानी इस तरीके से सरकार 110 टन से ज्यादा सोना बेच चुकी है। 2015 में जारी पहली किस्त से अब तक सरकार को गोल्ड बॉन्ड की बिक्री से आय 18 गुना बढ़ी है।

### इस साल, 45 लाख निवेशकों को मिल सकता है 125-150प्रतिशत रिटर्न

पहली तीन सीरीज में गोल्ड बॉन्ड के भाव 2,600-2,900 रुपए प्रति ग्राम थे। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के मुताबिक, इस साल सोना 6,500 रुपए प्रति ग्राम तक जा सकता है। ऐसे में करीब 45 लाख निवेशकों को 125-150प्रतिशत रिटर्न मिल सकता है। सालाना 2.5प्रतिशत ब्याज भी मिला है।

### क्या है सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड एक सरकारी बॉन्ड होता है। इसे डीमैट के रूप में परिवर्तित कराया जा सकता है। यदि बॉन्ड पांच ग्राम सोने का है, तो पांच ग्राम सोने की जितनी कीमत होगी, उतनी ही बॉन्ड की कीमत होगी। इसे आरबीआई की तरफ से जारी किया जाता है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में आप 24 कैरेट यानी 99.9प्रतिशत शुद्ध सोने में निवेश करते हैं। ऑनलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह से इसमें निवेश किया जा सकता है। एसजीबी में निवेश पर 2.50प्रतिशत का सालाना ब्याज मिलता है।

# टमाटर ने बिगाड़ा घर का बजट, महंगाई बढ़ने का खतरा, आरबीआई ने जारी किया बुलेटिन

**मुंबई ।**

टमाटर की आसमान छूती कीमतों ने घरों का बजट बिगाड़ दिया है।चिंताजनक बात यह है कि इसका अन्य उत्पादों की कीमतों पर भी असर पड़ सकता है, जिससे महंगाई बढ़ने का जोखिम बना हुआहै।आरबीआई ने सोमवार को एक लेख में कहा, पिछले कुछ दिनों में टमाटर के दाम 250 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। इसका मुख्य कारण बारिश और कीटों के हमले के कारण टमाटर की फसल को होने वाला नुकसान है। खुदरा कीमतों में भारी वृद्धि के बीच केंद्र ने लोगों को राहत देने के लिए 80 रुपये प्रति किलोग्राम पर टमाटर बेचना शुरू कर दिया है।हालांकि, टमाटर के दाम घटने लगे हैं।सोमवार को इसकी अखिल भारतीय औसत कीमत लगभग 120 रुपये प्रति किलोग्राम रही।

### आपूर्ति शृंखला में व्यापक सुधार की जरूरत



आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम के लेख के मुताबिक, समग्र महंगाई में अस्थिरता लाने में टमाटर की कीमतों का ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसकी आसमान छूती कीमतों का खुदरा और थोक बाजारों में अन्य सब्जियों के दाम पर असर पड़ा है।पिछले कुछ वर्षों में कीमतों में बढ़ोतरी से समग्र महंगाई की अस्थिरता को नियंत्रित करने के लिए आपूर्ति शृंखला में सुधार की जरूरत है।

### केंद्रीय बैंक ने की 7.37 अरब डॉलर की खरीदारी

आरबीआई ने मई, 2023 में 7.37 अरब डॉलर की खरीदारी की। अप्रैल में केंद्रीय बैंक ने शुद्ध रूप से 7.70 अरब डॉलर की खरीदारी की थी। उधर, मई में डॉलर के मुकाबले रुपये में एक फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली।

### विकसित देश बनने को 7.6प्रतिशत की वृद्धि दर जरूरी

अगले 25 वर्षों में 7.6 फीसदी की औसत वार्षिक वास्तविक वृद्धि दर के साथ ही भारत 2047 तक एक विकसित देश बन सकता है। हालांकि, पूंजी भंडार, बुनियादी ढांचे और लोगों के कौशल के मौजूदा स्तर को देखते हुए यह कार्य आसान नहीं होगा।

केंद्रीय बैंक ने भारत रिपोर्ट में कहा, विकसित देश बनने के लिएभारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी को मौजूदा स्तर से 8.8 गुना बढ़ाने की जरूरत है। अभी प्रति व्यक्ति जीडीपी 2,500 डॉलर है, जिसे बढ़ाकर 22,000 डॉलर करना होगा।

## कर्नाटक में 8,800 करोड़ इन्वेस्ट करेगी फॉक्सकॉन

# सीएम सिद्धारमैया के साथ बैठक में कंपनी ने रखा प्रस्ताव, आईफोन स्क्रीन सहित अन्य एक्सेसरीज करेगी मेन्युफेक्चर

**नई दिल्ली।**

**ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी फॉक्सकॉन ने कर्नाटक सरकार के साथ 8,800 करोड़ रुपए के एक और इन्वेस्टमेंट की बात की है। यह जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान से मिली है।**

### 14,000 नई नौकरियों का दावा

फॉक्सकॉन इंडस्ट्रियल इंटरनेट के प्रस्ताव के अनुसार, निवेश के लिए 100 एकड़ भूमि की जरूरत होगी और इसके आने के बाद 14,000 नई नौकरियां पैदा होंगी। रिपोर्ट के अनुसार, इन्वेस्ट करने वाली फॉक्सकॉन की सहायक कंपनी के प्रतिनिधियों ने तुमकुरु में मौजूद जापान इंडस्ट्रियल टाउनशिप का दौरा भी किया।

### अप्रैल 2024 में चालू होगा प्लांट

इस साल फॉक्सकॉन और उसकी सहायक कंपनियों की ओर से कर्नाटक को दिया गया यह दूसरा इन्वेस्टमेंट प्रपोजल है। कंपनी ने इसी साल मार्च में एक फोन मैन्युफैक्चरिंग प्लांट बनाने के लिए बेंगलुरु एयरपोर्ट के पास इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी इंडस्ट्रियल रीजन को चुना है, यहां कंपनी 8,000 करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट करेगी। इस यूनिट के प्रोपोज्ड इन्वेस्टमेंट के साथ मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के अप्रैल 2024 से चालू होने की उम्मीद है।




### वेदांता के साथ कैंसिल की थी डील

फॉक्सकॉन हाल ही में तब खबरों में थी, जब वेदांता के साथ गुजरात में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट सेटअप करने की उसकी डील कैंसिल हो गई थी। उस समय के रिपोर्ट्स से जानकारी मिली थी कि वेदांता चिप्स बनाने के लिए जरूरी टेक्नोलॉजी हासिल करने में असमर्थ रही, जिसके कारण डील में लगातार देरी हो रही थी।

### स्क्रीन और आउटर कवर बनाएगी कंपनी

मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी बयान में बताया गया कि सीएम सिद्धारमैया ने एक बैठक की अध्यक्षता की जिसमें फॉक्सकॉन इंडस्ट्रियल इंटरनेट के सीईओ ब्रांड चेंग और उनका प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हुआ था। इस बैठक में देवनहल्ली में आईटीआईआर क्षेत्र में एक और सप्लीमेंट्री प्लांट बनाने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। बयान में कहा गया है कि फोन के लिए जरूरी मैकेनिकल कंपोनेंट के बजाए कंपनी, स्क्रीन और आउटर कवर मैन्युफैक्चर करेगी। यह देवनहल्ली में असेंबली यूनिट के लिए एक सप्लीमेंट्री प्लांट के रूप में काम करेगा।

### निर्मला सीतारमण ने चीनी समकक्ष से की मुलाकात, वैश्विक ऋण जोखिमों से निपटने के उपायों पर हुई चर्चा

**गांधीनगर ।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को अपने चीनी समकक्ष लियू कुन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने 2023 में जी-20 की भारत की अध्यक्षता के तहत वित्तीय प्राथमिकताओं पर विचार विमर्श किया। उन्होंने बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत बनाने और वैश्विक ऋण जोखिमों से निपटने के उपायों पर चर्चा की। बता दें, दोनों मंत्रियों ने चल रही जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक के गवर्नरों की बैठक में भाग लिया। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने अपनी अर्थव्यवस्थाओं, मुद्रास्फीति, व्यापार की स्थिति पर चर्चा की। साथ ही आर्थिक वृद्धि और विकास के लिए एक अच्छे कारोबारी माहौल के महत्व को भी तराशा। बैठक के बाद वित्त मंत्रालय ने ट्वीट किया कि दोनों नेताओं ने 2023 में जी-20 की भारत की अध्यक्षता के तहत कई मुख्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने, वैश्विक ऋण की कमजोरियों और वित्तीय समावेशन के लिए वैश्विक साझेदारी पर चर्चा की। एक अन्य ट्वीट में वित्त मंत्रालय ने कहा कि मंत्री लियू ने बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने के लिए जी 20 समूह के काम को सराहा और कहा कि अब तक बहुत सारे परिणाम हासिल हुए हैं। वहीं, मंत्रालय ने यह भी बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने जी 20 की अध्यक्षता के तहत सतत वित्त वर्किंग ग्रुप के सह-अध्यक्ष के रूप में चीन के प्रयासों की सराहना की।

# रणबीर के फैन ने बीच सड़क में की ऐसी हरकत!

**- वीडियो देखकर भड़क उठे फैंस**



**मुंबई (ईएमएस)।** एक फैन ने बालीवुड एक्टर रणबीर कपूर को देखते ही कुछ ऐसा कर दिया जिसे देखकर आपको भी हैरानी होगी। फैन का ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि, एक फैन नीली शर्ट पहने रणबीर की कार की खिड़की से उनकी फोटो लेने की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहा है। रणबीर के ड्राइवर को खिड़की का शीशा नीचे करते हैं और लड़के को आगे बढ़ने के लिए कहते हैं। वीडियो वायरल होने के बाद लोग एक्टर के साथ-साथ फैन को भी ट्रोल कर रहे हैं। लोग वीडियो पर कुछ ऐसे कमेंट कर रहें हैं- याने इतना ट्रैफिक मैं वह बिना हेलमेट के अपनी बाइक चला रहा है, एक हाथ में कैमरा है और दूसरे हाथ से वह अपनी स्कूटी चला रहा है..इतनी भी क्या आग लगी है फोटो निकालने की..और एक बार ना बोल दिया तो इतना क्या जबरदस्ती कर के तस्वीर लेने का...कुछ लोग सच में अजीब होते हैं। लोगों को इन मशहूर हस्तियों पर इतना ध्यान देना पूरी तरह से बंद कर देना चाहिए, क्योंकि जब आप ऐसा करते हैं तो वे उसका सम्मान नहीं करते। मैं समझता हूं कि कभी-कभी कुछ लोग कुछ ज्यादा ही कर देते हैं क्योंकि वे उनकी तस्वीर लेना चाहते हैं लेकिन हकीकत तो यह है कि जिंदगी ऐसी ही है और ऐसा ही होगा क्योंकि वे मशहूर हस्तियां हैं। कुछ लोग फैन की गलती निकाल रहें हैं तो कुछ रणबीर कपूर को कोस रहें हैं। बात करें एक्टर के वर्कफ्रंट की तो रणबीर जल्द ही रश्मिका बंदना के साथ एनिमल में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 1 दिसंबर को दुनिया भर में हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम सहित पांच भाषाओं में रिलीज होने वाली है। मालूम हो कि फैंस से ही कलाकार की पहचान होती है। हर कलाकार अपने फैंस के बगैर अधुरा होता है। फैंस ही एक कलाकार को हस्ती बनाते हैं। लेकिन कई बार फैंस यह भूल जाते हैं कि सेलेब्स की भी अपनी पर्सनल लाइफ होती है। फैंस सेलेब्स से हाथ मिलाने और मिलने के लिए सारी हदें पार कर देते हैं।

# ईशा अंबानी खरीदेंगी आलिया भट्ट की कंपनी, एड-ए-मम्मा का होगा अधिग्रहण

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** ईशा अंबानी अब आलिया भटट की कंपनी एड ए अम्मा को खरीदेने जा रही है। गौरतलब है कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लगातार छोटी-बड़ी कंपनियों का अधिग्रहण कर रही है। कारोबार विस्तार के लिए रिलायंस लगातार दूसरी कंपनियों के साथ साझेदारी कर रही है। इसी क्रम में रिलायंस की रिटेल ब्रांच रिलायंस रिटेल वेंचर्स बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट की कंपनी को खरीदने जा रही है। रिलायंस रिटेल वेंचर्स कंपनी आलिया की चाइल्ड वियर ब्रांड एड-ए-मम्मा को खरीदने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि दोनों कंपनियों के बीच 300-350 करोड़ रुपये की डील होगी। बता दें कि रिलायंस अपने तेजी से फैलते कारोबार के तहत यह कदम उठाने जा रही है। देशभर में रिटेल का कारोबार फैल रहा है। इसी के तहत कंपनी आलिया के चाइल्ड वियर ब्रांड का अधिग्रहण करने जा रही है। माना जा रहा है कि ये डील 300-350 करोड़ रुपये में हो सकती है। रिलायंस आलिया की कंपनी रड-ए-मम्मा का अधिग्रहण कर अपने किड्स वियर पोर्टफोलियो को और मजबूत करने की योजना बना रही है। औरजल्द ही इस डील पर अंतिम मुहर लग जाएगी। मिली जानकारी के मुताबिक दोनों कंपनियों के बीच इस डील को लेकर अंतिम दौर



में है। माना जा रहा है कि इस महीने के अंत में दोनों कंपनियों के बीच डील हो जाएगी। आलिया भट्ट ने एड-ए-मम्मा की शुरूआत साल 2020 में की थी। आलिया भट्ट की इस कंपनी की वैल्यूएशन 150 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस ब्रांड को शुरू करने को लेकर आलिया ने कहा था कि एक वर्ल्ड लेवल पर घरेलू ब्रांड की कमी को देखते हुए इस कंपनी की शुरूआत की गई थी। किफायती दरों पर बच्चों के लिए टिकाऊ कपड़ों के ऑप्शन इस ब्रांड में मिल जाएंगे। कंपनी अपनी वेबसाइट के अलावा, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए अपने प्रोडक्ट बेचती है।

# साई-फाई फिल्म प्रोजेक्ट आजकल खासी चर्चाओं में

**- फिल्म में प्रभास- दीपिका पादुकोण ने किया है अभिनय**



**मुंबई (ईएमएस)।** निर्देशक नाग अश्विन की साई-फाई फिल्म प्रोजेक्ट के इन दिनों खासी चचाओं में है। इस फिल्म में प्रभास- दीपिका पादुकोण अभिनय किया है। इस फिल्म के नाम से पर्दा फिल्म के निमार्ता-निर्देशक 20-21 जुलाई के दिन अमेरिका के कॉमिक.कॉन फेस्टिवल में हटाने वाले हैं। जिसे लेकर अभी से ही फिल्म के दीवाने फैंस के बीच खासा क्रेज है। यह भारत की पहली ऐसी फिल्म होने वाली है जो अमेरिका के कॉमिक.कॉन फेस्टिवल में हिस्सा लेने वाली है। दिलचस्प बात यह है कि इसी दिन फिल्म के टाइटल के साथ-साथ निमार्ता-निर्देशक मूवी का ट्रेलर भी जारी कर देंगे। ऐसे में दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर है।इस बीच फिल्म के टाइटल एनाउंसमेंट से पहले ही एक खबर सोशल मीडिया पर आग की तरह वायरल हो गई है। खबर है कि इस फिल्म का नाम कालचक्र होने वाला है। यह तो साफ है कि फिल्म का नाम के अक्षर से ही होगा। दावा किया जा रहा है कि मूवी का नाम कालचक्र होगा। हालांकि इससे पहले भी एक ऐसी ही खबर सामने आई थी, जिसमें दावा किया गया था कि प्रोजेक्ट के का नाम कल्कि हो सकता है। जो भगवान विष्णु के 10वें अवतार का एक रूप है। हालांकि सही नाम क्या है। इसका खुलासा तो खैर 20-21 जुलाई के दिन ही होगा। इससे पहले मेकर्स ने इशारा दिया है कि मूवी को लेकर एक वो बड़ी जानकारी फैंस के साथ जल्दी ही साझा करेंगे। ये जानकारी क्या होगी।अब हर किसी की नजर इस पर ही टिकी है। कमल हासन और अमिताभ बच्चन भी महानती फेम निर्देशक नाग अश्विन की इस मचअवेटेड और मेगा पैन इंडिया रिलीज मूवी में नजर आएंगे। इसके अलावा मूवी में दीपिका पादुकोण लीड रोल में हैं। जबकि, दिशा पाटनी भी एक अहम किरदार में नजर आने वाली हैं।

# आलिया के साथ एक्शन शो का प्लान बना रहे हैं आदित्य



**-चोपड़ा की वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में शामिल होंगी आलिया भट्ट**

**-बिना टाइटल वाली फिल्म 2024 में होगी रिलीज**

**मुंबई (ईएमएस)।** एक्ट्रेस आलिया भट्ट फिल्म निमार्ता आदित्य चोपड़ा की वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में शामिल होंगी। अब वह सुपरस्टार आलिया भट्ट के साथ एक नए बड़े बजट के एक्शन शो का प्लान बना रहे हैं। यशराज फिल्म्स की यह अभी बिना टाइटल वाली फिल्म 2024 में रिलीज होगी। सूत्र ने कहा, आलिया आज हमारे देश की सबसे बड़ी सुपरस्टार्स में से एक हैं और वह वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में शाहरुख खान, सलमान खान और ऋतिक रोशन की तरह एक सुपर-एजेंट की भूमिका निभाएंगी।यह एक एक्शन फिल्म होगी, जिसमें आलिया एक मिशन पर काम करेगी। फिल्म वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का और विस्तार करेगी। सूत्रों की माने तो आलिया नए अवतार में नजर आएंगी। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में उनका शामिल होना यह दशार्ता है कि आदित्य चोपड़ा इस फ्रेंचाइजी के लिए किसी भी ऑडियंस सेगमेंट को बाहर नहीं रख सकते। आलिया भारत के युवाओं के बीच सबसे बड़ी सुपरस्टार हैं और वह हमारी जनरेशन की सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक भी हैं। सूत्रों का कहना है कि आलिया हमारे समय के सबसे बड़े हीरो जितनी बड़ी हैं और उनका वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स फिल्म में मुख्य भूमिका निभाना इस धारणा को काफी हद तक पुख्ता करता है। आदित्य चोपड़ा एक ऐसी अभिनेत्री के रूप में आलिया को लेकर बहुत उत्साहित हैं जो स्पाई यूनिवर्स के भीतर अपने दम पर एक फ्रेंचाइजी का संचालन और शुरूआत कर सकती है।

# हर कपल के लिए तोहफा यह गाना : नेहा कक्कड़



हार्टब्रेकिंग सॉन्ग दिल बेचारा को लेकर बालीवुड गायिका नेहा कक्कड़ ने इस गाने को हर कपल के लिए एक तोहफा बताया है, जो लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप में रहते हैं। नेहा और रोहनप्रीत ने हमेशा अपने प्यारे और भावपूर्ण म्यूजिक वीडियो से फैंस को मंत्रमुग्ध किया है। उसी के बारे में बात करते हुए, नेहा ने कहाः यह गाना वाकई खास है क्योंकि इसे हम दोनों ने मिलकर कंपोज किया है, जो हिस्से मैंने गाए हैं वे मेरे द्वारा कंपोज किए गए हैं, और जो हिस्से रोहू ने गाए हैं वे उनके द्वारा कंपोज किए गए हैं। उन्होंने कहा, यह गाना प्यार में पड़े हर कपल के लिए एक सौगात है, लेकिन वे एक-दूसरे से बहुत दूर हैं। यह मेरे सबसे अच्छे गानों में से एक है और मुझे यकीन है कि सभी लिस्नर्स इसे बेहद पसंद करेंगे। बता दें कि नेहा ने अपने पति रोहनप्रीत सिंह के साथ हार्टब्रेकिंग सॉन्ग दिल बेचारा को कंपोज भी किया है।

# नागिन 7 को लेकर एक्साइटेड है फैंस




हाल ही में नागिन 6 शो का पैकअप हो गया है। सीजन के सारे एपिसोड शूट हो चुकें हैं। छोटे परदे के मोस्ट पॉपुलर शो नागिन का हर सीजन कमाल का रहा है। अब जल्द ही नागिन का सीजन 7 भी ऑनएयर होने वाला है। शो मेकर्स ने अभी तक अपनी अगली नागिन का फेस रिवील नहीं किया है। ऐसे में नागिन 7 को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं और ये जानने के लिए बेताब हैं कि टीवी की अगली नागिन कौन होगी? ऐसे में कई नाम सामने आ रहें हैं। वहीं कुछ लोगों का दावा है कि नागिन 7 के लिए मेकर्स ने सलमान खान की एक एक्ट्रेस को अप्रोच किया है। जानकारी के मुताबिक नागिन 7 के लिए सलमान खान के साथ जय हो में नजर आईं एक्ट्रेस डेजी शाह से कॉन्टेक्ट किया गया है। जल्द ही मेकर्स और डेजी शाह के बीच डील फाइनल होने की उम्मीद है। पहले शो के अगले सीजन के लिए प्रियंका चाहर चौधरी का नाम लिया जा रहा था, लेकिन अब शायद ऐसा नहीं हैं। नागिन एक ऐसा शो है जिसे भारत ही नहीं बल्की कई देशों में देखा जाता है।

# कैटरीना और विक्की के बीच है गजब की बॉन्डिंग



बॉलीवुड के पावर कपल्स कैटरीना कैफ और विक्की कौशल को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। एयरपोर्ट पर दोनों के बीच गजब की बॉन्डिंग देखने को मिली। अब कपल की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। विक्की और कैटरीना हाथों में हाथ डाले एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए और पैपराजी को एक साथ जबरदस्त पोज देते दिखे। इस दौरान कैटरीना रिप्ड बॉयफ्रेंड जींस के साथ फ्लोरल प्रिंटेड टॉप में नजर आईं। गोरे मुखड़े पर काला चश्मा लगाए एक्ट्रेस बेहद गॉर्जियस लगीं। वहीं, उनके पति विक्की कौशल व्हाइट टी शर्ट के साथ ब्लैक जैकेट और ब्लू ट्राउजर में कैजुअल लुक में नजर आए। एक साथ दोनों कैमरे के लिए हंसते मुस्कुराते जबरदस्त पोज देते दिखे। काम की बात करें तो कैटरीना कैफ जल्द ही सलमान खान के साथ फिल्म टाइगर 3 में नजर आएंगी। इसके अलावा उनके पास फरहान अख्तर की जी ले जरा भी है। वहीं एक्टर विक्की कौशल को हाल ही में सारा अली खान के साथ जरा हटके जरा बचके में देखा गया, जिसे दर्शकों की मिली जुली प्रतिक्रिया मिली।

# फिल्म सालार के पोस्ट रिलीज ओटीटी राइट्स 200 करोड़ में बिके

**-कुछ दिनों पहले ही जारी किया था फिल्म का टेलर**



**मुंबई (ईएमएस)।** सालार के पोस्ट रिलीज ओटीटी राइट्स को निमार्ताओं ने 200 करोड़ रुपये की बड़ी डील के साथ बेचा है। अभी साफ नहीं है कि ये रकम सभी भाषाओं की ओटीटी रिलीज के लिए है या फिर किसी एक भाषा की ओटीटी रिलीज को लेकर है। ये भी साफ नहीं हुआ है कि ये मोटी डील किस ओटीटी प्लेटफॉर्म ने क्रैक की है। फिलहाल सिर्फ यही जानकारी सामने आई है कि इस फिल्म की ओटीटी रिलीज के अधिकार 200 करोड़ रुपये में बिके हैं। सालार का धांसू टीजर निमार्ताओं ने कुछ दिनों पहले ही जारी किया था। जिसने रिलीज के महज 24 घंटे के अंदर ही 82 मिलियन व्यूज का बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया था। बता दें कि सुपरस्टार प्रभास की फिल्म सालार की रिलीज डेट काफी करीब है। निमार्ता-निर्देशक इस फिल्म को इसी साल सितंबर महीने में रिलीज करने वाले हैं। ये फिल्म 28 सितंबर को सिल्वर स्क्रीन पर धमाका करने वाली है। इस फिल्म में प्रभास के अतिरिक्त पृथ्वीराज सुकुमारन व श्रुति हासन मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशक प्रशांत नील ने किया है जो अपनी केजीएफ फ्रेंचाइजी के चलते दर्शकों में अपनी एक अलग पहचान बना चुके हैं। हालांकि टीजर देखने के बाद सालार को केजीएफ की ही अगली कड़ी माना जा रहा है। इस फिल्म के टीजर को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद अब निमार्ताओं की नजर फिल्म के बॉक्स ऑफिस कारोबार पर टिकी है। इससे पहले अभी तक फिल्म का टीजर यूट्यूब पर 117 मिलियन व्यूज के आंकड़े को पार कर चुका है। जो एक बड़ी बात है।

# अनिल स्ट्रीमिंग नॉनफिक्शन सीरीज पुरस्कार के लिए नामांकित

**-इसकी जानकारी जेरेमी रेनर ने अपने इंस्टाग्राम पर दी**




**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही में अमेरिकी डॉक्यूमेंट्री मिनी सीरीज, रेनरवेशन्स ने प्रतिष्ठित तीसरे वार्षिक एचसीए अवाड्र्स में सर्वश्रेष्ठ स्ट्रीमिंग नॉनफिक्शन सीरीज अवार्ड के लिए बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर ने नामांकन हासिल किया है। यह मान्यता एक बहुमुखी कलाकार के रूप में कपूर की स्थिति को और मजबूत करती है, जो कुशलता के साथ विभिन्न शैलियों और माध्यमों का पता लगाना जारी रखते हैं। इसकी जानकारी जेरेमी रेनर ने अपने इंस्टाग्राम पर दी है। रेनर ने अपना उत्साह व्यक्त किया और रेनरवेशन्स के पीछे की पूरी टीम को बधाई दी। सर्वश्रेष्ठ स्ट्रीमिंग नॉनफिक्शन सीरीज श्रेणी में प्रतिस्पर्धा भयंकर है, जिसमें रेनरवेशन्स हैरी मेघन, प्रागैतिहासिक प्लैनेट, ज्योग्राफी ऑफ ब्लिस, द 1619 प्रोजेक्ट और द रिलक्टेंट ट्रैवलर जैसी अन्य प्रशंसित सीरीज के खिलाफ आमना-सामना है।जब जेरेमी रेनर ने उद्देश्य-निर्मित वाहनों को बदलने और जरूरतमंद समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए अपनी विशेषज्ञता और रचनात्मकता का उपयोग करते हुए, दुनिया भर में यात्रा करते हैं, तो रेनरवेशन दर्शकों को एक मनोरम यात्रा पर ले जाता है। रेनरवेशन के भारतीय एपिसोड में, अनिल कपूर ने रेनर के साथ मिलकर मिनी सीरीज में आकर्षण और प्रतिभा का अपना ब्रांड लाया। कपूर की भागीदारी ने उनके करियर पर उत्सुकता से नजर रखने वाले प्रशंसकों के लिए प्यार और उत्साह की एक अतिरिक्त परत जोड़ दी। अनिल कपूर ने हाल ही में द नाइट मैनेजर पार्ट 2 में शैली रूंगटा के अपने जबरदस्त किरदार के लिए काफी प्रशंसा बटोरी। रणबीर कपूर के साथ एनिमल और ऋतिक रोशन एवं दीपिका पादुकोण के साथ फाइटर जैसी परियोजनाओं के साथ, वह खुद को चुनौती देना जारी रख रहे हैं।

## सूडोकु नवताल- 6496

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6495 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7243

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | अं | धे | रा | उ | जा | ला | झ | क | चि |
| खा | ली | भ | रा | रिं | लै | ता | भ | शा | को | चि |
| ट | र | ह | झि | दा | चि | सिं | हा | र | जी | त |
| प | म | दा | च | ल | क | ड़ | नि | दा | र | प |
| ट | पा | र | स्व | र्ग | न | र्क | चि | स | र | ट |
| ह | स | प | ए | दा | ह | ला | पू | ड़ | न | ती |
| ट | दू | बु | अ | डी | म | ट | ह | रा | ह | क |
| बा | र | वा | ला | क | चो | सौ | न | ट | आ | ट |
| स | थो | तें | व | ह | ज | टी | ने | दा | र | धा |
| र | ल | प | ति | रं | ट | ऐ | बें | न | रु | थो |
| त | ड़ | म | र्द | औ | र | त | ख | ला | ह | ट |

*शब्द जाल में 10 विलोम शब्द ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

अंधेरा उजाला, लाभ हानि,एडी चोटी, हार जीत, चित पट, पूरा आधा, मर्द औरत, पास दूर, स्वर्ग नर्क, खाली भरा

**शब्दजाल - 7242 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ट | र | प | ट | र | धि | अ | र | प | अ |
| न | ग | क | म | इं | डो | ने | फ | ति | मा | ना |
| अ | दा | ल | ला | मा | ग | अं | रा | ह | प | प |
| आ | ग | ल | ब | जा | न | स | त | ह | अ | श |
| ना | न | अ | र | ग | न | मे | फ | का | ग | ना |
| जा | अ | न | र | व | ल | का | री | ह | र | प |
| ना | ज | ल | फा | व | अ | ला | र | मा | म | ग |
| आ | र | पा | र | न | प | स | रा | ल | ग | ला |
| अ | पं | बा | अ | लं | न | र | ह | न | र | दे |
| र | ज | ति | मा | अ | द | ली | ब | द | ली | श |
| बां | र | ल | प | रु | स | स | त्ता | प | र | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6196

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | 7 | |
| 4 | 33 | 4 | 40 | 7 | 31 | 2 |
| | 2 | | 3 | 5 | | |
| 1 | 29 | 3 | 37 | 6 | 35 | 5 |
| | | 7 | 4 | | 5 | |
| 6 | 30 | 2 | 24 | 1 | 30 | 3 |
| | 6 | | 4 | | | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 6195 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 7 | 4 | 2 | 1 | 6 |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | 3 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 7 | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 4 | 5 | 6 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# वेस्टइंडीज में रोहित-द्रविड़ से मिलेंगे चीफ सलेक्टर आगरकर : वनडे वर्ल्ड कप के लिए तैयार करेंगे रोड मैप; बुमराह की फिटनेस पर भी होगी चर्चा

**नई दिल्ली ।**
भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सीनियर सेलेक्शन कमेटी के चीफ सलेक्टर अजित आगरकर वेस्टइंडीज में टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा से मुलाकात करेंगे। टीम इंडिया फिलहाल वेस्टइंडीज दौरे पर है। टीम वहां पर टेस्ट, वनडे और टी-20 सीरीज खेलने के लिए गई है। टीम 2 टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी भारत कर रहा है। वर्ल्ड कप 5 अक्टूबर से शुरू होगा। वर्ल्ड कप शुरू होने में सिर्फ 2 महीने बचे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, चयन समिति के अध्यक्ष अजित आगरकर वर्ल्ड कप की योजनाओं के संबंध में वेस्टइंडीज का दौरा करने वाले हैं। बीसीसीआई सूत्र ने बताया, आगरकर वेस्टइंडीज दौरे पर द्रविड़ और कप्तान रोहित के साथ वर्ल्ड कप पर चर्चा करेंगे।

**वनडे सीरीज शुरू होने से पहले टीम से जुड़ जाएंगे अगरकर** - एक सूत्र ने बताया, फिलहाल चयन कमेटी के मेंबर सलिल अंकोला वेस्टइंडीज में हैं, लेकिन टेस्ट सीरीज खत्म होने के बाद वह वापस आ जाएंगे। वहीं आगरकर वनडे सीरीज शुरू होने से पहले टीम से जुड़ जाएंगे। चयन समिति के अध्यक्ष बनने के बाद आगरकर ने अभी तक टीम मैनेजमेंट से मुलाकात नहीं की है। उनका वेस्टइंडीज दौरा टीम इंडिया की वर्ल्ड कप में रणनीति पर चर्चा करने का यह पहला मौका होगा।

**बुमराह की फिटनेस पर होगी चर्चा** - इस मीटिंग में तेज गेंदबाद जसप्रीत बुमराह की फिटनेस स्थिति और उनके तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए आयरलैंड दौरे पर शामिल होने या न होने पर चर्चा की जाएगी। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी की स्पोर्टड साइंस एंड मेडिकल यूनिट ने अभी तक बुमराह को रिटर्न टू प्ले सर्टिफिकेट नहीं दिया है। टीम मैनेजमेंट और सेलेक्शन कमेटी को फिटनेस मुद्दों के अलावा उन मुख्य 20 खिलाड़ियों के बारे में तालमेल बिठाने की जरूरत है, जिन्हें वे वर्ल्ड कप में खेलने के लिए दावेदार समझ रहे हैं।

**पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंची टीम इंडिया** - दूसरे टेस्ट के लिए टीम इंडिया पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंच गई है। दूसरा टेस्ट 20 जुलाई से शुरू होना है। भारतीय टीम मंगलवार से प्रैक्टिस शुरू करेगी। उससे पहले भारतीय खिलाड़ी मस्ती करते नजर आए।

मोहम्मद सिराज, नवदीप सैनी, ईशान किशन और शुभमन गिल होटल में स्नूकर खेलते नजर आए। इसका वीडियो नवदीप सैनी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। वहीं रोहित शर्मा सहित टीम इंडिया के खिलाड़ी होटल लॉबी में नजर आए। जिसका वीडियो बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट किया।

**20 जुलाई से होगी दूसरे टेस्ट की शुरुआत** - पहला टेस्ट टीम इंडिया ने एक पारी और 141 रन से जीता था। दूसरा टेस्ट 20 जुलाई से खेला जाएगा। आयरलैंड दौरे के लिए टीम के हेड कोच वीवीएस लक्ष्मण होंगे और द्रविड़ को आराम दिया जाएगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### वेंकटेश प्रसाद ने धोनी के गैराज का वीडियो शेयर किया: बाइक्स और कार कलेक्शन देख कर बोले- यह शोरूम हो सकता है



**नई दिल्ली ।** महेंद्र सिंह धोनी के गैराज का एक वीडियो सामने आया है। इसमें उनका बाइक और कार का कलेक्शन देखा जा सकता है। इसे पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने ट्वीट किया है। दरअसल, वेंकटेश और सुनील जोशी इन दिनों रांची में हैं। वेंकटेश ने लिखा, मैंने एक व्यक्ति में जबर्दस्त जुनून देखा है। क्या कलेक्शन और क्या आदमी है धोनी। यह उनके रांची वाले घर में बाइक्स और कार के कलेक्शन की एक झलक है। इस शख्स और इसके जुनून से मैं अभिभूत हूं। वीडियो में वेंकटेश से पूछा जाता है कि रांची आकर कैसा लग रहा है, तो वे कहते हैं- अमेजिंग। क्या यहां आप पहली बार आए हैं, तो उन्होंने बताया कि चौथी बार रांची आया हूं। वेंकटेश ने कहा कि वह वाकई जुनूनी हैं। जब तक किसी को ऐसा जुनून नहीं है, तब तक आप इतनी सारी बाइक नहीं रख सकते। धोनी को बाइक्स और कार का बेहद शौक है। धोनी ने अपने रांची फार्महाउस में बाइक्स के लिए दो मंजिला गैराज बना रखा है। रिपोर्ट्स की मानें तो उनके पास 100 से ज्यादा बाइक्स का कलेक्शन है। धोनी के पास हार्ले-डेविडसन फैट बॉय, डुकाटी 1098, कॉन्फेडरेट एक्स132 हेलकैट, कावासाकी निंजा बीएसए गोल्डस्टार और हायाबुसा जैसी बाइक्स हैं। धोनी को रांची में इन बाइक्स के साथ कई बार देखा गया है। धोनी के पास दुनियाभर की शानदार कारें भी हैं। उनके कार कलेक्शन में मर्सिडीज बेंज जीएलई 250डी, विंटेज रोल्स रॉयस सिल्वर रेथ द्दद्य, 1970 मॉडल फोर्ड मस्टंग 429 फास्टबैक, जीप ग्रैंड चेरोकी एसआरटी, हमर एच2, ऑडी क्यू7, लैंड रोवर फ्रीलैंडर 2, फेरारी 599 जीटीओ 139, महिंद्रा स्कॉर्पियो और हिंदुस्तान मोटर्स की एंबेसडर जैसी गाड़ियां शामिल हैं।

### इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट के लिए किया प्लेइंग 11 का एलान, एक अहम बदलाव किया गया




**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने मैनचेस्टर में बुधवार से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले अपनी प्लेइंग 11 की घोषणा कर दी है। इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग 11 में एक बदलाव किया है। तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन की टीम में वापसी हुई है। जेम्स एंडरसन टीम में ओली रोबिंसन की जगह लेंगे, जो तीसरे टेस्ट में पीठ दर्द की समस्या से जूझ रहे थे। एंडरसन ने मौजूदा एशेज सीरीज के पहले दो टेस्ट खेले थे, लेकिन 75.33 की खराब औसत से केवल तीन विकेट लिए थे। एजबेस्टन में पहले टेस्ट के बाद 40 साल के एंडरसन ने पिच की आलोचना की थी। एंडरसन ने कहा कि उन्हें पिच से कोई सहायता नहीं मिली। हालांकि, लॉर्ड्स में लंकाशायर के तेज गेंदबाज ने खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी ली थी। जेम्स एंडरसन को उम्मीद है कि अपने होमग्राउंड पर प्रभाव छोड़ने में कामयाब रहेंगे। चौथे टेस्ट में जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड की जोड़ी नई गेंद की जिम्मेदारी संभालती हुई नजर आएगी। मार्क वुड और क्रिस वोक्स अपनी जगह बरकरार रखने में कामयाब हुए। आलोचनाओं से घिरे जॉनी बेयरस्टो को चौथे टेस्ट के लिए बरकरार रखा गया है। ऑलराउंडर मोइन अली भी खेलेंगे। इंग्लैंड ने पहले दो टेस्ट में शिकस्त झेलने के बाद दमदार वापसी की और तीसरा टेस्ट 2 विकेट से जीता।

### बुमराह ने एनसीए में बॉलिंग प्रैक्टिस का वीडियो शेयर किया

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर  एक वीडियो शेयर किया। यह वीडियो कई फोटो को कम्पाइल करके बनाया गया है। वीडियो में बुमराह बॉलिंग करते नजर आ रहे हैं। कुछ दिन पहले खबर आई थी कि बुमराह ने नेशनल क्रिकेट अकादमी में बॉलिंग प्रैक्टिस फिर शुरू कर दी है, लेकिन उन्होंने वीडियो शेयर करके अब इस बात की पुष्टि कर दी है। रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे बुमराह अगले महीने होने वाले आयरलैंड टूर का हिस्सा हो सकते है, जहां टीम 3 टी-20 मैच की सीरीज खेलेगी। उन्होंने अपना आखिरी मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 25 सितंबर 2022 को खेला था और उसके बाद साउथ अफ्रीका सीरीज के लिए टीम में चुने गए थे। स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण वो सीरीज से बाहर हो गए और उनकी जगह मोहम्मद सिराज को टीम में शामिल किया गया था। तब से वह रिकवरी कर रहे हैं।



# भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव पर लगी रोक हटी, सुप्रीम कोर्ट ने गुवाहाटी हाईकोर्ट का फैसला पलटा

**नई दिल्ली ।**
सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कुश्ती संघ के चुनाव पर लगी रोक हटा दी। अब जल्द ही कुश्ती संघ के चुनाव हो सकते हैं और पहलवानों को आंदोलन से जुड़ा मामला सुलझ सकता है।

भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव का रास्ता साफ हो गया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनावों पर लगी रोक हटा दी है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान देश की सर्वोच्च अदालत ने गुवाहाटी हाईकोर्ट का फैसला पलट दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कुश्ती संघ के चुनाव पर रोक लगाने वाले गुवाहाटी हाईकोर्ट के आदेश को हटा दिया। याचिका पर नोटिस जारी करते हुए न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और एस वेंकटनारायण भट्टी की पीठ ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी।

शीर्ष अदालत डब्ल्यूएफआई के चुनाव पर रोक लगाने वाले गुवाहाटी उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश को चुनौती देने वाली आंध्र प्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने चुनाव पर लगी रोक खत्म कर दी। इससे कुश्ती संघ के चुनाव और नए अध्यक्ष के चयन का रास्ता साफ हो गया है। नए अध्यक्ष के चयन के बाद पहलवानों का विवाद भी सुलझ सकता है। देश के शीर्ष पहलवान इस साल जनवरी के महीने से कुश्ती संघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का विरोध कर रहे हैं।

बृजभूषण पर कई पहलवानों के यौन शोषण के आरोप भी हैं। इस मामले में जांच खत्म नहीं हुई है। हालांकि, उन पर यौन शोषण का आरोप लगाने वाली नाबालिग पहलवान ने अपनी शिकायत वापस ले ली है।

## क्या है मामला

भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव इसी साल होने थे, लेकिन कई विवादों की वजह से इनमें देरी होती रही। देश के शीर्ष पहलवानों ने कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर यौन शोषण सहित कई गंभीर आरोप लगाए। इसके बाद उन्हें संघ के कामकाज से अलग कर दिया गया और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की तदर्थ समिति को संघ का कामकाज देखने और चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई। तदर्थ समिति ने चुनाव की तारीख छह जुलाई तय की, लेकिन बाद में इसे पांच दिन आगे बढ़ा दिया गया। अंत में चुनाव की तारीख 11 जुलाई तय की गई।

इस बीच गुवाहाटी हाईकोर्ट ने असम कुश्ती संघ की मांग पर सुनवाई करते हुए चुनाव में रोक लगा दी। असम कुश्ती संघ ने भारतीय ओलंपिक संघ की तदर्थ समिति और खेल मंत्रालय के खिलाफ दायर याचिका में कहा था कि वे डब्ल्यूएफआई से सदस्य के रूप में मान्यता के हकदार हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश के गोंडा में 15 नवंबर 2014 को डब्ल्यूएफआई की आम परिषद को तत्कालीन कार्यकारी समिति की सिफारिश के बावजूद ऐसा नहीं किया गया।

## 11 जुलाई तक क्यों टाले गए थे चुनाव

इससे पहले पांच असंबद्ध राज्य निकायों ने चुनावों के लिए मतदान के अधिकार की मांग करते हुए सुनवाई में अपना मामला पेश किया था। इस कारण तदर्थ समिति को यह फैसला करना पड़ा था। बुधवार को तीन सदस्यीय समिति से महाराष्ट्र, हरियाणा, तेलंगाना, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में असंबद्ध राज्य निकायों द्वारा संपर्क किया गया था। इस समिति में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एमएम कुमार शामिल हैं। समिति ने इन इकाइयों को सुनवाई के लिए बुलाया था।

एक सूत्र के अनुसार, राज्य इकाइयों ने अपना मामला पेश किया, जबकि भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रतिनिधियों ने इन निकायों की संबद्धता रद्द करने के अपने फैसले का बचाव किया। पैनल को निर्णय लेने और आदेश तैयार करने के लिए समय चाहिए, इसलिए चुनाव 11 जुलाई तक के लिए टाल दिए गए थे।

## दो अलग-अलग विवाद बने परेशानी

देश के शीर्ष पहलवान बृजभूषण सिंह को सजा दिलाने की मांग कर रहे हैं और नए अध्यक्ष के चयन की मांग कर रहे हैं। बृजभूषण का कार्यकाल खत्म हो चुका है और पहलवानों की मांग के अनुसार तदर्थ समिति चुनाव कराने के लिए तत्पर है, लेकिन पांच असंबद्ध राज्य निकाय इसमें परेशानी बन रहे हैं। असम सहित अन्य राज्यों के कुश्ती संघ चुनाव में अपनी बराबर की भागीदारी चाहते हैं। इसी वजह से मामला लगातार कोर्ट में है और चुनाव में देरी हो रही है।

# मीराबाई चानू की पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह से मांग- मणिपुर मेरा घर है, वहां हिंसा रोकिए



**नई दिल्ली ।**
असम में हो रही हिंसा को लेकर ओलंपिक पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने अपनी चिंता जाहिर की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपने राज्य मणिपुर में चल रहे संघर्ष को समाप्त करने की अपील की। मई की शुरुआत से ही इस राज्य में दो जातीय समुदायों मैतेई और कुकी के बीच लगातार संघर्ष के कारण उथल-पुथल हो रही है। दो महीने से अधिक समय तक चले संघर्ष में 150 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि कई घरों को आग के हवाले किया जा चुका है। चानू ने सोशल मीडिया पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह दोनों को टैग करते हुए मणिपुर को मदद करने और बचाने की अपील की। उन्होंने ट्विटर पर अपना एक वीडियो शेयर करते हुए कहा मणिपुर में हिंसा तीसरे महीने में प्रवेश करने वाली है और अभी तक शांति बहाल नहीं हुई है। हिंसा के कारण राज्य के कई खिलाड़ी प्रशिक्षण नहीं ले पा रहे हैं, शिक्षा बाधित हो रही है। कई लोगों की जान चली गई है और कई घर बर्बाद हो गए हैं। उन्होंने कहा मणिपुर मेरा घर है। चानू ने बताया कि वह इस समय यूएसए में आगामी विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों की तैयारी कर रही हैं।

उन्होंने आगे कहा, हालांकि मैं मणिपुर में नहीं हूं लेकिन मैं सोचती हूं, देखती हूं और सोचती हूं कि हिंसा कब खत्म होगी। मैं प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से स्थिति को ठीक करने और मणिपुर के लोगों को बचाने की अपील करती हूं। भारत के मिडफील्डर जैक्सन सिंह ने इस महीने की शुरुआत में कुवैत के खिलाफ सैफ चैम्पियनशिप फाइनल में भारत की जीत के बाद लोगों से मणिपुर में शांति बनाए रखने और लड़ाई न करने का आग्रह किया था। जैक्सन भी मणिपुर राज्य से आते हैं। मणिपुर की स्थिति पर नजर डालें तो राज्य में तीन मई के बाद से मैतेई समुदाय और कुकी के बीच जातीय हिंसा के कारण तनाव बढ़ा हुआ है। रिपोर्टों के अनुसार, यह पहली बार अनुसूचित जनजाति (एसटी) के दर्जे के लिए मेइतीस की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किए जाने के बाद हुआ। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, मेइतीस मणिपुर की आबादी का लगभग 53 प्रतिशत है और ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं। आदिवासी, जिनमें नागा और कुकी शामिल हैं, 40 प्रतिशत हैं और ज्यादातर पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

# अरुणाचल के खिलाड़ियों को चीन ने नहीं दिया वीजा, तीन वूशु खिलाड़ियों के दस्तावेज लौटाए

**नई दिल्ली ।**
विश्व यूनिवर्सियाड खेलों में भाग लेने चीन जा रहे अरुणाचल प्रदेश के तीन खिलाड़ियों को चीन ने वीजा जारी नहीं किया है। ये तीनों खिलाड़ी वूशु के हैं और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गुजरात से संबद्ध हैं। ये तीनों खिलाड़ी आठ सदस्यीय टीम के साथ सोमवार को बायोमेट्रिक कराने के लिए दिल्ली स्थित चीनी वीजा सेंटर गए। पूरी टीम को वीजा जारी कर दिया गया, लेकिन इन तीनों खिलाड़ियों का बायोमेट्रिक करने से इन्कार कर दिया गया। भारतीय वूशु संघ और एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) की ओर से चीनी दूतावास से गुहार लगाई गई है कि इन तीनों खिलाड़ियों का वीजा लगाया जाए।



## सिर्फ अरुणाचल के खिलाड़ियों का रोका वीजा

विश्व यूनिवर्सियाड खेल 28 जुलाई से 8 अगस्त तक चीन के शहर चेंगदू में खेले जा रहे हैं, जिसमें बड़ी संख्या में भारतीय दल शिरकत करने जा रहे है। दल को 26 अगस्त को चेंगदू रवाना होना है। सभी खिलाड़ियों के वीजा लग गए हैं, लेकिन अरुणाचल प्रदेश से संबंधित ओनिलू तेगा, मेपयांग लामगू और नेयमान वांगशू के वीजा रोक दिए गए हैं।

## एआईयू ने वीजा जारी करने की लगाई गुहार

वूशु टीम के मैनेजर डॉ. गुलाब सिंह और कोच राहुल चौधरी के मुताबिक जब इन तीनों अरुणाचल प्रदेश के खिलाडियों का बायोमेट्रिक की बारी आई तो चीनी वीजा सेंटर ने इससे इन्कार कर दिया। उनके कोई दस्तावेज भी नहीं लिए गए। उनसे कहा गया कि इन तीनों खिलाड़ियों के बारे में उन्हें चीनी दूतावास से मंजूरी लेनी होगी। एआईयू ने चीनी दूतावास को पत्र लिखकर गुहार लगाई है कि इन खिलाड़ियों का जल्द से जल्द वीजा जारी किया जाए।

## अरुणाचली खिलाड़ियों को पहले जारी हो चुका है नत्थी वीजा

चीन की ओर से अरुणचाल प्रदेश के खिलाड़ियों को वीजा जारी किए जाने के मामले में पहले भी परेशानी आई है। इससे पहले चीन कई अरुणचाल प्रदेश के खिलाड़ियों को नत्थी वीजा जारी करता रहा है। चीन के नत्थी वीजा को भारत सरकार मंजूरी नहीं देती है। 10 से 12 वर्ष पूर्व जूनियर एशियाई वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप खेलने के लिए भारतीय टीम चीन जा रही थी, जिसमें दो लिफ्टर अरुणाचल प्रदेश के थे, जिन्हें चीन ने नत्थी वीजा दिया था।

# पृथ्वी शॉ को दोस्तों से लगता है डर: बोले-टीम से बाहर रहने के बाद अकेले रहना है पसंद, बाहर जाना भी कर दिया है बंद

**मुंबई ।**
टीम इंडिया से 2 साल से बाहर चल रहे पृथ्वी शॉ ने कहा है कि टीम से बाहर होने के बाद वह अकेले रहना पसंद करते हैं। उन्हें अपने दोस्तों से भी डर लगता है। शॉ ने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच 25 जुलाई को 2021 में खेला था। शॉ ने क्रिकेट भारतीय टीम से बाहर रहने के बाद अपनी मेंटल सिचुएशन पर बात की और कहा कि उन्होंने अपने को घर में कैद कर लिया है। वह बाहर नहीं निकलते हैं और न ही दोस्तों से मिलते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि वह बाहर जाते हैं तो लोग उन्हें परेशान करते हैं। विवाद हो जाता है। वीडियो डालते हैं। इसलिए वह अकेले ही इंजॉय कर रहे हैं। वह बाहर डिनर भी अकेले ही जाते हैं और यहां तक हाल ही में फिल्म देखने के लिए भी अकेले गए थे।

## टीम से बाहर करने पर नहीं बताई गई थी वजह

शॉ ने कहा कि टीम से बाहर किए जाने की वजह नहीं बताई गई थी। मेरे बारे में कहा गया कि फिटनेस खराब है। मैंने नेशनल क्रिकेट अकादमी में जाकर फिटनेस टेस्ट पास की। अपनी बल्लेबाजी पर काम किया। घरेलू टूर्नामेंट में भी स्कोर किया। पर उसके बावजूद मेरी वापसी नहीं हो पा रही है।




## दलीप ट्रॉफी फाइनल में खेले थे 65 रन की पारी

शॉ ने हाल ही संपन्न दलीप ट्रॉफी के फाइनल में वेस्ट जोन के लिए साउथ जोन के खिलाफ पहली पारी में 65 रन की पारी खेली थी। हालांकि वह दूसरी पारी में 7 रन ही बना पाए थे।

## काउंटी चैंपियनशिप में पहली बार खेलेंगे शॉ

शॉ पहली बार काउंटी चैंपियनशिप में खेलेंगे। हाल ही में उन्होंने नॉर्थहैम्प्टनशर के साथ करार किया है। शॉ से पहले बिशन सिंह बेदी, सौरव गांगुली और अनिल कुंबले जैसे भारतीय दिग्गज नॉर्थहैम्प्टनशर के लिए खेल चुके हैं। शॉ नॉर्थहैम्प्टनशर के लिए चार दिवसीय मैचों के अलावा रॉयल लंदन वनडे में भी खेलेंगे।

## शॉ ने डेब्यू टेस्ट में लगाया था शतक

शॉ ने 5 टेस्ट मैच खेलें हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू मैच में शतक बनाया था। अब तक खेले 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में शॉ ने 42.37 की औसत से 339 रन बनाए हैं। वहीं 6 वनडे मैचों में 31.50 की एवरेज से 189 रन बनाए थे। वह टीम इंडिया के लिए एक टी-20 मैच भी खेल चुके हैं।

शॉ का विवादों से नाता रहा है। इसी साल के फरवरी में मुंबई के एक होटल में खाना खाने के दौरान भोजपुरी एक्सट्रेस सपना गिल के साथ सेल्फी लेने को लेकर विवाद हो गया था। शॉ ने सपना गिल के खिलाफ मामला दर्ज कराया क्या था कि जब वह होटल में अपने दोस्तों के साथ खाना खा रहे थे, तभी सपना गिल और उनके साथियों ने सेल्फी लेने की कोशिश की।

2026 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स पर संशय

# बजट बढ़ने की वजह से विक्टोरिया राज्य ने मेजबानी करने से किया इनकार

**मेलबर्न ।**
2026 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। विक्टोरिया सरकार ने बजट बढ़ने की वजह से इसकी मेजबानी से इनकार कर दिया है। कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन ने विक्टोरिया को 2026 में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी पिछले साल अप्रैल में सौंपी थी। 16 खेलों का आयोजन मेलबर्न, जीलोंग, बेंडिगो, बेलार्ट और जिप्सलैंड में होना है। विक्टोरिया सरकार ने कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन को मंगलवार को जानकारी दी है कि इसके आयोजन का बजट दोगुना से ज्यादा बढ़ गया है। इसकी वजह से वह 2026 में कॉमनवेल्थ गेम्स के आयोजन करने में सक्षम नहीं है। विक्टोरिया प्रीमियर डेनियल एंड्रयूज ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमें पिछले साल कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन ने 2026 में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए संपर्क किया था और हमें इसकी मेजबानी सौंपी थी। जब हमें इसकी मेजबानी सौंपी गई थी तब मेलबर्न, जीलोंग, बेंडिगो, बेलार्ट और जिप्सलैंड में तैयारी के लिए अनुमानित खर्च 14,767 करोड़ रुपए (दो बिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर) था, लेकिन तैयारी में लगने वाले समानों के दाम बढ़ जाने की वजह अब खर्च बढ़कर 33,557 करोड़ रुपए (7 बिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर) हो गया है। यह इसके आयोजन से होने वाले लाभ से कहीं ज्यादा है। इसलिए सरकार ने 2026 में कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन करने से मना कर दिया है। सरकार ने कॉमनवेल्थ फेडरेशन को अपने फैसले से अवगत करा दिया है। उधर कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन ने जारी बयान में कहा कि विक्टोरिया सरकार के फैसले से हम निराश हैं। सरकार ने ऐसा फैसला लेने से पहले फेडरेशन को जानकारी नहीं दी। जून में जब बैठक हुई थी, तब सरकार की ओर से हमें 14,767 करोड़ रुपए का बजट गया था। अब बजट दो गुणा से ज्यादा बताया जा रहा है। हम खिलाड़ियों के हितों को ध्यान में रखते हुए अपने पास उपलब्ध विकल्पों की तलाश कर रहे हैं। जल्द ही इसका समाधान निकाल लिया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया पांच बार कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी कर चुका है। साल 2006 में विक्टोरिया के मेलबर्न में इसका आयोजन किया गया था। इसके अलावा 1938 में सिडनी, 1962 में पर्थ, 1982 में ब्रिस्बेन और 2018 में गोल्ड कोस्ट में कॉमनवेल्थ गेम्स हो चुके हैं।



### श्रीलंकाई गेंदबाज प्रबात के सामने बेबस नजर आते हैं आजम

**गाले ।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम एक बार फिर श्रीलंकाई टीम के गेंदबाज प्रबात जयसूर्या का सामना करने में असफल रहे हैं। बाबर पहले टेस्ट में केवल 13 रन बनाकर प्रबात का शिकार बने हैं। अब तक टेस्ट क्रिकेट में 5 पारियों में आजम का प्रबात से आमना हुआ है। जिसमें वह चार बार आउट हुए हैं। श्रीलंकाई टीम के पहली पारी में 312 रन बनाने के कारण पाक कप्तान आजम से उम्मीद थी कि वह बड़ी पारी खेलकर अपनी टीम को बेहतर स्कोर बनाने में सहायता करेंगे पर ऐसा नहीं हो पाया। आजम का इस गेंदबाज के खिलाफ पहले भी प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। पिछली 5 पारियों में उन्होंने 143 रन बनाने के दौरान 15 चौके और 3 छक्के लगाये हैं। उनका औसत 35.75 का है। जब भी प्रबात गेंदबाजी करते हैं बाबर बेबस नजर आते हैं।

## बालों के हिसाब से चुनें शैंपू ...



**आजकल** बाजार में कई प्रकार के शैंपू और कंडीशनर उपलब्ध हैं तो, ऐसे में सवाल यह उठता है कि आप अपने बालों के हिसाब से कौन सा शैंपू चुनेंगी जो बालों को सूट करे। कभी भी विज्ञापन देख कर शैंपू और कंडीशनर नहीं खरीदना चाहिए। हमेशा देख लें कि जो शैंपू आप खरीदने जा रही हैं, उसमें क्या-क्या सामग्री मिली हुई है। अगर आपके बाल कर्ली हें तो आपको क्रीमी और नमी प्रदान करने वाला शैंपू प्रयोग करना चाहिए। इसमें शिया बटर, जर्म ऑयल और नट ऑयल मिला होना चाहिए। इसके अलावा आपको अल्ट्रा कंडीशनिंग मॉइस्चराइजर लगाना चाहिए। अगर आपके बाल ऑयली है तो आपको क्रीमी शैंपू और कंडीशनर नहीं लगाना चाहिए। ऐसा प्रोडक्ट चुनें जिसमें पेन्थिनॉल मिला हो। यह ऐसा तत्व है जो बालों की मोटाई बढाता है। स्प्रे कंडीशनर का प्रयोग कीजिए जो कि बालों सिर की त्वचा तक नहीं जाता है और केवल बालों तक ही सीमित रहता है। टूटे और रूखे बालों के लिए क्रीमी शैंपू सही होता है। इसके साथ ही रोजाना कंडीशनिंग की भी जरुरत होती है। ऑयली एंड ड्राय बालों में जड़े तो ऑयली रहती हैं लेकिन बालों का आखिरी छोर रूखा रहता है। तो, ऐसे में आपको रोजाना साधारण शैंपू का प्रयोग कर के बाल धोने चाहिए। कंडीशनर का प्रयोग कीजिए लेकिन उसे बालों की जड़ों पर मत लगाइए वरना वह ऑयली हो जाएंगे। सिलीकॉन मिला हुआ कंडीशनर ना प्रयोग करें वरना यह कलर किए हुए बालों को खराब कर सकता है।

## देर तक ऐसे टिकाएं लिपस्टिक...



**मेकअप** में सबसे महत्वपूर्ण स्थान रखने वाली लिपस्टिक ज्यादातर महिलाओं की प्रिय होती है। पर समस्या यह आती है कि लिपस्टिक होठों पर ज्यादा देर तक टिकी नहीं रहती। लिपस्टिक का शेड स्किन टोन से बिल्कुल मैच करते हुए होना चाहिए, तभी वह आपके होठों पर भाएगी। यदि आपको होठों पर लिपस्टिक ज्यादा समय के लिए टिका कर रखना है तो उसे होठों पर लगाने से पहले प्रिटोलियम जैली लगा लें। इस तरह से वह ज्यादा देर तक होठों पर टिकी रहेगी। यदि आप चाहती हैं कि आपकी लिपस्टिक ज्यादा देर के लिए टिकी रहे तो, लगाने के एक रात पहले उसे फ्रिज में रख दें। एक्सपर्ट का मानना है कि ऐसा करने से लिपस्टिक लंबे समय तक होठों पर टिकी रहती है। सही तरह का बेस लगाने के लिए आपको होठ पर हल्का सा पाउडर लगाना चाहिए। पाउडर लगे होठ पर लिपस्टिक लगाएं। ऐसा करने के बाद यदि आप एक कप कॉफी भी पीती हैं तो भी आपकी लिपस्टिक नहीं छूटेगी। मोटे होठों पर डार्क कलर की लिपस्टिक बहुत अच्छी दिखती है और इससे होठ ज्यादा सुंदर और गुलाबी दिखाई देते हैं। अगर आपको होठों पर उभार दिखाने हैं तो उसके किनारे पतली लिप लाइनर लगा कर उसे होठों पर लिपस्टिक के साथ भर लें। बुजुर्ग महिलाओं को लिपस्टिक लगानी है तो वे बोल्ड और डार्क लिपस्टिक न लगाएं। लिपस्टिक के दो शेड्स को कभी नहीं मिला कर लगाना चाहिए।

> आंख हमारे शरीर का वह हिस्सा है, जो सच्ची फिलिंग को व्यक्त करता है। अगर आप इसे और आकर्षक बनाना चाहती हैं तो इनका अच्छे से मेकअप करना होगा। हर किसी की आंखों का आकार एक समान नहीं होता। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि हम अपनी आंखों के आकार के अनुसार ही मेकअप करें।



# ऐसे करें आंखों का मेकअप...

**आंखे** मानव शरीर के सबसे अहम हिस्सों में से एक है। इसके बिना इस सुंदर दुनिया की सिर्फ हम कल्पना कर सकते। आपकी आंखों का मेकअप हिट भी हो सकता है और फ्लॉप भी। यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप मेकअप कैसे करती हैं और किससे कराती हैं। आप सावधानी से मेकअप करके अपनी आंखों को जीवंत बना सकती हैं। चमकदार आंखें हर जगह चर्चा में रहती हैं और ध्यान भी आकर्षित करती हैं। जब भी आप किसी मेकअप का चुनाव करें तो थोड़ी सावधान रहें। यह जरूर देख लें कि आपका मेकअप आपके आउटफिट से मेल खाता हो। आप चाहे परंपरागत आउटफिट को पसंद करती हों या फिर मॉडर्न आउटफिट को, पर आंखों का मेकअप ही आपको भीड़ से अलग दिखाएगा। यह भी सच है कि हर किसी की आंखों का आकार एक समान नहीं होता। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि हम अपनी आंखों के आकार के अनुसार ही मेकअप करें। अगर आपकी आंखों का आकार छोटा है तो आंखों का मेकअप इस प्रकार करें कि आपकी आंखें बड़ी लगें। गोल आंखों के लिए डार्क आईशैडो परफेक्ट होते हैं। क्लोज सेट आईज आपस में लगभग सटी हुई लगती हैं। ऐसी आंखों के लिए इनर कॉर्नर पर लाइट आईशैडो और आउटर कार्नर पर इंटेल कलर अप्लाई करें।

### उभरी आंखें



उभरी आंखें यानी कॉन्वेक्स आईज वैसी आंखें होती है जो बाहर की तरफ निकली हुई होती हैं। इसलिए इन्हें बल्जिंग या प्रोट्रूडिंग आईज भी कहते हैं। इन आंखों को मीडियम कलर से गहरे रंग तक के आई शैडो से पलकों पर शेड दें। इन पर कभी भी फ्रॉस्टेड शेड्स या हाईलाइटर न इस्तेमाल करें। इससे आंखें और ज्यादा उभरी नजर आएंगी और आपकी खूबसूरती बिगाड़ सकती है। आंखों के निचले किनारों पर काजल पेंसिल लगाएं। ऊपरी आईलैशेज पर मसकारा के एक-दो हलके कोट्स लगाए जा सकते हैं।

### गहरी आंखें



डीप सेट यानी गहरी आंखें भीतर धंसी हुई दिखती हैं। इनमें ब्रो बोन यानी आंखों और भौंहों के बीच की हड्डी का उभार भी कम होता है। इन पर ऐसा मेकअप किया जाना चाहिए जिससे आंखें उभरी दिखें। पलकों पर हलका दबा हुआ पिंक या बेज शैडो लगाना अच्छा रहेगा। आंखों की ऊपरी रेखा यानी क्रीज की तरफ उसे हलका करें। मीडियम-टोंड आई शैडो का इस्तेमाल करें और ब्रो बोन से शुरू करके ब्रो के किनारों तक लगाएं। आंखों के ऊपरी हिस्से में बनी लाइन को स्मोकी-कलर शैडो से गहरा करें। यह पूरे मेकअप से मैच करने वाला हो। और आखिर में काली या भूरी पेंसिल से काजल लगाएं।



### क्लोज-सेट आईज

क्लोज-सेट आईज में दोनों आंखों के बीच की दूरी कम दिखाई पड़ती है। यानी नाक से इनकी दूरी जरा कम होती है। इन आंखों के मेकअप के लिए पलकों के भीतरी हिस्से पर हलका और बीच के हिस्से पर मीडियम शेड लगाएं। ऊपरी पलकों के बाहरी किनारों पर एक लाइन सी खींचें। अब ब्रो बोन के बाहरी यानी कान की ओर वाले हिस्से पर गहरा शैडो लगाकर उसे अच्छी तरह एकसार करें। आंखों में ब्लैक काजल लगा सकती हैं। अगर आप मसकारा लगाना चाहती हैं तो भीतरी लैशेज पर हलके रंग का और बाहरी तरफ थोड़ा गहरे रंग को इस्तेमाल में लाएं। बाहरी तरफ उसे थोड़ा उभारने की कोशिश करें और भौंहों की ओर थोड़ा कम उभारें।





### एशियन आईज

नाक की तरफ भीतरी किनारों की ओर थोड़ी झुकी हुई आंखों को एशियन आईज कहते हैं। इनमें शैडो का प्रयोग करते समय लेयरिंग इफेक्ट देने के लिए तीन रंगों का प्रयोग करें। आई लैशेज के पास हलका शैडो लगाएं, पलकों पर मीडियम कलर और ब्रो बोंस पर बेहद हलके रंग का प्रयोग करें। आंखों के किनारे लाइन या ऊपरी तरफ क्रीज बनाने से बचें। आई लाइनर का प्रयोग केवल आंखों के ऊपरी हिस्से पर करना बेहतर रहेगा।

### वाइड सेट आईज

क्लोज-सेट आई की तुलना में वाइड सेट आईज की दूरी नाक से थोड़ी ज्यादा होती है। इसलिए ऐसे मेकअप की जरूरत होती है जो आंखों को बैलेंस दिखाए। आंखों और नाक के बीच वाले हिस्से पर छोटे ब्लशर ब्रश से अपने स्किन टोन से थोड़ा गहरे टोन पाउडर लगाएं। नाक की तरफ ब्रश करते हुए पाउडर को एकसार करें। ब्रो की बाहरी रेखा पर न्यूट्रल-टोंड हाईलाइटर का इस्तेमाल करें। क्रीज लाइन यानी आंखों के ऊपरी हिस्से पर पडने वाली रेखा पर शेड दें और आंख के भीतरी किनारे यानी नाक की तरफ वाले हिस्से को उभारें। आंख के बाहरी किनारे पर हलके मैट शैडो से ब्रश करके आई मेकअप को पूर्णता दें। मसकारा लगाते समय लैशेज सीधी रखें। उसके बाहरी हिस्से पर दाहिनी तरफ ज्यादा मसकारा लगाएं।

### उनींदी आंखें



उनींदी आंखों यानी हूडेड आईज में आईलैशेज बहुत कम होते हैं, वैसी आंखें उनींदी सी लगने लगती हैं। इस तरह की आंखों को ऐसा मेकअप करने की जरूरत होती है जिनसे ये थोड़ी सजग दिखाई दें। सोई-सोई सी या नशीली सी न दिखें। पलकों के भीतरी आधे हिस्से पर मैट या न्यूट्रल कलर का आई शैडो लगाएं। उसके आसपास के हिस्से पर थोडा गहरा रंग लगाएं, लेकिन इसे बाहरी हिस्से में न लगाएं। गहरे रंग के इस्तेमाल से परहेज करें। इससे आपकी पलकें भारी लगने लगेंगी। आंखों के ऊपरी और निचले किनारों पर भी गहरे रंगों का इस्तेमाल न करें। ऊपरी लैशेज को थोड़ा कर्ल करें और मसकारा के एक-दो कोट्स ही लगाएं। ब्रो बोन पर मीडियम शेड्स का इस्तेमाल करें। यहां न तो बहुत चटख और चमकीले रंगों का प्रयोग करें और न ही बहुत हलके रंगों का।

### आमंड शेप्ड आईज



आमंड शेप्ड आईज को सर्वोत्तम माना जाता है। इन्हें कई तरह से सजाया जा सकता है। जैसे बारीक आई लाइनर, कृत्रिम आई लैशेज, ब्राइट कलर्स। सबसे पहले ब्रो बोन में स्किन टोन के मुताबिक हलके रंग का शैडो प्रयोग में लाएं। आई लिड (पलकों) से कुछ शेड गहरा रंग चुनें। आंख के निचले किनारों पर ब्लैक या ब्राउन काजल पेंसिल से रेखा बनाएं। आंखों के बाहरी किनारों की तरफ उभारने की कोशिश करें। अगर आपकी आंखें नीली हैं तो ब्लू पेंसिल का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

### राउंड आईज



राउंड आईज यानी गोल आंखों के लिए गहरे रंग का शैडो चुनें। नाक की ओर से शुरू करके ब्रो के बाहरी तरफ ऊपर ले जाते हुए शैडो को अच्छी तरह एकसार करें। निचली पलक पर हलके टोंड शैडो या पेंसिल का प्रयोग करें और इसे ऊपर की ओर बाहरी हिस्से तक ले जाएं। ब्रो लाइन के पास म्यूटेड हाईलाइटर लगाएं।

### छोटी आंखें



आंखें यदि छोटी हैं तो इन्हें बड़ा दिखाने के लिए पलकों के बाहरी किनारे पर ऊपर की तरफ हलके रंग का पाउडर शैडो छोटे ब्लशर की मदद से लगाएं। क्रीज के पास गहरा शैडो प्रयोग करें। लेकिन नाक की तरफ आंखों के भीतरी हिस्से पर कोई रंग न प्रयोग करें, क्योंकि इससे आंखें और छोटी दिखने लगेंगी। किनारों पर शैडो लगाने के लिए ब्रश का प्रयोग करें। इसके बाद आंख के निचले हिस्से पर हलकी ग्रे कलर की काजल पेंसिल से रेखा बनाएं।

### निस्तेज आंखें



निस्तेज आंखों के लिए आई मेकअप आंखों के भीतरी हिस्से से शुरू करें। ऊपरी और बाहरी तरफ मीडियम टोंड शैडो ब्रश की मदद से लगाएं। इसे ब्रो लाइन के ठीक पास तक लाकर छोड़ दें। पलकों की बाहरी रेखा पर किसी भी रंग का प्रयोग न करें। लेकिन आंख की ऊपरी क्रीज लाइन को थोड़ा उभारने की कोशिश करें, मीडियम ब्राउन आई शैडो से रेखा बनाएं, फिर अपनी पलकों को थोडा कर्ल करें। मसकारा के कुछ कोट्स भी इसमें मदद करेंगे।

# चावल के पानी से चेहरा धोने के फायदे

**उबले** चावल के पानी यानी मांड के स्वास्थ्य लाभों के बारे में शायद आप जानती होंगी। लेकिन क्या आप जानती हैं कि यह पानी सेहत के लिए जितना फायदेमंद है, त्वचा के लिए उतना ही गुणकारी। जीं हां चावल आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा सकता है। त्वचा की देखभाल के लिए घरेलू उपायों का प्रयोग करने वालों को पके चावल के पानी से बहुत फायदा हो सकता है। चावल के पानी का इस्तेमाल त्वचा की देखभाल के लिए भी किया जा सकता है। सप्ताह में एक बार इस घरेलू उपाय का इस्तेमाल करने से सौंदर्य से जुड़ी कई समस्याओं का निदान आसानी से हो जाता है।



### त्वचा के लिए चावल का पानी

चावल के पानी में मौजूद प्रोटीन, विटामिन और एंटी-ऑक्सीडेंट की पर्याप्त मात्रा के कारण यह त्वचा में नमी बरकरार रहती है। इसके इस्तेमाल से त्वचा की रंगत निखरती है। चेहरे के दाग-धब्बे और झुर्रियां दूर होती हैं। इसके अलावा माड़ से त्वचा में कसावट आती है और पोर्स टाइट होते हैं। इन खूबियों के चलते यह पानी एक अच्छा क्लींजर भी है।

### इस्तेमाल का तरीका

- एक कप चावल को अच्छी तरह से साफ करके पानी में भिगो दें।
- आधे घंटे के बाद जब चावल में मौजूद पोषक तत्व पानी में घुल जाए तो बर्तन को गैस में रख दें और चावल को पकने दें।
- चावल पकने के बाद उसका माड़ निकाल लें और इसे ठंडा होने के लिए छोड़ दें।
- फिर इस पानी से अपने चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करें।
- मसाज करने के 10 मिनट बाद चावल के पानी से ही अपना चेहरा धोकर सूखे कपड़े से चेहरा पोंछ लें।
- आपको तुरंत अपनी त्वचा में बदलाव नजर आने लगेगा।

### बालों के लिए फायदेमंद

त्वचा के साथ-साथ बालों के लिए भी चावल का पानी बहुत फायदेमंद होता है। अगर आप पतले और बेजान बालों की समस्या से परेशान है तो चावलों के पानी से बालों को धोएं। चावल के पानी से बालों को धोने से बाल घने होने के साथ-साथ बालों में चमक भी बनी रहती है। चावल के पानी को अपने बालों में लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर शैम्पू और कंडीशनर से धो लें। आप महंगे ट्रीटमेंट के बिना पा सकते हैं, सुंदर और चमकीले बाल। लेकिन इस उपाय को अपनाने से पहले चिकित्सक से सलाह जरूर लें।

> अगर आपको बारिश में भीगने का मनकर रहा है तो घबराने की जरूरत नहीं है। बरसात में वाटरप्रूफ मेकअप करना चाहिए। वाटरप्रूफ मेकअप की सब से खास बात यह होती है कि बारिश का पानी भी इस का कुछ बिगाड़ नहीं पाता है। रेन डांस और स्विमिंग पूल में मजा लेते वक्त भी वाटरप्रूफ मेकअप का कमाल दिखता है। पसीना आने पर मेकअप त्वचा के रोमछिद्रों में घुल कर अंदर चला जाता है, जिस से मेकअप बदरंग दिखाई देने लगता है। मेकअप रोमछिद्रों के जरिए शरीर के अंदर न जाए, वाटरप्रूफ मेकअप में यही किया जाता है। त्वचा के रोमछिद्रों को बंद कर के किया गया मेकअप ही वाटरप्रूफ मेकअप कहलाता है।




### वाटरप्रूफ मेकअप प्रोडक्ट्स

वाटरप्रूफ मेकअप की बढ़ती मांग को देखते हुए मेकअप प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनियों ने वाटरप्रूफ मेकअप प्रोडक्ट्स बनाने शुरू कर दिए हैं। इन प्रोडक्ट्स के अंदर ऐसे तत्व डाल दिए जाते हैं, जो मेकअप करने के दौरान त्वचा के रोमछिद्रों को बंद कर देते हैं। इस से मेकअप त्वचा के अंदर नहीं जा पाता और पसीना या पानी उसे बहा नहीं पाता है। वाटरप्रूफ मेकअप की सब से खास बात यह होती है कि यह चाय, काफी आदि पीने से भी खराब नहीं होता है। इस तरह के मेकअप प्रोडक्ट्स से मेकअप करते समय त्वचा को वाटरप्रूफ करने की जरुरत नहीं रहती है। वाटरप्रूफ मेकअप प्रोडक्ट्स में क्रीम, लिपस्टिक, फेस बेस, रूज, मस्कारा और काजल जैसी ढेर सारी चीजें अब बाजार में मिलने लगी हैं।

### जरा सावधान रहें

वाटरप्रूफ मेकअप प्रोडक्ट्स सिलिकोन का प्रयोग कर के बनाए जाते हैं। इन में प्रयोग होने वाला डाइनोथिकोन आयल त्वचा को चमकदार बनाता है। यह वाटरप्रूफ मेकअप को आसानी से फैलने में मदद करता है, लेकिन वाटरप्रूफ के जहां तमाम फायदे हैं, वहीं इस के साथ कुछ खराबियां भी हैं, जिन्हें जान लेना जरूरी होता है। वाटरप्रूफ मेकअप को हटाने के लिए पानी का प्रयोग ही काफी नहीं होता है। इस को हटाने के लिए बेबी आयल या फिर सिलिकोन आयल का प्रयोग करना होता है। वाटरप्रूफ मेकअप का प्रयोग त्वचा पर खराब प्रभाव डालता है। इस से त्वचा को नुकसान पहुंचता है। त्वचा पर इन्फैक्शन हो जाता है। ज्यादा प्रयोग करने से समय से पहले त्वचा पर झुर्रियां भी पड़ने लगती हैं। वाटरप्रूफ मेकअप का प्रयोग खास अवसरों पर ही करें, रोज इस का प्रयोग न करें।

### डेली मेकअप

बारिश के दिनों में फाउंडेशन का इस्तेमाल करना सुरक्षित नहीं होता है। कॉम्पैक्ट पाउडर के जरीए मैट लुक सब से बेहतर विकल्प है। फाउंडेशन की जगह फेस पाउडर का इस्तेमाल करें। कॉम्पैक्ट के साथ हलका मेकअप करें। इस से पूरा फेस भी कवर हो जाएगा और वह तैलीय भी नहीं दिखेगा। लाइलैक ब्लौसम और प्रीसियस पिंक कलर के परिधान के साथ सौफ्ट पिंक और डीप रास्पबैरी लिपस्टिक बेहतर रहेगी। काजल के इस्तेमाल से आंखों को खूबसूरत बनाएं। लाइलैक ब्लौसम और प्रीसियस पिंक कलर के परिधान के साथ सौफ्ट पिंक और डीप रास्पबैरी लिपस्टिक बेहतर रहती है। अपनी आंखों को ऐटिटयूड काजल से हाईलाइट करें।

### पार्टी मेकअप

मानसून सीजन के दौरान चेहरे को ब्लशर के हलके प्रयोग से निखारें। अगर आप भीग जाती हैं तो चेहरे को टिशू पेपर से सुखा लें। टिशू पेपर को पूरे चेहरे पर न मलें। गालों पर ब्लशर को बाहर की तरफ ब्लैंड करें। हलके रंगों का ज्यादा इस्तेमाल करें। क्रीम की जगह पाउडर्ड आईशैडो का प्रयोग करें। यह चेहरे पर आईशैडो को फैलने से रोकेगा। अगर आप मसकारे का इस्तेमाल करना चाहती हैं, तो वाटर रैसिस्टैंस मसकारे का इस्तेमाल करें ताकि भारी बारिश में भी वह सुरक्षित रहे। मानसून के दौरान लिक्विड आईलाइनर की जगह पैंसिल आईलाइनर का इस्तेमाल करें।

### बालों का रखें ख्याल

मौसम में नमी के कारण पसीना ज्यादा बहता है जिस वजह से स्कैल्प तैलीय हो जाती है और बाल चिपचिपे हो जाते हैं। लगातार मौसम में नमी और शरीर से पसीना आने की वजह से सिर बिल्कुल चिपचिपी हो जाती है जिस वजह से सिर की त्वचा पर जीवाणु और फंगस अपना घर बना लेते हैं। पर्यावरण प्रदूषण भी हवा के द्वारा सिर और बालों पर चिपक जाते हैं जो कि पहले से ही चिकनापन लिए होते हैं।

### हेयर केयर के लिए टिप्स

अपनी सिर को बिल्कुल सूखा रखने की कोशिश करें। मानसून में अपने बालों को हर रोज शैंपू करें क्योंकि इस समय पसीना ज्यादा बहता है। माइल्ड शैंपू का प्रयोग सही रहेगा। बालों के हिसाब से कंडीशनर चूज करें। ऑयली बालों के लिए लाइट कंडीशनर और सूखे बालों के लिए जरा सा स्ट्रांग कंडीशनर अच्छा होता है। अपने आप को हाइड्रेट रखने के लिए खूब सारा पानी पिएं और फलों का जूस। इस समय बालों का झड़ना आम बात है, तो ऐसे में बिल्कुल भी ना घबराएं।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**